ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, पौष कृष्णपक्ष षष्ठी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये


सुविचार : अंधेरा वहां नहीं है जहां तन गरीब है, अंधेरा वहां है जहां मन गरीब है।



आयुषी के चार विकेट, भारत अंडर 19 महिला टी20 एशिया कप फाइनल में –पृष्ठ 6


RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


# तोपसिया में भीषण आग, 150 से अधिक झोपड़ियां जलकर खाक

## अग्निशमन मंत्री ने घटनास्थल का लिया जायजा

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के तोपसिया इलाके में शुक्रवार की सुबह भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा–तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग की आठ गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू कर दी। साथ ही, प्रगति मैदान थाने की पुलिस भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति संभालने में जुट गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग तोपसिया के एक बस्ती इलाके में लगी। देखते ही देखते आग ने कई झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के लोग तुरंत अपने घरों से बाहर निकल आए। बस्ती के लोग अपनी जान बचाने के लिए भागते नजर आए। दमकल कर्मियों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। आग लगने के कारणों का अब तक पता



नहीं चल सका है, लेकिन शुरुआती अनुमान है कि यह घटना गैस सिलेंडर फटने या शॉर्ट सर्किट की वजह से हुई हो सकती है। हालांकि, अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। घटना के चलते इलाके में ट्रैफिक प्रभावित हुआ है और आसपास के निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है। प्रशासन ने स्थिति पर नजर बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है। दमकल विभाग ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, लेकिन बस्ती का घना इलाका होने के कारण आग बुझाने में कठिनाई हो रही है।अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन बस्ती में रहने वाले कई परिवारों के घर जलकर खाक हो गए हैं।

## ममता ने 'आंबेडकर के अपमान' पर भाजपा के खिलाफ सोमवार को किया प्रदर्शन का आह्वान

- ब्लॉक स्तर पर जुलूस कार्यक्रम की घोषणा

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा के खिलाफ 23 दिसंबर को राज्यव्यापी प्रदर्शन का शुक्रवार को आह्वान किया और पार्टी पर संविधान निर्माता डॉ बी आर आंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाया। इस दिन, सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक बयान में, ममता ने आरोप लगाया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में आंबेडकर और संविधान मसौदा समिति के अन्य सदस्यों के बारे में 'अपमानजनक टिप्पणी' की थी। ममता ने इस टिप्पणी को भारत के लोकतंत्र का अपमान और संविधान द्वारा निर्धारित मूल्यों पर



हमला बताया। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान निर्माता बाबासाहेब आंबेडकर का अपमान अस्वीकार्य है। इस जातिवादी भाजपा सरकार ने बार–बार हमारे लोकतंत्र पर हमला किया है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा की हरकतें उसके दलित विरोधी एजेंडे को उजागर कर रही हैं। शाह की टिप्पणी को 'संविधान की बुनियाद' पर हमला और दलित एवं आदिवासी समुदायों के साथ विश्वासघात करार देते हुए तृणमूल अध्यक्ष ने पूरे पश्चिम बंगाल के लोगों से विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि बाबासाहेब आंबेडकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी और हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के अपमान के विरोध में 23 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से तीन बजे तक राज्य के हर ब्लॉक और नगर पालिका के साथ–साथ कोलकाता के हर वार्ड में रैलियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने लोगों से लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए एकजुट होने और भाजपा के अत्याचार और षड्यंत्रों का विरोध करने का आग्रह किया।

## पांच दिनों में निवेशकों के 18.43 लाख करोड़ रुपये से अधिक डूबे

**नयी दिल्ली :** शेयर बाजार में लगातार पांच दिनों से जारी गिरावट के बीच इक्विटी निवेशकों के 18.43 लाख करोड़ रुपये से अधिक डूब गए हैं। विदेशी कोषों की निरंतर निकासी और कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच पांच दिन में बीएसई बेंचमार्क सेंसेक्स 4,091.53 अंक यानी 4.98 प्रतिशत टूट गया है। गिरावट के इन पांच दिनों में बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 18,43,121.27 करोड़ रुपये घटकर 4,40,99,217.32 करोड़ रुपये (5,180 अरब डॉलर) रह गया। शुक्रवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,176.46 अंक टूटकर 78,041.59 पर बंद हुआ। बीएसई मिडकैप सूचकांक में भी 2.43 प्रतिशत तथा स्मॉलकैप सूचकांक में 2.11 प्रतिशत की गिरावट आई।

## एसएसबी ने सीमाओं की सुरक्षा और नक्सलवाद से लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है: शाह

**सिलीगुड़ी (प. बंगाल) :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नेपाल एवं भूटान जैसे मित्र देशों से लगीं देश की सीमाओं की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने और बिहार एवं झारखंड में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में योगदान के लिए शुक्रवार को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की सराहना की। शाह ने पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में एसएसबी के 61वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा, ''सशस्त्र सीमा बल ने नेपाल और भूटान जैसे मित्र देशों से लगीं हमारी सीमाओं को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसकी सतर्कता और उपस्थिति ने सिलीगुड़ी कॉरिडोर और पूर्वी क्षेत्र में सुरक्षा की भावना सुनिश्चित की है।'' वामपंथी उग्रवाद से निपटने में एसएसबी के प्रयासों का उल्लेख करते हुए गृहमंत्री ने कहा,



''एसएसबी ने बिहार और झारखंड में नक्सलवाद को खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अन्य सुरक्षा एजेंसियों और स्थानीय पुलिस के साथ उनके सक्रिय सहयोग ने छत्तीसगढ़ में नक्सलवादी गतिविधियों को काफी हद तक कमजोर कर दिया है।'' इस अवसर पर शाह ने बल से सीमा पर आवाजाही के दौरान राष्ट्र विरोधी तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, ''एसएसबी का 61वां स्थापना दिवस राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति हमारे समर्पण की पुष्टि करने का दिन है। एसएसबी के जवानों ने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए शानदार काम किया है।'' शाह ने सांस्कृतिक एकीकरण को बढ़ावा देने में एसएसबी की अनूठी पहल की भी सराहना की। उन्होंने कहा, एसएसबी ने भारत के सीमावर्ती गांवों की संस्कृति, भाषा और विरासत को देश की मुख्यधारा से जोड़कर एक सराहनीय काम किया है। यह पहल देश और सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों के बीच संबंधों को मजबूत बनाती है।''

## जयपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर एलपीजी टैंकर सहित कई वाहन जले, 11 लोगों की मौत

**जयपुर :** राजस्थान के जयपुर में शुक्रवार तड़के एक ट्रक ने एलपीजी टैंकर को टक्कर मार दी, जिससे लगी आग ने 35 से अधिक वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। अधिकारियों ने बताया कि इस दुर्घटना में 11 लोगों की मौत हो गई और लगभग 35 अन्य लोग झुलस गए। सवाई मानसिंह (एसएमएस) मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी ने बताया कि हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें से दस की मौत एसएमएस अस्पताल में और एक की मौत अन्य अस्पताल में हुई। उन्होंने बताया कि हादसे में झुलसे व घायल लगभग 35 लोग अभी भर्ती हैं, जिनमें से कुछ वेंटिलेटर पर हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर शोक जताया। मोदी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से फोन पर बात कर हादसे की जानकारी ली और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री ने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के



परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो–दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हादसे के बारे में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बात कर जानकारी ली। मुख्यमंत्री शर्मा, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा तथा गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम घटनास्थल पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि घटना की विस्तृत जांच करवाई जाएगी और घायलों के इलाज की व्यवस्था की गई है। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को पांच–पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। अधिकारियों ने बताया कि हादसा तड़के करीब पौने छह बजे हुआ। शुरुआती जानकारी के अनुसार, जयपुर–अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भांकरोटा के पास एलपीजी टैंकर को एक ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसके बाद आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और वहां से गुजर रही एक बस सहित अनेक ट्रक, कार आगी की चपेट में आ गए।

## देश चिकित्सकों की कमी का सामना कर रहा, मेडिकल सीटें बर्बाद नहीं होनी चाहिए : उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि ऐसे समय में जब देश डॉक्टरों की भारी कमी से जूझ रहा है, ''कीमती'' मेडिकल सीटें बर्बाद नहीं होनी चाहिए। न्यायालय ने प्राधिकारियों को निर्देश दिया कि वे रिक्त सीटों को भरने के लिए नये सिरे से काउंसलिंग आयोजित करें। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने दाखिल देने वाले प्राधिकारियों को विशेष काउंसलिंग आयोजित करने और 30 दिसंबर तक मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने को कहा। पीठ ने आदेश दिया, ''विशिष्ट तथ्यों और परिस्थितियों तथा इस बात पर ध्यान रखते हुए कि देश डॉक्टरों की भारी कमी से जूझ रहा है, बहुमूल्य मेडिकल सीटें व्यर्थ नहीं जानी चाहिए, हम अंतिम अवसर के रूप में अवधि बढ़ाने के लिए इच्छुक हैं।'' शीर्ष अदालत ने यह आदेश उन याचिकाओं पर विचार करते हुए दिया, जिनमें दाखिला देने



वाले प्राधिकारियों को पांच दौर की काउंसलिंग के बाद भी खाली बची सीटों के लिए काउंसलिंग का एक विशेष दौर आयोजित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

## रक्षा मंत्रालय ने वज्र तोपों की खरीद के लिए एलएंडटी के साथ 7,628 करोड़ रुपये का करार किया

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के लिए 7,628 करोड़ रुपये की लागत से के9 वज्र तोपों की खरीद के लिए लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के साथ शुक्रवार को एक करार पर मुहर लगाई, जिससे बल की मारक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है। अत्याधुनिक तकनीक से लैस यह तोप उच्च सटीकता के साथ लंबी दूरी के लक्ष्यों को निशाना बनाने में सक्षम है। बताया जा रहा है कि मंत्रालय चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तैनाती के लिए लगभग 100 वज्र तोपें खरीद रहा है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, रक्षा मंत्रालय ने 7,628.70 करोड़ रुपये की कुल लागत से भारतीय सेना के लिए 155 मिमी/52 कैलिबर 'के9 वज्र–टी सेल्फ–प्रोपेल्ड ट्रैक्ड आर्टिलरी तोप' की खरीद के लिए लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के साथ एक करार पर दस्तखत किए हैं।

## राजनीतिक गतिरोध के बीच संसद का शीतकालीन सत्र समाप्त

**नयी दिल्ली :** संसद का शीतकालीन सत्र शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया, जिसमें देश के संविधान की यात्रा पर विस्तृत चर्चा और 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से संबंधित दो विधेयकों के पेश किए जाने के साथ ही कुछ मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव की स्थिति रही। लोकसभा में कई मुद्दों पर गतिरोध के बीच कामकाज की उत्पादकता 57.87 प्रतिशत रही। सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे आरंभ होने के बाद कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले 'संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024' और उससे जुड़े 'संघ राज्य क्षेत्र विधि



(संशोधन) विधेयक, 2024' को संसद की संयुक्त समिति के विचार के लिए भेजे जाने का प्रस्ताव रखा। सदन ने ध्वनिमत से इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को संसद परिसर में सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच हुई कथित धक्का–मुक्की का हवाला देते हुए कहा कि संसद की मर्यादा और गरिमा सुनिश्चित करना सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि संसद के किसी भी द्वार और परिसर के भीतर धरना–प्रदर्शन नहीं करना है और यदि ऐसा होता है तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

## सनातन धर्म ही भारत का राष्ट्रीय धर्म : मुख्यमंत्री योगी

**अयोध्या :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि सनातन धर्म ही भारत का राष्ट्रीय धर्म है और इसे सुरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य है। मुख्यमंत्री योगी ने यहां श्री अयोध्या धाम के अशर्फी भवन आश्रम में आयोजित अष्टोत्तरशत 108 श्रीमद्भागवत पाठ और पंच नारायण महायज्ञ में भाग लिया। उन्होंने कहा, सनातन धर्म ही भारत का राष्ट्रीय धर्म है और इसे सुरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य है। शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक



बयान के अनुसार, योगी ने कहा कि धर्म और संस्कृति के माध्यम से समाज में सकारात्मकता और शांति का प्रसार होता है। मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक मंदिरों पर आक्रमण की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि जो लोग इन पवित्र स्थलों को नष्ट करने का काम करते थे, उनका कुल और वंश नष्ट हो गया। योगी ने दावा किया, औरंगजेब के परिवार के लोग आज रिक्शा चला रहे हैं। यह उनकी दुर्गति है। अगर उन्होंने पुण्य किए होते और मंदिरों को न तोड़ा होता, तो क्या उनकी ऐसी स्थिति होती? उन्होंने कहा, विश्व शांति की स्थापना केवल सनातन धर्म के माध्यम से हो सकती है। यह शाश्वत धर्म है, जो सृष्टि के आरंभ से ही चला आ रहा है। योगी ने कहा कि अगर विश्व मानवता को बचाना है तो सनातन धर्म का सम्मान करना होगा। यह शाश्वत धर्म है, जो सृष्टि के आरंभ से ही चला आ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विरासत और विकास के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए। उन्होंने अयोध्या में हो रहे विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार ने संतों के मार्गदर्शन में अयोध्या के वैभव को पुनः स्थापित करने का कार्य किया है।




## भारत चीन संबंध एक कदम आगे

यह हकीकत है कि चीन भौगोलिक रूप से हमारा पड़ोसी है, हम पड़ोसी नहीं बदल सकते। ऐसे में जरूरी है कि तमाम विसंगतियों के बावजूद अपनी संप्रभुता और हितों की रक्षा के साथ पड़ोसी से रिश्ते बेहतर बनाए जाएं। लंबी खटास व तनातनी के बाद भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच बीजिंग में हुई हालिया बैठक के सार्थक परिणाम सामने आए हैं। बीजिंग में डोभाल व वांग तथा दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधियों की बैठक निश्चित रूप से कूटनीतिक लिहाज से महत्वपूर्ण प्रगति कही जा सकती है। खासकर 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़पों के बाद पांच वर्षों में यह पहली बातचीत, दो एशियाई दिग्गजों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण व सतर्क बदलाव को ही दर्शाती है। दरअसल, इस चर्चा का केंद्र लद्दाख पर अक्तूबर 2024 के समझौते का कार्यान्वयन था। यह सुखद ही है कि दोनों पक्षों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर शांति बनाये रखने की प्रतिबद्धता जतायी। निश्चय ही यह कदम भविष्य में संघर्षों को रोकने के लिये एक महत्वपूर्ण कदम है। बैठक में सीमा व्यापार बढ़ाने, सीमा पार नदियों का डेटा साझा करने तथा कैलाश मानसरोवर की यात्रा को फिर से शुरू करने जैसे क्षेत्रों में सहयोग को गहन करने के उद्देश्य से छह सत्री सहमति पर भी जोर दिया गया। हालांकि, ऐसा भी नहीं है कि इस तरह की सहमति से सारी चुनौतियां एकदम खत्म हो चुकी हैं। निर्विवाद रूप से सीमा विवाद एक संवेदनशील व जटिल मुद्दा बना है। जिसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि आपसी विश्वास में व्याप्त कमी को दूर किया जाए। निश्चित रूप से व्यावहारिक कूटनीति के साथ विश्वास निर्माण के उपायों को कदम दर कदम बढ़ाया जाना चाहिए। हालांकि इन प्रतिबद्धताओं को अमलीजामा पहनाने के लिये सतर्कता के साथ और राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत होगी।

बहरहाल, खट्टे-मीठे रिश्तों और लंबी कटुताओं के बावजूद इस बैठक के निहितार्थों को व्यापक संदर्भों में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। निर्विवाद रूप से चीन आज दूसरी बड़ी वैश्विक शक्ति है। भारत ने भी आर्थिक व अन्य क्षेत्रों में आशातीत प्रगति की है। इसके बावजूद दोनों ही देश वैश्विक शक्ति की बदलती गतिशीलता से जूझ रहे हैं। खासकर अमेरिका में होने जा रहे राजनीतिक परिवर्तन से उबरने वाली आर्थिक चुनौतियों के मद्देनजर। ऐसे में बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को दोनों देशों की एकजुटता प्रभावित करने की क्षमता रखती है। खासकर व्यापार, प्रौद्योगिकी तथा ब्रिक्स जैसे बहुपक्षीय प्लेटफॉर्मों में सहयोगात्मक पहल से क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। निस्संदेह, दोनों देशों की सीमा पर शांति की पहल एक शुरुआत मात्र है। इसके उपरांत दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क, व्यापार बाधाओं व असंतुलन को दूर करना वक्त की जरूरत है। हमें सांस्कृतिक सहयोग के जरिये दोनों देशों के संबंधों को नए सिरे से परिभाषित करने का लाभ उठाना चाहिए। विश्वास कायम करने और संघर्ष की छाया दूर करने के लिये ऐसे सकारात्मक कदम जरूरी हैं। निस्संदेह, रिश्तों को सामान्य बनाने का रास्ता लंबा है, लेकिन सार्थक संवाद से अधिक सामंजस्यपूर्ण भविष्य की आशा लगातार बनी रहती है। भारत और चीन के लिये शांति सिर्फ एक आदर्श मात्र नहीं बल्कि एक अपरिहार्य आवश्यकता है। निस्संदेह, भारत और चीन के बीच हुई यह तेईसवीं मुलाकात नई उम्मीद जगाती है। उल्लेखनीय है कि भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीनी विदेश मंत्री के बीच यह बातचीत कजान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद लिए गए फैसले के अनुरूप ही हुई है। जिसमें सीमा क्षेत्रों में शांति और सौहार्द की बहाली और सीमा विवाद का उचित समाधान तलाशने पर सहमति बनी थी। उम्मीद की जानी चाहिये कि संक्रमण के दौर से गुजर रहे वैश्विक परिदृश्य में भारत व चीन एकजुट होकर निर्णायक भूमिका निभाएंगे। यह स्थिति दोनों देशों के हित में ही कही जाएगी।

# संसद की गरिमा का दांव पर लगना चिन्ताजनक



ललित गर्ग

संविधान-निर्माता भीमराव आंबेडकर को लेकर भारतीय संसद में जो दृश्य पिछले कुछ दिनों में देखने को मिले हैं, वे न केवल शर्मसार करने वाले है बल्कि संसदीय गरिमा को धुंधलाने वाले हैं। अंबेडकर को लेकर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने हैं। दोनों पक्षों ने गुरुवार को संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान हाथापाई भी हुई जिसमें भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हो गए। लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने सांसदों को चेतावनी देते हुए कहा कि सभी को नियमों का पालन करना पड़ेगा। संसद की मर्यादा और गरिमा सुनिश्चित करना सबकी जिम्मेदारी है। भारतीय संसद के प्रांगण में जिस तरह की अशोभनीय एवं त्रासद स्थिति का उत्पन्न हुई है, वे हर लिहाज से दुखद, विडम्बनापूर्ण और निंदनीय है। आरोप-प्रत्यारोप की वजह से परिवेश ऐसा बन गया है, मानो सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच शुद्ध शत्रुता, द्वेष, नफरत की स्थितियां उग्रतर हो गई हो। और तो और, धक्का-मुक्की, दुर्व्यवहार जैसे आरोपों को लेकर पुलिस में मामला दर्ज होना वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है। इन दुखद एवं अशालीन स्थितियों का उपचार न किया गया, तो संसद में काफी कुछ अप्रिय एवं अशोभनीय होने की आशंकाएं बलशाली होगी।

कहना न होगा कि देश की संसद लोकतंत्र के वैचारिक शिखर और देश की संप्रभुता को रेखांकित करने वाला शिखर संस्थान है। इसलिए इसकी गरिमा बनाए रखना सभी सांसदों का मूल कर्तव्य बन जाता है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों से यह अपेक्षा होती है कि वे संसद की गरिमा को भंग न करे, अपना आचरण शुद्ध, शालीन एवं व्यवस्थित रखेंगे और व्यर्थ की बयानबाजी, धक्का-मुक्की, दुर्व्यवहार की जगह सार्थक बहस की संभावनाओं को उजागर करें। भारत की परंपरा कहती है कि वह सभा, सभा नहीं, जिसमें शालीनता एवं मर्यादा न हो। वह संसद संसद नहीं, जो लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा न करें। वह धर्म, धर्म नहीं, जिसमें सत्य न हो। वह सत्य, सत्य नहीं जो कपटपूर्ण हो। आज संसद में सांसदों का व्यवहार शर्म की पराकाष्ठा तक पहुंच गया है। पूरे देश की जनता ने बड़ा भरोसा जताते हुए अपने प्रतिनिधियों को चुनकर लोकसभा में भेजा है, ताकि वे सांसद के रूप में देश की भलाई के लिए नीति एवं नियम बनाएं, उसे लागू कराएं और जनजीवन को सुरक्षित तथा खुशहाल बनाते हुए देश का विकास करें। संसद की सदस्यता की शपथ लेते समय सांसदगण इन सब बातों को ध्यान में रखने की कसम भी खाते हैं, लेकिन उनकी कसम बेबुनियाद ही होते हुए संसद की मर्यादाओं को आहत कर रही है। बीते कुछ समय से धरना-प्रदर्शन के साथ सड़क पर राजनीतिक दमखम दिखाने वाले नजारे संसद के दोनों सदनों में भी दिखने लगे हैं। भौतिक रूप से छीना-झपटी और हाथापाई की नौबत भी दिखती रही है और विचाराधीन विषय से दूर एक-दूसरे को हीन साबित करना ही उद्देश्य बन गया है।

संसद का मूल्यवान समय बर्बाद हो रहा है, यह इससे स्पष्ट होता है कि पहली लोकसभा में हर साल 135 दिन बैठकें आयोजित हुई थीं। आज स्थिति कितनी नाजुक हो गई है, इसका अनुमान इसी से लगा सकते हैं कि पिछली लोकसभा में हर साल औसतन 55 दिन ही बैठकें आयोजित हुईं। नयी लोकसभा की स्थिति तो और भी दुखद एवं दयनीय है। संसद में काम न होना, बार-बार संसदीय अवरोध होना तो त्रासद है ही, लेकिन धक्का-मुक्की तक नौबत पहुंचना ज्यादा चिन्ताजनक है। कोई भी दल हो, किसी भी दल के सांसद हो, उन्हें यह संदेश देने की जरूरत है कि संसद ऐसे किसी संघर्ष का अखाड़ा नहीं है। संसद और संविधान, दोनों ही सांसदों से उच्च गरिमा एवं मर्यादाओं की अपेक्षा करते हैं। संसद देश की आवाजों और दलीलों का मंच है, यह किसी भी प्रकार की शारीरिक जोर-आजमाइश का मंच न बने, इसी में देश की भलाई है, लोकतंत्र की अक्षुण्णता है। सार्थक और उत्पादक संवाद के लिए हर सांसद को संविधान का ज्ञान, संसदीय परंपराओं की जानकारी एवं उनके प्रति प्रतिबद्धता भी होनी चाहिए। दुर्भाग्य से बहुत कम सांसद ही इस ओर ध्यान देते हैं। मुखर प्रवक्ता के रूप में विपक्ष के कई सांसद अक्सर बेलगाम, फूहड एवं स्तरहीन आरोप-प्रत्यारोप दर्ज कराने में जुट जाते हैं। आधी-अधूरी सूचनाओं या गलत जानकारी के साथ विपक्ष के नेता सरकारी पक्ष को आरोपित करने में जुट जाते हैं, बयानों तो तोड़मरोड़ का प्रस्तुत करते हैं। निश्चित ही विपक्ष लगातार अपनी जिम्मेदारी से विमुख होता दिख रहा है। वह सरकार को घेरने और आरोपित करने के उद्देश्य से संसद के कार्य में अक्सर व्यवधान डालता है। लगता है विपक्ष का मकसद यही हो गया है कि संसद की कार्यवाही सुचारु रूप से न चल सके और सरकार की विफलता दर्ज हो। इस तरह की विपक्ष की बौखलाहट का बड़ा कारण भाजपा की लगातार चमत्कारी जीत है।

सांसदों को समग्रता में सोचना चाहिए कि अगर संसद जोर आजमाइश एवं हिंसा का अखाड़ा होकर बात एफआईआर की राजनीति तक बढ़ेगी, तो संसद का संचालन जटिल से जटिलतर होता जायेगा। संसद में तनाव कोई नई बात नहीं है। तनाव और तल्खी का इतिहास रहा है, पर बहुत कम अवसर ऐसे आए हैं, जब शारीरिक बल का दुरुपयोग देखा गया है। संसद भवन के प्रांगण में ही नहीं, बल्कि देश में कहीं भी सांसदों को ऐसे आमने-सामने नहीं आना चाहिए, जैसे गुरुवार को देश ने देखा है। संसद भवन के प्रांगण में जगह-जगह कैमरे लगे हैं। उन कैमरों की मदद से कम से कम यह तो सुनिश्चित करना चाहिए कि दोषी कौन है? दुध का दुध एवं पानी का पानी हो और सच सामने आये। सच की जीत हो और झूठ नैस्तनाबूद हो। अगर किसी सांसद के सिर में चोट लगी है, तो यह वैसे भी गंभीर मसला है। भाजपा सांसद सारंगी ने यही बताया है कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की वजह से एक व्यक्ति उनसे टकराया और वह गिर गए। ऐसा ही आरोप कांग्रेस ने भी लगाया है। पक्ष-विपक्ष में आरोप-प्रत्यारोप लगेंगे, पर ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि सच सामने आए। यदि सच सामने न आए, तो कम से कम सभी सांसद ऐसी स्थिति फिर न बनने दें, इसके लिये संकल्पित हो।

शीतकालीन सत्र में आंबेडकर के नाम पर संसद के भीतर-बाहर जो कुछ हो रहा है, उससे यह स्पष्ट होता है कि कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल संसद की गरिमा से जानबूझकर खिलवाड़ करने पर तूले है। यह मानना अविश्वसनीय है कि यह धक्का-मुक्की अनजाने में हुई। राहुल गांधी आक्रामक ढंग से एक महिला सांसद के निकट जाकर उन्हें असहज करना तो बहुत ही शर्मनाक एवं कहीं अधिक फूहड़ है। पता नहीं किसके आरोपों में कितनी सच्चाई है, लेकिन इसमें संदेह नहीं कि उक्त घटना संसद ही नहीं, देश को भी शर्मिंदा करने वाली है।

राजनीति का स्तर इतना नहीं गिरना चाहिए कि वह मर्यादा से विहीन दिखने लगे। ऐसी राजनीति केवल धिक्कार की पात्र होती है। संसद की मर्यादा को तार-तार करने वाली ऐसी घटनाएं सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच बढ़ती कटुता का ही नतीजा है, जो देश के हित में नहीं है। पक्ष-विपक्ष के बीच बढ़ती शत्रुता न केवल भारतीय राजनीति बल्कि लोकतंत्र के लिए भी खतरनाक हैं। दोनों पक्षों के बीच शत्रु भाव कम होने के कोई आसार इसलिए नहीं दिख रहे हैं, क्योंकि ऐसे मुद्दे सतह पर लाए जा रहे हैं, जिनका कोई औचित्य नहीं बनता और जिनका मकसद लोगों को बरगलाना एवं गुमराह करना है। बीते कुछ समय से यह जो भय का भूत खड़ा किया जा रहा है कि संविधान खतरे में है, वह राजनीति के छिछले स्तर का ही परिचायक है। कोई बताये तो संविधान कब और कैसे खतरे में आ गया। संसद में ऐसे विषयों को लेकर सार्थक एवं सौहार्दपूर्ण संवाद हो, वाद-विवाद की जगह कटुता न ले, विमर्श और विचार की गंभीरता से ही लोकतंत्र की शक्ति बढ़ेगी। दलगत पसंद और नापसंद स्वाभाविक है, किंतु उससे ऊपर उठकर रचनात्मक भूमिका निभाने का साहस भी जरूरी है।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

# ...तो क्या इंडिया गठबंधन के सियासी चक्रव्यूह में घिर जाएंगे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी?

कमलेश पांडेय

देश-दुनिया में हर रोज एक महाभारत शुरू होता है जो महज 18 दिन नहीं बल्कि महीनों - सालों चलता रहता है। दरअसल यह एक राजसी प्रवृत्ति है जो यत्र-तत्र-सर्वत्र अपनी इहलीला प्रदर्शित करती रहती है। यह कभी किसी के अंतरतम में चलता है तो कभी सियासी जगत में, कभी आर्थिक जगत के कार्पोरेट्स वार के रूप में तो कभी सामाजिक क्षेत्र के जातीय अंतर्द्वंद्व युद्ध में, कभी सांस्कृतिक क्षेत्र के साम्प्रदायिक रणभूमि में तो कभी अंतर्राष्ट्रीय फलक पर खुले जंग के रूप में ।

कमोबेश हर जगह युद्ध जीतने वालों को गुटबंदी की जरूरत पड़ती है और इस हेतु प्रायोजित चक्रव्यूह हेतु किसी न किसी अभिमन्यु की तलाश रहती है। यूँ तो भारतीय राजनीति में एक नहीं, अनेक अभिमन्यु हैं लेकिन यहां पर कांग्रेस युवराज और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के समक्ष समुपस्थित राजनीतिक परिस्थितियों की बात करना अधिक प्रासंगिक है क्योंकि 10 वर्षों के अथक परिश्रम के बाद लोकसभा चुनाव 2024 में अपने कुशल नेतृत्व का डंका पिटवाने वाले राहुल गांधी आखिर हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव जैसी जीती हुई बाजी हारकर अपने ही गठबंधन सहयोगियों के आंखों की किरकिरी कैसे बन गए?

क्या सिर्फ इसलिए कि भाजपा के रणनीतिकारों के इशारे पर कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया गठबंधन है जिसमें अधिकांश सूबाई क्षत्रप शामिल हैं? क्योंकि यही वह सफल गठबंधन है जिसने उसकी सारी सियासी हेकड़ी लोकसभा चुनाव 2024 में तोड़ कर रख दी और उसके सामने गठबंधन की मजबूरी खड़ी कर दी। वहीं, यूपी में उसके मोदी-योगी जैसे नेतृत्व के माथे पर चिंता की शिकन पैदा कर दी। या फिर शरद पवार और लालू प्रसाद की राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूरी नहीं हुई, जबकि ममता बनर्जी अपने मिशन में कामयाब रहीं। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस दोनों को उनकी सियासी हद में रखा।

या फिर समाजवादी पार्टी के मुखिया और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इशारे पर कांग्रेस युवराज राहुल गांधी नहीं थिरक रहे हैं, इसलिए क्योंकि शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे कांग्रेस के स्वाभाविक सहयोगी नहीं हैं। हालिया महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में उन्हें कमतर बताने में कांग्रेस सफल रही और महाराष्ट्र के सियासी नक्शे से मिट गई। इसी प्रकार कांग्रेस ने दिल्ली से पंजाब तक आप को सिमटने पर विवश कर दिया और अखिलेश की सपा को भी यह जतला दिया कि सिर्फ यूपी में रहें, मध्यप्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र में उसके कंधे पर सवार होकर आगे बढ़ने का स्वप्न न पालें। यही वजह है कि ये सभी नेता कांग्रेस से नाराज हैं और तीसरे मोर्चे को पुनः खाद पानी देने की सियासी चाल चल रहे हैं।

यही वजह है कि हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव के बाद इंडिया गठबंधन में नेतृत्व के सवाल पर कांग्रेस नेतृत्व को नीचा दिखाने की तिकड़म जो तिकड़मी सियासत शुरू हुई और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद जैसे नेताओं ने भी कांग्रेस से पाला बदलने में हड़बड़ाहट दिखाई, उससे तो यही महसूस हुआ कि एनसीपी प्रमुख शरद पवार जैसे सियासी धुरंधर अपने मकसद में कामयाब हो गए। तभी तो कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव व लोकसभा सदस्य प्रियंका गांधी जैसे राष्ट्रीय चेहरों के रहते हुए भी इंडिया गठबंधन के नए अध्यक्ष के रूप में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेत्री और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का नाम उछाला गया। कहना न होगा कि शरद पवार और ममता बनर्जी ने अपने अपने राज्यों में काँग्रेस को ही तोड़कर अपनी सियासत चमकाई है। हालांकि, उनके मिशन को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का साथ मिलने से शरद पवार का पलड़ा भारी हो गया। कहने का मतलब यह कि महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और बिहार ने यह संकेत दे दिया कि उसे मजबूत कांग्रेस की नहीं, कमजोर कांग्रेस की जरूरत है, जो उनके इशारे पर थिरकती रहे। इधर, दिल्ली और उत्तरप्रदेश में भी कांग्रेस को कमजोर ठहराने के लिए दिल्ली में एक मंच पर अखिलेश और केजरीवाल ने हाथ मिला लिया है। इससे पहले राजद नेता व बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का साथ केजरीवाल ले ही चुके हैं। बिहार के मुख्यमंत्री व जदयू नेता नीतीश कुमार भले ही पुनः एनडीए गठबंधन में हैं, लेकिन केजरीवाल से उनके मधुर सम्बन्ध जगजाहिर हैं। एनडीए विरोधी इंडिया गठबंधन खड़ा करने में नीतीश के योगदान को नहीं भुला सकता है और यदि उन्हें गठबंधन का संयोजक बना दिया गया होता तो आज वो इंडिया गठबंधन में ही होते।

वहीं, ईवीएम के दुरूपयोग के सवाल पर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री व नेशनल कांफ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस को जो आईना दिखाया है, उससे साफ है कि अपने अपने तरीके से इंडिया गठबंधन के सहयोगी राहुल गांधी को घेर रहे हैं ताकि कांग्रेस दबाव में रहे और यदि कभी पुनः तीसरे मोर्चा बने तो उनके लिये भी रास्ता खुला रहे। क्योंकि भाजपा नीत एनडीए के विरोध में बना इंडिया गठबंधन या संभावित तीसरा मोर्चा कोई मजबूत गठबंधन नहीं है क्योंकि यूपी बिहार में यह महागठबंधन तो महाराष्ट्र में महाराष्ट्र विकास अघाड़ी बन जाता है। इससे पहले इसे यूपीए समझा जाता था। इसलिए मेरा मानना है कि भाजपा या कांग्रेस विरोधी सियासत के लिए तीसरा मोर्चा सबसे उपयुक्त नाम है, जो पूरे देश में एक समझा जाता है।

अपने देखा होगा कि आम आदमी पार्टी ने हाल ही में दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में 'महिला अदालत' का आयोजन किया जिसमें एसपी प्रमुख अखिलेश यादव ने अरविंद केजरीवाल के साथ मंच साझा करते हुए बीजेपी पर जमकर हमला बोला और आप को बिना शर्त समर्थन देते हुए कहा कि यहां पर सपा अपना कोई उमीदवार खड़ा नहीं करेगी। ऐसा कहकर उन्होंने कांग्रेस पर मनोवैज्ञानिक दबाव बढ़ा दिया कि यदि वह भाजपा विरोधी और अल्पसंख्यक समर्थक राजनीति करती है तो दिल्ली में सभी सीटों पर अपना उमीदवार नहीं दे।

वहीं, अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि जब दिल्ली में घटनाएं हो रही है, तो कल्पना कीजिए पूरे देश मे क्या हो रहा होगा क्योंकि अरविंद केजरीवाल ने सिर्फ इतना कहा था कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बस एक बार कह दें कि उनसे दिल्ली की कानून व्यवस्था नहीं संभल रही है। हालांकि वह यह नहीं कह पाए कि फिर हम सम्भाल लेंगे। पुलिस मुझे दे दीजिए!

इससे साफ है कि दिल्ली चुनाव में अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल के साथ होंगे और ऐसा करके उन्होंने कांग्रेस को एक बार फिर से ठेंगा दिखाया है। इससे पहले उन्होंने यूपी उपचुनाव में काँग्रेस को एक भी सीट सिर्फ इसलिए नहीं दी क्योंकि मध्यप्रदेश, हरियाणा और महाराष्ट्र में कांग्रेस ने उनकी पार्टी सपा को सीट नहीं दी और महाराष्ट्र में भी कम दी। यही वह है कि यूपी के दो लड़कों की जोड़ी यानी राहुल-अखिलेश के नेतृत्व वाली कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के बीच तल्खियां कम होती नहीं दिख रही हैं। अब जिस तरह से सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल को समर्थन देने का ऐलान किया है, उसके सियासी मायने निकाले जा रहे हैं।

दिल्ली में अखिलेश यादव ने न केवल अरविंद केजरीवाल की तारीफ में जमकर कसीदे पढ़े बल्कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को पूर्ण समर्थन देने की बात भी कही। ऐसे में सियासी गलियारों में राहुल गांधी से नाराजगी और केजरीवाल से नजदीकी को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। अखिलेश यादव ने अरविंद केजरीवाल की तारीफ करते हुए कहा कि जिस पार्टी को माताओं और बहनों का साथ मिल जाए, वो पार्टी कभी हार नहीं सकती है। आप सरकार ने महिलाओं को 2,100 रुपये हर महीने देने का जो वादा किया है, वह काफी सराहनीय पहल है। उन्होंने आम आदमी पार्टी को पूर्ण समर्थन देने की बात भी कही। साथ ही कहा कि सपा पूरी जिम्मेदारी के साथ आप के साथ खड़ी है. जहां भी जरूरत होगी हम आपके साथ दिखाई देंगे।

सपा प्रमुख के दिल्ली चुनाव में अरविंद केजरीवाल का खुलकर समर्थन करने के पीछे सियासी रणनीति और हालिया राजनीतिक घटनाक्रम भी माने जा रहे हैं।

समाजवादी पार्टी ने हाल ही में महाराष्ट्र विकास अघाड़ी गठबंधन से अलग होने का ऐलान किया जबकि सपा महासचिव रामगोपाल यादव भी कह चुके हैं कि राहुल गांधी इंडिया गठबंधन के नेता नहीं हैं। दिल्ली में केजरीवाल ने कांग्रेस से गठबंधन नहीं करने और अकेले चुनाव का ऐलान किया है जिससके बाद अखिलेश यादव ने मंच से आप सरकार की तारीफ में कसीदे पढ़े। इससे कयास लगाए जा रहे हैं कि सपा भी अब कांग्रेस से किनारा करती दिख रही है।

कांग्रेस से सियासी खटास की प्रमुख वजह सीट बंटवारे को लेकर खींचतान मानी जा रही है। मध्यप्रदेश से लेकर हरियाणा में कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी के लिए एक भी सीट नहीं छोड़ी। वहीं, महाराष्ट्र में भी आखिरी वक्त में सपा को दो सीटें ही दी गईं। इस प्रकार इंडिया गठबंधन में साइडलाइन होने के चलते अखिलेश यादव नाराज दिखे क्योंकि वह लोकसभा में तीसरी बड़ी राजनीतिक हैसियत रखते हैं और गैर कांग्रेस-गैर भाजपा विरोधी तीसरे मोर्चे के प्रमुख सूत्रधार भी बन सकते हैं। इसलिए उन्होंने अब अपनी पसंद वाली सियासत शुरू कर दी है, जो कांग्रेस को नागवार लग रही है। यही नहीं, संसद में भी सीट अरेंजमेंट से लेकर संभल मुद्दा जोरशोर से न उठाने के मसले पर अखिलेश की सपा व कांग्रेस में खटपट दिखी। इसलिए सपा ने अडानी के मुद्दे पर कांग्रेस से किनारा कर लिया। वहीं, राहुल गांधी की अगुवाई में जब संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन हुआ तो वहां सपा सांसद नहीं दिखाई पड़े। वहीं, अखिलेश ने महाराष्ट्र में एमवीए को झटका देते हुए अकेले ही बीएमसी (इचउ) चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। उधर, शिवसेना यूबीटी भी इसी तरह का ऐलान कर चुकी है।

इन बातों से साफ है कि इंडिया गठबंधन के राजनीतिक महारथी अपने सियासी चक्रव्यूह में राहुल गांधी को ही मात देने की कसरत करते नजर आ रहे हैं। हरियाणा से लेकर महाराष्ट्र तक कांग्रेस के पिछड़ने की वजह भी यही है क्योंकि इन लोगों ने दिल से भाजपा और दिमाग से कांग्रेस का साथ दिया क्योंकि भाजपा भी दिल से ओबीसी राजनीति करती है जो तीसरे मोर्चे के साथी दलों को भीतर ही भीतर गुदगुदाती है। सवर्णों और दलितों की सियासत को पिछलग्गू बनाकर रखना ही तो समाजवादियों और नव राष्ट्रवादियों का मकसद रहा है। हां, समाजवादी अल्पसंख्यक और राष्ट्रवादी अगड़ों को भड़काते हैं, अपने अपने हिसाब से जबकि कांग्रेस इन्हें सहलाती है अपनी तासीर से! -वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 21 दिसम्बर, शनिवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, पौष कृष्णपक्ष षष्ठी, 12:24 तक, नक्षत्र : पूर्व फाल्गुनी, 30:09 तक, योग : प्रीति, 18:24 तक, सूर्योदय: 6:13, सूर्यास्त: 16:58 चन्द्रोदय : 22:37, चन्द्रास्त: 10:43, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 08:55 से 10:15

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपके भाग्य में वृद्धि होने से मन प्रसन्न रहेगा। आपकी तरक्की होगी और कारोबार में भाग्य आपका साथ देगा।

**वृष :** वृषभ राशि के लोगों को आर्थिक लाभ होगा और आपको संतान की सफलता से यश और हर्ष प्राप्त होगा। माता-पिता से आशीर्वाद लेकर घर से निकलें कोई विशेष सफलता मिलेगी।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपका दिन तरक्की से भरा होगा। यदि आप नौकरी करते हैं तो अधिकारियों की कृपा से आपके अधिकारों में वृद्धि हो सकती है।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों को लाभ होगा और आपकी यदि उन्नति रुकी है तो हो सकती है। आज आप अपनी वाक्पटुता से किसी बहुत बड़े अफसर को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहेंगे।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों को लाभ होगा और यदि आप व्यापारी हैं तो आपके व्यापार में कुछ खास परिवर्तन हो सकते हैं। अगर आप नौकरीपेशा हैं तो आपके अधिकार बढ़ेंगा।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों को लाभ होगा और आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। अधिकारों में वृद्धि के साथ साथ उत्तरदायित्व भी बढ़ेंगे। अपनी शानशौकत के लिए आप धन खर्च करेंगे।

**तुला :** तुला राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपका नुकसान कम होगा। कारोबार में आपके ऊपर अचानक से कोई राजकीय दण्ड भी लगा सकता है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होने की संभावना है। यदि आप नौकरी करते हैं तो आपके पद और अधिकार में वृद्धि होगी। आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी।

**धनु :** धनु राशि वालों को अचानक धन लाभ हो सकता है। अपनी समस्याओं का खुद समाधान ढूंढें, इससे स्थायी सफलता मिलेगी। आपके लिए शुभ योग बनने से सफलता प्राप्त होगी।

**मकर :** मकर राशि वालों को व्यापार के मामले में लाभ होगा और आपका दिन तरक्की से भरा होगा। दोपहर तक बिखरे काम समेट लें, आगे समय नहीं मिलेगा।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों को लाभ होगा और कोई भी फैसला जल्दी में लेना आपके लिए भारी पड़ सकता है। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने पर खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप नए कामों को करने के लिए योजना बना सकते हैं।

## वर्ग पहेली नं. 2952

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | | ■ | 4 | |
| | ■ | 5 | | ■ | | ■ | 6 | | ■ |
| 7 | | | ■ | 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 |
| | ■ | 12 | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | |
| 16 | 17 | ■ | 18 | | ■ | | | ■ | |
| ■ | 19 | | | ■ | ■ | 20 | | 21 | |
| ■ | | ■ | 22 | 23 | | | ■ | | ■ |
| 24 | | 25 | ■ | | ■ | 26 | | | 27 |
| | ■ | 28 | | | | | ■ | 29 | |

**बायें से दायें:-** 1) मशहूर; शोहरती, 2) अशक्य, 4) ज़ंजीर, 5) केकड़ा, 6) विश्वासघात, 7) साहस; हिंमत, 8) अपराधमुक्त, 10) साँस की बीमारी, 12) ज़िद, 14) जुड़वाँ, 16) पक्षी की विष्ठा, 18) सुगंध, 19) माँझी, 20) भूतकाल, 22) नापसंद; असह्य, 24) प्रजनन करना, 26) हेकड़ी; सीनाज़ोरी, 28) असंभव, 29) अनुमति; पसंदगी.

**ऊपर से नीचे:-** 1) पराजय, 2) सूर्य, 3) डरावना, 4) अत्यधिक, 5) झगड़ा, 9) शोक, 11) धनाढ्य, 13) इठलाना, 15) शर्मसार, 17) तंदुरुस्त, 20) ग्रीवा का पीठ की ओर वाला बाह्य भाग, 21) अचूक *(औषध)*, 23) क्रुद्ध; ज्वरग्रस्त, 24) जम्मू और कश्मीर राज्य की शीतकालीन राजधानी, 25) मातामह, विविध, 27) ताज़गी भरा.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लो | क | स | भा | ■ | बा | प | दा | दे | ■ |
| क | ■ | मा | ता | म | ह | ■ | ■ | ना | म |
| क | र | ज | ■ | हा | र | ■ | सो | ■ | द |
| था | ■ | वा | म | न | ■ | न | म | की | न |
| ■ | अं | द | र | ■ | पा | ■ | वा | ■ | गो |
| खे | त | ■ | म्म | ■ | बं | द | र | ■ | पा |
| ■ | र्भा | ■ | त | क | दी | र | ■ | ज | ल |
| शा | व | क | ■ | मी | ■ | गा | ड़ | ना | ■ |
| प | ■ | मी | च | ना | ■ | ह | ■ | ज़ा | दी |

## सुडोकू-पहेली-2912

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | 4 | 3 | | 1 | | |
| 2 | | | | | | 6 | | 8 |
| | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | | | | | 4 | |
| | | | | 8 | | | | |
| | | | | | 6 | | | |
| | | | 3 | | | | 2 | |
| | 8 | 1 | | | | | | |
| | | | 5 | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2911 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 8 | 6 | 7 | 4 | 5 | 2 | 3 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 3 | 5 | 7 | 2 | 9 | 1 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 4 | 3 | 9 | 5 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 8 | 4 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 9 | 6 | 3 | 7 | 1 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 2 | 7 | 1 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 9 |

# 'बांग्लाभाषी बांग्लादेशी नहीं हैं', मेयर ने ऐसी टिप्पणी पर जताया गुस्सा

## फिरहाद ने कहा... 'मेट्रो में ऐसी घटना अवांछनीय'

**कोलकाता, समाज्ञा :** यदि आप पश्चिम बंगाल में बांग्ला बोलते हैं तो आपको 'बांग्लादेशी' की उपाधि दी जाती है। हाल की कुछ घटनाओं के मद्देनजर कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने इसकी कड़ी निंदा की। उनके मुताबिक बांग्ला हमारी मातृभाषा है। भारत के संविधान की छठी अनुसूची में शामिल है इसलिए वे ऐसी टिप्पणी करने वालों की निंदा करते है। शुक्रवार को कोलकाता नगर निगम के मासिक अधिवेशन में तृणमूल पार्षद अरूप चक्रवर्ती के एक प्रस्ताव से भड़के मेयर ने मेट्रो में हुई घटना का ज़िक्र किया।



मासिक अधिवेशन में अखबार के

**❑ क्या है माजरा**

अरूप चक्रवर्ती ने शुक्रवार को मासिक अधिवेशन में अखबार के उद्धरण का ज़िक्र करते हुए कहा कि कुछ दिन पहले मेट्रो स्टेशन के टिकट काउंटर पर बांग्ला में बोलने के लिए उत्पीड़न और कठोर टिप्पणियों का सामना करना पड़ा था। यदि वे बांग्ला में बात करते हैं, तो उन्हें 'यह बांग्लादेश नहीं है', 'यदि आप भारत में रहना चाहते हैं, तो आपको हिंदी बोलनी होगी' जैसी टिप्पणियां सुननी पड़ती हैं। घटना का ज़िक्र करते हुए अरूप चक्रवर्ती ने प्रस्ताव दिया कि बांग्ला भाषी लोगों को कोलकाता मेट्रो, रेलवे, बैंकों सहित सार्वजनिक और निजी संगठनों में बांग्ला में सेवाएं प्रदान करना अनिवार्य किया जाना चाहिए। नगर निगम को इस पर कार्रवाई करनी चाहिए।पार्षद ने यह भी कहा कि राज्य के 86 फीसदी लोग बांग्ला बोलते हैं। पिछली जनगणना के अनुसार, उनमें से 83 प्रतिशत लोग हिंदी के साथ-साथ बांग्ला भी बोलते हैं।

**❑ मेट्रो के जीएम को लिखेंगे पत्र**

प्रस्ताव के पक्ष में प्रतिक्रिया देते हुए मेयर फिरहाद हकीम ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। अनायास ऐसा देश के किसी भी राज्य में नहीं होता है। मेयर ने कहा कि वह इस मामले को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तक पहुंचाएंगे। मेट्रोरेल के जीएम को भी लिखित रूप से अवगत कराया जाएगा। मेट्रो अधिकारियों को काउंटर पर ऐसे कर्मचारी रखने चाहिए जो तीन भाषाएं बोल सकें बांग्ला, हिंदी और अंग्रेजी। मेयर के अनुसार भारत में, पूरी दुनिया में बांग्ला बोली जाती है। ऐसा नहीं है कि आप कोलकाता में बैठते हैं और बंगाली बोलते हैं, तो आपको बांग्लादेशी जाना होगा। ऐसी टिप्पणी बहुत अपमानजनक है। गौरतलब है कि कोलकाता नगर निगम कोलकाता शहर क्षेत्र के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में नेमप्लेट पर बांग्ला भाषा में लिखना अनिवार्य कर रही है।

### मानिक भट्टाचार्य ने प्राथमिक शिक्षा बोर्ड में बनाया था गोपनीय विभाग

**कोलकाता, समाज्ञा :** ईडी ने शिक्षक भर्ती घोटाले में कोर्ट में दाखिल अपनी पांचवीं अतिरिक्त चार्जशीट में दावा किया है कि प्राथमिक शिक्षा बोर्ड में एक गोपनीय विभाग बनाया गया। इसका नियंत्रण बोर्ड के तत्कालीन अध्यक्ष व वर्तमान टीएमसी विधायक मानिक भट्टाचार्य द्वारा किया जाता था। मानिक उस विभाग में नौकरी चाहने वालों की विस्तृत जानकारी भेजते थे। गुप्त विभाग का नाम टीईटी कॉफिडेंशियल दिया गया। उस नाम से कई खाली चेक जारी किए गए थे। मानिक ही इसे अज्ञात पते पर भेजते थे। यानी मानिक के अलावा कोई नहीं जान सका कि पैसा किसके खाते में गया। केंद्रीय जांच एजेंसी को पता चला है कि इस तरह के गोपनीय बिल 2012 के बाद तैयार होने शुरू हुए थे। ईडी ने दावा किया कि बोर्ड के कर्मचारियों से पूछताछ में मानिक के बारे में कई जानकारियां मिली हैं। कर्मचारियों ने ईडी को बताया कि बोर्ड का अध्यक्ष बनने के बाद मानिक ने विभाग के कई नियम बदले। वह कार्यालय के कई कार्य मौखिक निर्देशों के माध्यम से करते थे। अधिकांश मामलों में कोई दस्तावेजी साक्ष्य नहीं था।

# आरजीकर पीड़िता के लिए न्याय की मांग पर डॉक्टरों को मिली धरना की मंजूरी

☛ **हाईकोर्ट का डोरिना क्रॉसिंग से 50 फुट दूर प्रदर्शन करने का निर्देश**

☛ **भड़काऊ बयान न देने की अपील की**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने चिकित्सकों के एक संगठन को आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की उस प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के लिए न्याय की मांग को लेकर दबाव बनाने के वास्ते 20 से 26 दिसंबर तक धरना देने की शुक्रवार को अनुमति दे दी। हालांकि, उच्च न्यायालय ने "ज्वाइंट फोरम ऑफ डॉक्टर्स" को मध्य कोलकाता के एस्प्लेनेड में डोरिना चौराहे से 50 फुट दूर एक स्थान पर विरोध-प्रदर्शन करने का निर्देश दिया, क्योंकि इससे व्यस्त क्षेत्र में यातायात जाम की समस्या हो सकती थी। बता दें कि चिकित्सकों के संगठन ने शहर के मध्य में स्थित व्यस्त डोरिना चौराहे पर चौबीसों घंटे धरना देने का प्रस्ताव रखा था। इस दिन, आदेश पारित करते हुए न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने कहा कि चूंकि, आयोजक चिकित्सक हैं, इसलिए अगर धरने के दौरान क्षेत्र में आने-जाने वाले आम लोगों को कोई कठिनाई होती है, तो वे इसे ध्यान में रखेंगे। राज्य सरकार के वकील ने धरने के लिए डोरिना चौराहे पर प्रस्तावित स्थल पर आपत्ति जताई और दावा किया कि इससे क्षेत्र में यातायात जाम लगेगा। अदालत ने निर्देश दिया कि धरने के लिए मंच की लंबाई 40 फुट और चौड़ाई 23 फुट से अधिक नहीं होनी चाहिए और इसमें हिस्सा लेने वालों की संख्या एक समय में 250 से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। न्यायमूर्ति घोष ने प्रशासन को पुलिस व्यवस्था करने का निर्देश दिया, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। आयोजकों को निर्देश दिया गया कि वे धरने के दौरान कोई भी भड़काऊ भाषण न दें, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा हो। अदालत ने निर्देश दिया कि पुलिस अधिकारी 13 जनवरी को अदालत में एक अनुपालन रिपोर्ट पेश करें।

# टीटागढ़ पोस्ट ऑफिस के लेटर बॉक्स में मिले बिना सील के 55 पासपोर्ट

☛ **बांग्लादेशी गिरोह पर संदेह, पुलिस जांच में जुटी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के विभिन्न हिस्सों से फर्जी पासपोर्ट गिरोह के सुराग मिल रहे हैं। जासूसों को फर्जी पासपोर्ट के जरिए बांग्लादेश से आतंकियों की घुसपैठ की भी आशंका है।ऐसे में उत्तर 24 परगना के टीटागढ़ में बड़ी संख्या में पासपोर्ट मिले थे। बताया जा रहा है कि टीटागढ़ पोस्ट ऑफिस के बाहर लेटर बॉक्स में 55 पासपोर्ट मिले। पृष्ठभूमि में बांग्लादेशी गिरोह? पुलिस जांच कर रही हैं। टीटागढ़ पोस्ट ऑफिस के लेटर बॉक्स से 55 बिना सीलबंद पासपोर्ट बरामद किए गए। खड़दह थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। स्थानीय व पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बीटी रोड से सटे टीटागढ़ पोस्ट ऑफिस के बाहर एक



लेटर बॉक्स है। कई लोग पत्र समेत जरूरी दस्तावेज अन्य जगहों पर भेजने के लिए डाकघर के इस बक्से को छोड़ देते हैं। डाकघर कर्मचारी नियमित रूप से उन्हें विशिष्ट पते पर पहुंचाने के लिए लेटर बॉक्स से एकत्र करते हैं। ऐसे ही कुछ दिन पहले लेटर बॉक्स खोलने पर एक बड़ा लिफाफा मिला। उसका एक किनारा फटा हुआ था। उसमें बहुत सारा पासपोर्ट था। जब बात पोस्टमास्टर को बताई गई तो वह वहां पहुंचे। उसमें से 55 पासपोर्ट बरामद हुए। पोस्टमास्टर ने रहस्य बरकरार रखते हुए सबसे पहले पूरे मामले की जानकारी उच्च अधिकारी को दी। इसके बाद डाकघर ने गुरुवार को खड़दह थाने को लिखित रूप से सूचना दी। शुक्रवार को जैसे ही पूरी घटना सामने आई तो इलाके में हड़कंप मच गया। बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट के डीसी (सेंट्रल) इंद्रबदन झान ने कहा कि प्रारंभिक जांच में मिले पासपोर्ट फर्जी नहीं लग रहे हैं। हालांकि मामले को गंभीरता से देखा जा रहा है। वे वहां कैसे गए? इसकी जांच की जा रही है कि इसे लेटर बॉक्स में किसने छोड़ा। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जिन लोगों के पासपोर्ट उनके नाम पर हैं, उनसे संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। इसके अलावा, टीटागढ़ पोस्ट ऑफिस और आसपास के इलाके के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है।

### बांग्लादेश में भी फैला रखा था फर्जी पासपोर्ट का कारोबार, गिरोह सरगना का खुलासा

फर्जी पासपोर्ट रैकेट की जांच कर रही कोलकाता पुलिस को आरोपितों से से पूछताछ में पता चला है कि गिरोह के सरगना समरेश बिश्वास ने एजेंटों के माध्यम से बांग्लादेश में भी फर्जी पासपोर्ट का कारोबार फैला रखा था। उसकी पत्नी और बेटे के पासपोर्ट भी संदिग्धों की सूची में हैं। गिरफ्तारी से बचने के लिए समरेश पत्नी के साथ बांग्लादेश भाग गया था। लेकिन वहां से लौटते वक्त पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। समरेश के मोबाइल फोन की काल लिस्ट की जांच करने पर कई बांग्लादेशी नागरिकों के नंबर मिले। पुलिस का दावा है कि वे वहां समरेश के लिए काम कर रहे थे। पिछले रविवार से फर्जी पासपोर्ट रैकेट के सिलसिले में बंगाल के विभिन्न इलाकों से कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए पांच लोगों में से दो संविदा पीओपीएसके कर्मचारी हैं, जिनमें से एक दीपंकर दास और दूसरा दीपक मंडल है। बता दें कि जांच अधिकारियों ने आरोपितों के पास से लगभग 30,000 व्यक्तियों (मुख्य रूप से बांग्लादेशी) के नाम प्राप्त किए हैं। इनके लिए फर्जी भारतीय पहचान दस्तावेज, मुख्य रूप से जाली पासपोर्ट तैयार किए गए थे।

## बांग्लादेशी सांसद हत्याकांड : डीएनए जांच से पता चला कि मांस-हड्डियां हैं अनवारुल अजीम की

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य पुलिस के आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) द्वारा किए गए डीएनए परीक्षण से पुष्टि हुई है कि बांग्लादेश के सांसद मोहम्मद अनवारुल अजीम अनार की जघन्य हत्या की जांच के दौरान बरामद मांस और हड्डियां उनकी (अनार) ही हैं। बता दें कि तीन बार के अवामी लीग के सांसद और बांग्लादेश में पार्टी की कालीगंज उपजिला इकाई के अध्यक्ष अनार की गत 13 मई को कोलकाता के न्यू टाउन के एक फ्लैट में कथित तौर पर हत्या कर दी गई थी। शुक्रवार को सीआईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि डीएनए परीक्षण रिपोर्ट और जांच से पुष्टि हुई है कि जांच के दौरान बरामद मांस और हड्डियां बांग्लादेश के सांसद



मोहम्मद अनवारुल अजीम अनार की हैं। सीआईडीअधिकारी ने कहा कि एजेंसी ने पिछले महीने अनार की बेटी की कोलकाता यात्रा के दौरान उसके डीएनए नमूने एकत्र किए थे। उन्होंने कहा कि नमूने परीक्षण के लिए केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला में भेजे गए थे। दोनों डीएनए नमूने मेल खाते हैं। हमें हाल ही में रिपोर्ट मिली है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 22 मई को कोलकाता पुलिस के अधिकारियों ने पुष्टि की थी कि अनार की हत्या की गई है। पुलिस ने बाद में उत्तर 24 परगना में एक सेप्टिक टैंक से बड़ी मात्रा में मांस बरामद किया और जून में दक्षिण 24 परगना में एक नहर के किनारे से हड्डियां बरामद कीं।

# कांग्रेस से सहयोगियों का बढ़ रहा अलगाव, इसके लिए राहुल गांधी जिम्मेदार : प्रह्लाद जोशी



☛ **केंद्रीय मंत्री ने कहा... 'ममता बनर्जी, शरद पवार और उद्धव ठाकरे जैसे नेता कांग्रेस से दूरी बना रहे हैं'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** संसद परिसर में हुई हाथापाई की घटना पर जारी गहमागहमी के बीच केंद्रीय मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि विपक्षी खेमे में कांग्रेस और उसके सहयोगियों के बीच अलगाव बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अपने सहयोगियों के बीच कांग्रेस के अलग-थलग पड़ने (बढ़ते अलगाव) के लिए राहुल गांधी जिम्मेदार हैं। उन्होंने दावा किया कि ममता बनर्जी, शरद पवार और उद्धव ठाकरे जैसे नेता कांग्रेस से दूरी बना रहे हैं। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री जोशी ने यहां बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों में प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना पर समीक्षा बैठक के इतर पत्रकारों से बातचीत में संसद परिसर में हुई घटना को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है और कांग्रेस नेता के निम्न स्तर के व्यवहार को दर्शाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ममता बनर्जी, शरद पवार और उद्धव ठाकरे जैसे नेता कांग्रेस से दूरी बना रहे हैं और इसका कारण राहुल गांधी हैं।

# बड़ाबाजार के युवा नेता सहित कई तृणमूल नेता हुए निष्कासित

☛ **दल विरोधी गतिविधियों के लिए उठाया गया कदम**

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने बडाबाजार के युवा नेता तरुण तिवारी को भी निष्कासित कर दिया। वे युवा तृणमूल के सचिव पद पर थे। युवा तृणमूल के इस नेता के खिलाफ रंगदारी की शिकायत कल पोस्ता थाने में अभिषेक बनर्जी के नाम से दर्ज कराई गई थी। एक व्यवसायी ने तरूण तिवारी के खिलाफ यह शिकायत दर्ज कराई है । इसके बाद तृणमूल ने उस युवा नेता के खिलाफ कार्रवाई की युवा तृणमूल अध्यक्ष व सांसद सायनी बनर्जी ने तरुण तिवारी को निष्कासित करने के लिए पत्र लिखा है। पोस्ता थाने की पुलिस ने आरोपी नेता को तृणमूल से निष्कासित करने के साथ ही गिरफ्तार भी कर लिया।

इसके अलावा पार्टी विरोधी गतिविधियों और अनुशासनहीनता के आरोप में तृणमूल कांग्रेस ने एक साथ कई नेताओं को निष्कासित कर दिया। निष्कासित नेताओं में तृणमूल प्रोफेसरों के संगठन वेबकूपा के उपाध्यक्ष मणिकांर मंडल भी शामिल हैं। मणिशंकर वेबकूपा के उपाध्यक्ष के अलावा कल्याणी विश्वविद्यालय के कार्यकारी परिषद सदस्य भी थे। उन्हें उस पद से भी हटा दिया गया है । सूत्रों के मुताबिक उन्हें भी वहां से हटा दिया गया है, इसके अलावा तृणमूल माध्यमिक शिक्षक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष प्रीतम हलदर को भी निष्कासित कर दिया गया है। दूसरी ओर, शिक्षक संगठन के दो नेताओं मणिशंकर और प्रीतम के खिलाफ विभिन्न पार्टी विरोधी गतिविधियों की शिकायतें तृणमूल नेतृत्व को सौंपी गई। इसके बाद पार्टी के शिक्षा संगठन के अध्यक्ष ब्रात्य बसु ने इन दोनों नेताओं को निष्कासित करने की घोषणा की।

### पार्टी से निष्कासन के बाद तरुण तिवारी गिरफ्तार

आरोपी तृणमूल नेता ने शिकायत की कि व्यवसायी कार्यालय में आकर पैसे देना चाहता था लेकिन उसने इसे नहीं लिया। व्यापारी का वकील वह पैसा चुकाना चाहता था। उसने बताया कि वे जानते है कि बिजनेसमैन धोखेबाज है। वे पैसे लौटा देंगे। उसे फंसाया जा रहा है। तृणमूल नेता को यह भी लगता है कि इस घटना में पार्टी का ही कोई व्यक्ति शामिल है।

# शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में सोमवार को हो सकता हैं आरोप तय

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) करीब दो साल से भर्ती भ्रष्टाचार मामले की जांच कर रही है। अब अधिकारी उस मामले का पटाक्षेप करने को बेताब हैं। ईडी सूत्रों के मुताबिक सोमवार को भर्ती भ्रष्टाचार मामले में आरोप तय हो सकते हैं। सोमवार सुबह न्यायाधीश ने पार्थ चट्टोपाध्याय के दामाद कल्याणमय भट्टाचार्य, सुजयकृष्ण भद्र और एक उद्योगपति को बिचार भवन स्थित विशेष ईडी अदालत में पेश होने का निर्देश दिया। तीन की उपस्थिति पर निर्भर करता है। यदि इनमें से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ तो सोमवार को आरोप तय नहीं किए जाएंगे। ईडी सूत्रों के मुताबिक, पार्थ चट्टोपाध्याय के दामाद कल्याणमय भट्टाचार्य फिलहाल विदेश में हैं। उनके वकील ने कहा कि वह शनिवार तक घर लौट आएंगे। जिस उद्योगपति के खिलाफ मामला लंबित है, उसके वकील को भी सोमवार तक व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया गया है। उनके वकील ने आभासी उपस्थिति के लिए मौखिक अनुरोध किया। लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया। दूसरी ओर,



'कालीघाट के काकू' सुजयकृष्ण भद्र को भी व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होना होगा। हालाँकि वह बीमारी के कारण बार-बार अदालत में उपस्थित होने से बचते रहे, लेकिन न्यायाधीश का स्पष्ट आदेश था कि चाहे वह कितना भी बीमार क्यों न हो, उसे अदालत में उपस्थित होना ही होगा। यदि दिन के पहले भाग में तीन लोग अनुपस्थित हैं, तो दूसरे भाग में मामले का आरोप तय किया जा सकता है। यदि इन तीनों में से कोई भी सोमवार को अदालत में उपस्थित नहीं होता है, तो सोमवार को आरोप तय नहीं किया जा सकेगा। कई कंपनियों समेत बाकी 51 आरोपी या उनके वकील शुक्रवार को पेश हुए।

### पार्थ चटर्जी के भ्रष्टाचार का नया खुलासा, 'डोनेशन' के जरिए काले धन को सफेद करने का आरोप

शिक्षक नियुक्ति घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नया खुलासा करते हुए बताया है कि पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और उनके दामाद कल्याणमय भट्टाचार्य ने 'डोनेशन' के नाम पर काले धन को सफेद करने का संगठित तरीका अपनाया। इस संबंध में, ईडी ने अदालत में पांचवीं अतिरिक्त चार्जशीट दाखिल की है, जिसमें पार्थ और उनके परिजनों की संलिप्तता का उल्लेख किया गया है। ईडी के अनुसार, पार्थ चटर्जी की पत्नी के नाम पर बनाए गए बबली चटर्जी मेमोरियल ट्रस्ट को भ्रष्टाचार का मुख्य जरिया बनाया गया। पार्थ चटर्जी ने विभिन्न लोगों को नकद पैसे देकर ट्रस्ट के लिए 'डोनेशन' के रूप में वापस मंगवाया। ट्रस्ट को बड़ी रकम चेक के माध्यम से डोनेशन के रूप में मिली, लेकिन ईडी की जांच में पाया गया कि वह पैसा पहले नकद के रूप में पार्थ चटर्जी से लिया गया था। कल्याणमय भट्टाचार्य, जो ट्रस्ट के एक ट्रस्टी थे, ने ईडी के समक्ष स्वीकार किया कि ट्रस्ट के लिए 1.17 करोड़ रुपये बतौर डोनेशन जुटाए गए थे। इस पैसे से वर्ष 2019 में 15 कट्ठा जमीन खरीदी गई। इसके अलावा, 2017 में कल्याणमय ने पार्थ के कहने पर एक कंपनी बोटानिक्स एग्रो टेक्स प्राइवेट लिमिटेड बनाई, जिसका इस्तेमाल नकद धन को वैध दिखाने के लिए किया गया। ईडी ने यह भी दावा किया कि पार्थ ने अपने दामाद को 15 करोड़ रुपये दिए, जिससे उन्होंने एक स्कूल बीसीएम इंटरनेशनल की स्थापना की। जांच में पाया गया कि पार्थ और उनके परिजनों ने धन को छिपाने के लिए कई फर्जी कंपनियां बनाई और उनका संचालन किया। ईडी ने बताया कि बबली चटर्जी मेमोरियल ट्रस्ट के पीछे पार्थ चटर्जी की योजना थी, जिसमें उनकी बेटी सोहिनी चटर्जी ट्रस्ट की अध्यक्ष थीं। हालांकि, चार्जशीट में सोहिनी को आरोपित नहीं बनाया गया है। वर्तमान में, सोहिनी और उनके पति कल्याणमय विदेश में हैं, जिससे ईडी की जांच में दिक्कत आ रही है।

**Office of The Purulia-I Panchayat Samity**
P.O.: Kotlai, Dist.: Purulia, Pin: 723103

**Memo No.: 776/EO/Pur-I** **Date: 20.12.2024**

**Notice**

Executive Officer, Purulia-I Panchayat Samity invites E-tender as follows: **NIeT No.- WBPUR/EO/Niet-09/2024-25, dt. 20.12.2024, for 1 no. scheme (Tender ID 2024_DM_788143_1) Const. of ACR building-1 no. Dining hall- 1no. Girl's toilet-1no.** within the jurisdiction of Purulia-I Panchayat Samity. Last Date of Tender Submission is **02.01.2025 up to 06:55 pm. respectively.** Details may obtained from website : https://wbtenders.gov.in.

Sd/-
Executive Officer
Purulia-I Panchayat Samity

**Notice Inviting Re e-Tender**

**Ref e-NIT No.: 2024_ZPHD_788557_1 to 2024_ZPHD_788557_2**

A Re e-Tender **(Notice: 852, Date: 20.12.2024)** containing two number of schemes for construction work under Kalna-II Panchayat Samity, Purba Bardhaman has been floated amounting to **Rs. 35.73335 lakhs. Fund- NHM & 5th SFC.**

Bid Submission End on: **10.01.2025 at 06:00 PM.**

Log on Gov. Website: www.wbtenders.gov.in

Please look for details in the undersigned office notice board.

Sd/-
Executive Officer
Kalna-II Panchayat Samity
Singerkone, Purba Bardhaman

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र-3**

उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/इंजी./गति शक्ति इकाई, हावड़ा मंडल द्वारा पूर्व प्रकाशित ई-निविदा सं.: 05_2024-25, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/सड़क सुरक्षा परियोजना, पूर्व रेलवे के कार्यालय के लिए जनरल कंसल्टेंट की नियुक्ति के कार्य के संबंध में उक्त निविदा में शुद्धिपत्र। तकनीकी कारण से, सीएओ/कॉन/आरएसपी के कार्यक्षेत्र में ई-निविदा सं. 05_2024-25 में, एक (01) निविदा कागजात को हटाया गया है एवं एक (01) निविदा कागजात को शामिल किया गया है। निविदा सूचना के सभी अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। HWH-499/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलीमी सूचना सं. : सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/डिजिचार्ट-8/2024, दिनांक** 19.12.2024 वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा वाणिज्यिक प्रचार के अधिकार का अनुबंध प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। **कैटलॉग सं.: एचडब्ल्यूएच-डिजिचार्ट-8, नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 03.01.2025 को 12.00 बजे। **क्रम सं.: एए/1, लॉट सं.:** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएसडी-130-24-1 [विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (डिजिटल)], **विवरण:** हावड़ा स्टेशन प्लेटफार्म - 8 पर डिजिटल पैसेंजर रिजर्वेशन चार्ट बोर्ड कियोस्क की स्थापना, परिचालन और रखरखाव, 50:50 समय/जगह साझा करने के आधार पर वाणिज्यिक विज्ञापनों की गुंजाइश के साथ। HWH-497/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**एनआईटी सं.: 291_2024-25, दिनांक 18.12.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 (वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के क्षेत्रधिकार हेतु) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी/ एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **कार्य का विवरण :** एईएन/बैण्डेल के कार्यक्षेत्र में नैहाटी-बैण्डेल के बीच बहु स्पैन आर्च ब्रिज नं. 6 का आरसीसी जैकेटिंग के संचालन एवं अन्य मरम्मत कार्य द्वारा सुदृढ़ीकरण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 3,21,45,555.47, **बयाना राशि:** रु. 3,10,700/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 07.01.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-496/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**PWD (GOVT OF WB) TENDER NOTICE**

**eNIT No.: 61/City(M) of 2024-25** of The E.E.-I , City Dvn., P.W.D. for the work i.c.w. inauguration of Gangasagar Mela 2025 at Outram Ghat transit point, Kolkata. are invited from bonafied decorators having credential for similar urgent nature of works & State Ceremonies. Bid submission closing date (online) will be on **24.12.2024 at 14.00 hrs. Tender ID: 2024_PWD_788752_1.** Other details may be seen from the web site: http://etender.wb.nic.in & http://wbpwd.in .

Sd/-
Executive Engineer-I
City Division, P.W.D

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: ओ-एसी-टी-153, 175 एवं 179 से 181-24-25 (खुली), दिनांक 18.12.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, केस सं.** : ओ-एसी-टी-175-24-25, **कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के अधीन आसनसोल (एएसएन), पानागढ़ (पीएएन), पाण्डवेश्वर (पीएडब्ल्यू), कालीपहाड़ी (केपीके), दुर्गापुर (डीजीआर), तापसी (टीओपी) आदि के प्लेटफॉर्म में पाइपलाइन एवं सहायक कार्यों के साथ आरसीसी ओएच टैंकों द्वारा क्षतिग्रस्त टैंकों की बदली के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 6,86,39,847.76, **बयाना राशि :** रु. 4,93,200/-, **क्रम सं. 2, केस सं.** : ओ-एसी-टी-153-24-25, **कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल में मधुपुर, बासुकीनाथ, बैद्यनाथधाम, देवघर, भलुआ, धनपतडीह, गिरिडीह, घोरमारा, जगदीशपुर, जामताड़ा, जोरामऊ, कुमड़ाबाद रोहिणी, कृष्ण बल्लभ सहाय हॉल्ट, ककबारा, महेशमुंडा, मदनकट्टा, मथुरापुर, नरगंजो, आरजे और पानागढ़ स्टेशनों में दिव्यांगजन हेतु न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं के लिए खुली निविदा । **निविदा मूल्य :** रु.6,01,46,942.06, **बयाना राशि :** रु. 4,50,700/-, **क्रम सं. 3, केस सं.** : ओ-एसी-टी-179-24-25, **कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/2/आसनसोल के अधीन प्रतिस्थापन के आधार पर बैद्यनाथधाम कॉलोनी में इंजीनियरिंग, रनिंग, ऑपरेटिंग एवं एस एंड डी स्टाफ हेतु 8 यूनिट टाइप-II क्वार्टरों के निर्माण के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,90,12,360.44, **बयाना राशि :** रु. 2,45,100/-, **क्रम सं. 4, केस सं.** : ओ-एसी-टी-180-24-25, **कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/2/आसनसोल के अधीन कोचिंग डिपो मधुपुर में शंटिंग नेक के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 2,11,05,119.46, **बयाना राशि :** रु. 2,55,500/-, **क्रम सं. 5, केस सं.** : ओ-एसी-टी-181-24-25, **कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल के अधीन 16बीएन/आरपीएसएफ/आसनसोल में संलग्न शौचालय/स्नानघर, रसोईघर आदि के साथ पूर्ण रूप से सज्जित 50 बेड (डबल बेड रूम) स्टाफ बैरक के निर्माण के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,89,78,725.64, **बयाना राशि :** रु. 2,44,900/-, **कार्य की समापन अवधि:** क्रम सं. 1 के लिए 18 माह और क्रम सं. 2 से 5 प्रत्येक के लिए 12 माह। **अंतिम तिथि और समय:** क्रम सं. 1 से 5 प्रत्येक के लिए दिनांक 13.01.2025 को 12.00 बजे । संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है। ASN-278/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/521, दिनांक** 19.12.2024, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम ऑफिस, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सं. : एसडीएसटीई/टेली/टी/16/24-25/आरआरएसके। कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** डीआरएम मीटिंग रूम सियालदह में कॉन्फ्रेंस सिस्टम का विस्तार। **निविदा मूल्य :** रु.67,35,189.25, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.1,34,700/-, **कार्य की समापन अवधि:** 03 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथि:** 31.12.2024, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथि:** 14.01.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथि:** 14.01.2025 को 14.30 बजे। विवरण www.ireps.gov.in से देखा जा सकता है। **तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर-VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म-6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृति:** एमआईएस/एलएएन/डब्ल्यूएएन/हेल्पलाइन/यूटीएस/पीआरएस/एफओआईएस/वैल्यू एडेड इन्क्वायरी सिस्टम/वीडियो इन्क्वायरी सिस्टम/डेटा कनेक्टिविटी/डेटाकॉम इक्विपमेंट/वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/वायरलेस कम्यूनिकेशन/सिक्योर्ड कम्यूनिकेशन/वाई-फाई के प्रावधान से संलग्न कोई टेलीकम कार्य/कम्प्यूटर आधारित इन्क्वायरी सिस्टम से संलग्न टेलीकम कार्य को मौजूदा निविदा कार्य के लिए समरूप प्रकृति के कार्य के रूप में विवेचित किया जाएगा। **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व-सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे। SDAH-283/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

**सियालदह मंडल के तहत ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

सीमित ऊँचाई के सबवे के लिए रेलवे ट्रैक पर आर.सी.सी. बॉक्स और बेस स्लैब को बैठाए जाने के संबंध में, दिनांक **22.12.2024 (रविवार)** को सियालदह मंडल के तहत कृष्णनगर सिटी जं.-लालगोला शाखा में लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 113/ई में (किमी 169/17-19 में) अप और डाउन दोनों लाइनों पर 06 घंटे 30 मिनट (10.15 बजे से 16.45 बजे तक) के लिए ट्रैफिक और पावर ब्लॉक की आवश्यकता होगी। इसके फलस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार नियंत्रित किया जाएगा:- • **ट्रेनें रद्द: दिनांक 21.12.2024 (शनिवार) को: सियालदह-लालगोला: अप** 03191, **दिनांक 22.12.2024 (रविवार) को: कृष्णनगर सिटी जं.- लालगोला: अप** 31861/**डाउन** 31864, **लालगोला-सियालदह: डाउन** 03190, **आजिमगंज - कृष्णनगर सिटी जं.: डाउन** 03020/**अप** 03019 • **ट्रेनों की संक्षिप्त यात्रा समाप्त और संक्षिप्त यात्रा शुरू [दिनांक 22.12.2024 (रविवार)]: (i) 31773 अप** रानाघाट-लालगोला पैसेंजर रेजिनगर पर संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और **31770 डाउन** लालगोला-रानाघाट पैसेंजर लालगोला के बदले रेजिनगर से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी **(ii) 31769 अप** रानाघाट-लालगोला ईएमयू पैसेंजर रेजिनगर पर संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और **31774 डाउन** लालगोला-रानाघाट ईएमयू पैसेंजर लालगोला के बदले रेजिनगर से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी **(iii) 03115 अप** सियालदह-लालगोला मेमू पैसेंजर प्लासी पर संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और **03196 डाउन** लालगोला-सियालदह मेमू पैसेंजर 14.15 बजे लालगोला के बदले प्लासी से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी **(iv) 31819 अप** सियालदह-कृष्णनगर सिटी जं. लोकल रानाघाट पर संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और **31840 डाउन** कृष्णनगर सिटी जं.-सियालदह लोकल कृष्णनगर सिटी जं. के बदले रानाघाट से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। • **ट्रेनों का पुनर्निर्धारण [दिनांक 22.12.2024 (रविवार)]: (i) 03183 अप** सियालदह-लालगोला पैसेंजर 20 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी अर्थात यह सियालदह से 12.40 बजे के बदले 13.00 बजे छूटेगी और ब्लॉक रद्द न होने तक मार्ग में रेजिनगर तक नियंत्रित की जाएगी। **(ii) 03192 डाउन** लालगोला-सियालदह पैसेंजर 75 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी अर्थात यह लालगोला से 14.45 बजे के बदले 16.00 बजे छूटेगी और बरहामपुर कोर्ट तक मार्ग में नियंत्रित की जाएगी। ब्लॉक अवधि के दौरान ट्रेन के आवागमन में विलंब हो सकता है। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बंगाल धर्म निरपेक्ष राज्य जहां होता है सभी धर्म का सम्मान : बेचाराम मन्ना

## कहा... 'उत्सव रोकने वालों को बंगाल की जनता ने दिया करारा जबाब'

**हुगली, समाज्ञा :** 13वें हरिपाल मेले के दौरान राज्य के कृषि विपणन मंत्री बेचाराम मन्ना ने विरोधी दलों पर जमकर प्रहार किया कहा कि आरजीकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लेडी डॉक्टर की हत्या और हैवानियत के बाद विरोधी दलों ने बंगाल में दुर्गा उत्सव रोकने का प्रयास किया था। लेकिन बंगाल की जनता ने उन्हें करारा जवाब दिया। पश्चिम बंगाल में चौतरफा उत्सव हुआ। क्योंकि उत्सव पर करोड़ों लोगों की जीविका निर्भर होती है। आरजी कर की घटना दुखद थी लेकिन इसके लिए उत्सव को रोककर रोजी-रोटी पर प्रहार करना घृणित राजनीति का परिचय है। जो



लोग उत्सव रोकने में लगे थे वह अपने ससुराल में जाकर उत्सव मानाने में मगरूर थे। मन्ना ने कहा कि हरपाल में आयोजित होने वाले मेले के लिए 64 हजार घरों में निमंत्रण पत्र बांटे गए। लगभग 85% ग्रामीण आबादी में मेले का निमंत्रण भेजा गया यह अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। जिले के हरिपाल के गुरुद्वारा स्कूल मैदान में आयोजित 13 वां हरिपाल मेले का उद्घाटन सिंचाई और जलमार्ग, जल संसाधन अनुसंधान और विकास मंत्री मानस भुइयां और राज्य के कृषि विपणन मंत्री बेचाराम मन्ना ने दीप प्रज्वलित करके किया। मौके पर हुगली जिला शासक मुक्ता आर्या, हुगली ग्रामीण पुलिस सुपर कमनाशीष सेन, अभिनेत्री नुसरत जहां, जिला परिषद के कर्माध्यक्ष, हरिपाल विधायक कारवी मन्ना, सीआई प्रशांत चटर्जी, अधिवक्ता, स्वरूप मित्रा, बांसबेड़िया के विशिष्ठ समाजसेवी सोना सील समेत गणमान्य उपस्थित रहे। मंत्री बेचाराम मन्ना ने कहा कि सिंगुर-हरिपाल की 85 प्रतिशत जनता कृषि पर निर्भर है। इसलिए नदियों और नहरों का संस्कार करवाया गया है ताकि कृषि प्रभावित न हो। मंत्री ने कहा कि पिछले 13 वर्षों से हरपाल में मेले का आयोजन हो रहा है 20 दिसंबर से शुरू हुआ यह मेला आगामी 1 जनवरी को संपन्न होगा मेले में रोजाना तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस मेले में प्रत्येक दिन हजारों लोगों का समागम होगा। अभिनेत्री नुसरत जहां ने कहा कि मेले का मतलब होता है एकता सद्भावना मिलन सभी धर्म जाति के लोगों को एक सूत्र में बांधने का प्रतीक मेला होता है। कहा कि बीते वर्ष की खट्टी मीठी यादें संजोकर नए वर्ष में मेले का समापन होगा।

# राज्यपाल कार्यालय को सूचित किए बिना दीक्षा समारोह आयोजित करना अनधिकृत : राजभवन

## जेयू के अंतरिम कुलपति को कारण बताओ नोटिस भेजकर मांगा गया स्पष्टीकरण

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने कहा है कि जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के अंतरिम कुलपति भास्कर गुप्ता द्वारा उनके कार्यालय को सूचित किए बिना 24 दिसंबर को दीक्षा समारोह आयोजित करने का निर्णय अनधिकृत है। राजभवन के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी बताया कि राज्य संचालित विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बोस ने भास्कर गुप्ता को कारण बताओ नोटिस जारी कर मामले में स्पष्टीकरण के लिए उन्हें राजभवन बुलाया है। राजभवन के अधिकारी ने बताया कि राज्यपाल



इस मामले से नाराज हैं। उन्होंने पाया है कि जादवपुर विश्वविद्यालय के अंतरिम कुलपति ने कार्यकारी परिषद (ईसी) जैसी विश्वविद्यालय की लोकतांत्रिक संस्थाओं को नजरअंदाज किया है। अधिकारी ने कहा कि वे (कार्यकारी परिषद) ही तारीख तय कर सकते हैं, इसलिए कुलपति ने अपनी शक्तियों से परे जाकर कार्यकारी परिषद की अनदेखी की है। इसीलिए कुलाधिपति ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है और स्पष्टीकरण मांगा है। कार्यकारी बैठक के बाद 17 दिसंबर को जादवपुर विश्वविद्यालय का दीक्षा समारोह 24 दिसंबर को तय किया गया। राजभवन के अधिकारी के अनुसार, राज्यपाल ने कहा है कि विश्वविद्यालय के अधिकारी छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकते। कुलपति ने उन्हें सूचित किए बिना कार्यक्रम की व्यवस्था की है जिस कारण दीक्षा समारोह आयोजित करना अनधिकृत है।

# जीआरएसई ने प्रतिष्ठित सीआईआई इंडस्ट्री-अकादमिया अवाड्र्स 2024 जीता

**कोलकाता, समाज्ञा :** गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) को नई दिल्ली के द ललित होटल में आयोजित सीआईआई इंडस्ट्री-अकादमिया अवाड्र्स 2024 में सम्मानित किया गया। जीआरएसई को इंडस्ट्री-अकादमिया पार्टनरशिप 2024 में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले शीर्ष उद्योग श्रेणी में नवाचारपूर्ण न्यू जनरेशन इलेक्ट्रिक फेरी परियोजना के लिए सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार जीआरएसई की इस प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रतियोगिता में पहली बार भागीदारी के तहत प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार जीआरएसई की ओर से कोमोडोर विनीथ एराट, भा.नौ.(से.नि.), महाप्रबंधक, सेंट्रल डिजाइन ऑफिस, और कमांडर मनोज कुमार गुप्ता, भा.नौ.(से.नि.),




महाप्रबंधक (मटेरियल, एससीसी, एचपी और आईपी) ने प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण डॉ. आर. ए. माशेलकर, पूर्व महानिदेशक, सीएसआईआर और सीआईआई इंडस्ट्रियल आईपी अवाड्र्स 2024 के जूरी प्रमुख द्वारा किया गया। पश्चिम बंगाल सरकार की परियोजना के तहत न्यू जनरेशन इलेक्ट्रिक फेरी जीआरएसई की स्थिरता और उन्नत तकनीक के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसे प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से विकसित किया गया है। यह पुरस्कार जीआरएसई की नव-ाचार को बढ़ावा देने, प्रभावशाली साझेदारियों को प्रोत्साहन देने और समुद्री क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# पूर्व रेलवे के 68वीं ऑल इंडिया रेलवे वॉलीबॉल चैंपियनशिप (पुरुष) का हुआ समापन

**कोलकाता, समाज्ञा :** ईस्टर्न रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित 68वीं ऑल इंडिया रेलवे वॉलीबॉल चैंपियनशिप (पुरुष) का शुक्रवार को समापन किया गया। माझेरहाट के ईस्टर्न रेलवे स्पोर्ट्स



अकादमी परिसर में आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त महाप्रबंधक सुमित सरकार उपस्थित रहे। फाइनल मैच के बाद सुमित सरकार ने विजेता टीम को ट्रॉफी और पदक प्रदान किए। सियालदह के डीआरएम दीपक निगम और विशिष्ट अतिथि ने उपविजेता टीम को ट्रॉफी और पदक दिए। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (सिस्टम) सत्यकीनाथ और ईस्टर्न रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ने दूसरे स्थान पर रही टीम और अन्य उत्कृष्ट खिलाड़ियों को ट्रॉफी और पदक वितरित किए। साउथ वेस्टर्न रेलवे ने 68वीं ऑल इंडिया रेलवे वॉलीबॉल चैंपियनशिप (पुरुष) 2024 का खिताब जीता, जबकि ईस्टर्न रेलवे उपविजेता रही। साउथ सेंट्रल रेलवे ने दूसरा उपविजेता स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में 20 टीमों ने हिस्सा लिया था, जिसमें कुल 292 प्रतिभागी शामिल थे। पूर्व रेलवे के शेख शरीफ को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया।

## सिएट ने प्रीमियम टायरों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कोलकाता में किया खुदरा कारोबार का विस्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** देश की प्रमुख टायर विनिर्माता, सिएट ने प्रीमियम खुदरा क्षेत्रों में अपने रणनीतिक विस्तार के तहत कोलकाता में तीन नए सिएट शॉपी आउटलेट खोलने की घोषणा की है। कंपनी इनके जरिये शहर में बेहतर प्रदर्शन वाले टायरों की बढ़ती मांग को पूरा करना चाहती है। नए आउटलेट का उद्घाटन सिएट की नेतृत्व टीम ने किया, जिसमें वैश्विक बिक्री और आपूर्ति श्रृंखला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विशाल पवार और बिक्री विभाग के उपाध्यक्ष, माणिक सिंह शामिल रहे। नए सिएट आउटलेट, कोलकाता के प्रमुख क्षेत्रों मोमिनपुर (अलीपुर), तोपसिया और पोद्दापुकुर में स्थित हैं। ये आउटलेट टायर सेवाओं जैसे व्हील बैलेंसिंग, व्हील अलाइनमेंट और नाइट्रोजन फिलिंग के लिए उन्नत उपकरणों सहित अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ खरीद का बेहतर अनुभव प्रदान करेंगे। सिएट लिमिटेड में वैश्विक बिक्री और आपूर्ति श्रृंखला खंड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विशाल पवार ने कहा, कोलकाता में इन नए आउटलेट का शुभारंभ हमारी विकास यात्रा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# सेट का रिजल्ट 15 फरवरी तक, जनवरी की शुरुआत में वेबसाइट पर अपलोड होगी आंसरशीट

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रोफेसरों की नियुक्ति के लिए निर्धारित पात्रता मानक परीक्षा के नतीजे फरवरी के मध्य तक जारी होने की संभावना है। कॉलेज सेवा आयोग के अनुसार, कॉलेज सर्विस कमीशन की ओर से 15 दिसंबर को सेट परीक्षा आयोजित की गई थी। आयोग सूत्रों के मुताबिक, आयोग परीक्षा के 60 दिनों के भीतर नतीजे प्रकाशित करना चाहता है। आयोग ने इसके अनुरूप तैयारी शुरू कर दी है। इस सेट परीक्षा के लिए कुल 58 हजार 867 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। कुल 87 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। कॉलेज सेवा आयोग ने भी इस वर्ष की परीक्षा सुचारू रूप से आयोजित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। कॉलेज सर्विस कमीशन के मुताबिक, आयोग परीक्षा के 60 दिनों के भीतर नतीजे प्रकाशित करना चाहता है। इसके लिए मॉडल उत्तर पुस्तिका आयोग की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। आयोग के मुताबिक, मॉडल आंसरशीट महीने के पहले हफ्ते में वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी. मॉडल उत्तर पुस्तिका के संबंध में परीक्षार्थियों की राय ली जाएगी। अभ्यर्थियों से प्राप्त राय के संबंध में आयोग के विशेषज्ञों से परामर्श के बाद ही अंतिम उत्तर पुस्तिका अपलोड की जाएगी। अंतिम उत्तर पुस्तिका अपलोड होने के बाद ही आयोग निर्धारित परिणाम जारी करेगा। ऐसे में आयोग 15 फरवरी से पहले रिजल्ट प्रकाशित कर सकता है। परिणाम जारी करने की तैयारी के लिए कॉलेज सेवा आयोग के अधिकारी पहले ही एक बैठक कर चुके हैं। यह भी माना जा रहा है कि सेट रिजल्ट जारी होने के बाद प्रोफेसरों की नियुक्ति को लेकर एक और अधिसूचना जारी होने की संभावना है।

# हावड़ा डिवीजन ने नवद्वीप धाम स्टेशन पर स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने नवद्वीप धाम स्टेशन पर रेलवे लाभार्थियों की चिकित्सा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक स्वास्थ्य शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही, जिनमें पूर्व रेलवे के प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. अनिरुद्ध कीर्तानिया, हावड़ा के सीएमएस डॉ. देबाशीष गुहा और अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. पार्थसारथी मित्रा शामिल रहे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, डॉ. कीर्तानिया ने नवद्वीप धाम स्टेशन का निरीक्षण किया और स्टेशन प्रबंधक को स्वच्छता मानकों



को सुधारने के लिए विशेष निर्देश दिए। उन्होंने लॉक-अप डिस्पेंसरी का भी निरीक्षण किया और इसके सुधार के लिए बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके अलावा, नवद्वीप धाम स्टेशन के पास स्थित बच्चों के पार्क में एक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जो पूर्वी रेलवे की पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सा विशेषज्ञों की एक टीम हावड़ा के एएसएमएस/एडमिन एवं जनरल सर्जन डॉ. सुबिमल गुप्ता, एसीएमएस वी. पांडेय, वरिष्ठ सलाहकार डॉ. ए.के. भट्टाचार्य, वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी (बाल रोग) डॉ. चैताली पात्रा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुप भट्टाचार्य, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. उदिता देब ने 84 लाभार्थियों को समग्र चिकित्सा सेवाएं प्रदान की। इस मौके पर डॉ. प्रशांत दास, डिवीजनल मेडिकल ऑफिसर और उनकी टीम ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई, जिन्होंने कटवा और हावड़ा से चिकित्सा कर्मचारियों के साथ समन्वय किया।

## हावड़ा स्टेशन के पास बनारस रोड ओवरब्रिज के निर्माण के लिए 30 जोड़ी लोकल ट्रेनें रद्द

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन के डिवीजनल रेलवे मैनेजर संजीव कुमार ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में हावड़ा और लिलुआ स्टेशन के बीच पुराने बनारस रोड ओवरब्रिज के स्थान पर एक अत्याधुनिक बॉ- स्ट्रिंग गार्डर ब्रिज के निर्माण के लिए प्रस्तावित ट्रेन संचालन में बदलावों पर चर्चा की। इस निर्माण परियोजना के दौरान ट्रेन संचालन में बदलाव किए गए हैं। जिनमें ट्रेनों को रद्द,डायवर्ट,और ट्रेन सेवाओं का पुनर्निर्धारित किया गया है। यह कार्य 21 दिसंबर 2024 से 1 फरवरी 2025 तक किया जाएगा। डीआरएम ने लोकल और लंबी दूरी की ट्रेनों पर इसके प्रभाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी और इस दौरान यात्रियों को न्यूनतम असुविधा हो, इसके लिए किए गए कदमों की भी जानकारी दी। इस कार्य के लिए 21 दिसंबर से 22 जनवरी तक रद्द की गई ट्रेनों में 15 जोड़ी हावड़ा-बंडेल-हावड़ा लोकल, 11 जोड़ी हावड़ा-शेउराफुली-हावड़ा लोकल, 02 जोड़ी हावड़ा-बेलुर मठ-हावड़ा लोकल, 02 जोड़ी हावड़ा-श्रीरामपुर-हावड़ा लोकल शामिल है। 23.12.2024 से 28.12.2024 तक 03051 अप हावड़ा-वर्दवान मेमू स्पेशल को हावड़ा-वर्दवान कॉर्ड लाइन से डाइवर्ट किया जाएगा। इसके साथ ही 12370 डाउन देहरादून-हावड़ा कुंभ एक्सप्रेस, 12328 डाउन देहरादून-हावड़ा उपासना एक्सप्रेस, 15272 डाउन मुजफ्फरपुर-हावड़ा जनसाधारण एक्सप्रेस और 15236 डाउन दरभंगा-हावड़ा साप्ताहिक एक्सप्रेस के रूट में औसतन 60 मिनट की देरी होगी। इसके अलावा, अन्य ट्रेनों में भी प्रभाव पड़ेगा।




राइजिंग एशिया-बीसीसीआई समिट 2024 में द बंगाल पिवट टू द ईस्ट विषय पर वक्तव्य देते हुए अनिरुद्ध लाहिरी, अध्यक्ष, राइजिंग एशिया फाउंडेशन, रुद्र चटर्जी, चेयरमैन, ओबीटी, और प्रबंध निदेशक, लक्ष्मी टी, अर्नब बसु, अध्यक्ष, बीसीसीआई, डॉ. अमित मित्रा, पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के प्रधान मुख्य सलाहकार और वित्त विभाग (कैबिनेट मंत्री रैंक), पश्चिम बंगाल सरकार, संजय बुधिया, प्रबंध निदेशक, पैटन इंटरनेशनल लिमिटेड और डॉ. हरीश सी. मेहता, संस्थापक चेयरमैन, राइजिंग एशिया फाउंडेशन।

# श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति के नये जल प्याऊ का हुआ उद्घाटन



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति द्वारा कोलकाता के मेनोका सिनेमा हॉल (लेक) के सामने जल प्याऊ का उद्घाटन वार्ड 87 की पार्षद मनीषा बोस के द्वारा तथा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता की देखरेख में एवं समिति के प्रधान सचिव बिमल दीवान, उप-सचिव पवन बंसल एवं सुभाष सवालदवाला के उपस्थिति में किया गया। इस मशीन द्वारा संचालित शीतल जल प्याऊ का निर्माण शीला कानोड़िया फाउंडेसन अपने पूर्वजो एवं ट्रस्टी स्व. श्याम सुन्दर कनोड़िया के स्मृति में अपने आर्थिक सहयोग से किया। दानदाता की ओर से अनुजा टांटिया उद्घाटन समारोह में उपस्थित थी। इस प्याऊ से राहगीर शीतल जल का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के कार्यकर्त्ता जयप्रकाश गुप्ता, मनोज चौधरी, सौरभ अग्रवाल, पुनीत कनोई, राजेश मानसकिया, दुर्शीचांद अग्रवाल, महेश काबरा, सुनीता झुनझुनवाला, दिनेश खेमका आदि की उपस्थिति एवं सहयोग रहा।

# फीड इंडिया मूवमेंट एसोसिएशन का झाड़ग्राम में कम्बल वितरण



**कोलकाता, समाज्ञा :** फीड इंडिया मूवमेंट द्वारा झाड़ग्राम के बेलपहाड़ी में अनुसुचित जाति/जनजाति के ग्रामीण महिलाओं व वृद्धों के बीच कम्बल वितरण की गई। संस्था के सचिव बी. के. दास ने बताया कि यह बात सत्य है कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर गरीब, विशेषकर जनजाति लोगों को नहीं मिल पाती है। अत: हमारी संस्था थोड़ी मदद करके इनके चेहरे पर खुशी लाने का कार्य करती है। हमलोग राज्य के हर जिले में इस तरह के कार्यक्रम लगातार आयोजन करते हैं। संस्था के संस्थापक वी के. शर्मा ने बताया कि हमारी संस्था निरन्तर भोजन व अन्य साम्रगी की सहायता देती आ रही है। अब तक लगभग तीन लाख लोगो को हमने सेवा प्रदान की है। भविष्य मे बड़ी योजना है यदि लोग साथ दे। इस मौके पर संस्था के वरिष्ठ सदस्य शंकर हलदर, प्रो. नंजमूल आलम मंडल, डॉ. रामप्रसाद्ध आता, आशीस झा, अमन रे, परमवी सिंह मौजूद थे। संस्था उमाकांत मिश्रा एवं डॉ रूमा गोम्स के विशेष मार्गदर्शन पर निरंतर सेवा कर रही है।

# डॉ. प्रबोध नारायण सिंह स्मृति व्याख्यान एवं सृजन सारथी सम्मान-2024



**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता विश्वविद्यालय, हिन्दी विभाग एवं शुभ सृजन नेटवर्क के संयुक्त तत्वावधान में प्रो. प्रबोध नारायण सिंह जन्मशताब्दी वर्ष में प्रबोध नारायण सिंह स्मृति व्याख्यान एवं सृजन सारथी सम्मान- 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व प्रोफेसर एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. चंद्रकला पाण्डेय, हिन्दी विभाग के पूर्व आचार्य एवं वरिष्ठ आलोचक प्रो. शंभुनाथ, वरिष्ठ पत्रकार विश्वंभर नेवर ने अपना वक्तव्य रखा। पूर्व आचार्य प्रो. अमरनाथ ने देशभर में कई सम्मानों एवं पुरस्कारों से सम्मानित पूर्व प्रो. चन्द्रकला पाण्डेय के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. राजश्री शुक्ला ने अपने स्वागत वक्तव्य से किया। कार्यक्रम में प्रतिष्ठित महाविद्यालयों के प्राध्यापक/प्राध्यापिका एवं डॉ. ममता त्रिवेदी, डॉ. कुलदीप कौर, प्रो. मंटू दास, प्रो. मनीषा त्रिपाठी, डॉ. अल्पना नायक, डॉ. सत्यप्रकाश तिवारी, डॉ. नमिता जायसवाल, डॉ. विक्रम साव, उत्तम कुमार ठाकुर, कार्तिक कुमार साव, पीहू पापिया, डॉ. विजया सिंह, नूपुर तिवारी, श्रीमोहन तिवारी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. राम प्रवेश रजक और सुषमा त्रिपाठी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन स्कॉटिश चर्च कॉलेज के हिन्दी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. गीता दुबे ने किया।

# वैंकटेश्वर विश्वविद्यालय में महाकाव्य लोकार्पण

**कोलकाता, समाज्ञा :** वैंकटेश्वर विश्वविद्यालय में महाकवि डॉ. मधु चतुर्वेदी विरचित महाकाव्य-देवयानी का लोकार्पण पूर्वाध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग, निवर्तमान आचार्य, बरेली कॉलेज, बरेली और वर्तमान चेयरमैन, एनटीए प्रोफ़ेसर प्रदीप जोशी, बिड़ला




फ़ॉउण्डेशन के अध्यक्ष प्रोफ़ेसर सुरेश ऋतुपर्ण, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के उपक्रम रज़ा संग्रहालय और पुस्तकालय, रामपुर के निदेशक प्रो. पुष्कर मिश्रा और वैंकटेश्वर विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी ने किया। इस अवसर पर वैंकटेश्वर समूह के संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि की संकल्पना को साकार करते हुए सांस्कृतिक संस्था मधुरम् के सहयोग से देश-विदेश के विविध विधा-विशेषज्ञों को वैंकटेश्वर सृजनश्री सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन अखिल भारतीय साहित्य परिषद के यतीन्द्र कटारिया और सञ्चालन प्रोफ़ेसर राहुल अवस्थी ने किया। डॉ. गिरधर राय (कोलकाता) के सान्निध्य, अशोक मैत्रेय की अध्यक्षता और अभिनव अभिन्न के संचालन में, समारोह के द्वितीय सत्र में प्रवासी साहित्यकार और नेहरू सेण्टर लन्दन की पूर्व प्रमुख दिव्या माधुर एंजली डोहर्टी (वेल्स, विधिवेत्ता बौद्धिक सम्पदा), ज्ञान प्रकाश आकुल (गीतकार) प्रोफ़ेसर सर्वेश त्रिपाठी (आय एम लखनऊ), सोनी सुगंधा (कवयित्री, टाटानगर, झारखण्ड), डॉ. मनोज आर्य (हिन्दी ग़ज़लकार), अरविंद अग्निहोत्री पथिक (लेखक, दिल्ली) सहित विभिन्न विधाओं के 171 विशेषज्ञों का सम्मान किया गया।

# सोमवार से दमदम के बजाय दक्षिणेश्वर से ब्लू लाइन पर मेट्रो सेवाएं शुरू

### ✒ प्रायोगिक तौर पर होंगी परिसेवा

**कोलकाता, समाज्ञा :** सोमवार से मेट्रो सेवाएं दमदम की बजाए दक्षिणेश्वर से शुरू या समाप्त होंगी। मेट्रो अधिकारियों ने उस दिन से परीक्षण के आधार पर ब्लू लाइन पर सेवाओं को संशोधित करने का निर्णय लिया है। उम्मीद है कि इस कदम से मेट्रो यात्रियों को फायदा होगा। मेट्रो सेवाएं पूरे दिन 7 मिनट के अंतराल पर संचालित की जाएंगी। हालांकि, कवि सुभाष से निकलने वाली निम्नलिखित ट्रेनें केडी -229 (20:27 बजे), केडी-235 (20:48 बजे), केडी-241 (21:12 बजे), केडी-247 (21:40 बजे) दमदम स्टेशन पर समाप्त होगी। सोमवार से शनिवार तक प्रथम सेवा 06:50 बजे नोआपाड़ा से कवि सुभाष तक (नई सेवा), कवि सुभाष से दक्षिणेश्वर तक (कोई परिवर्तन नहीं)



प्रातः 06:55 बजे, दक्षिणेश्वर से कवि सुभाष तक (07.00 बजे के बजाय) प्रातः 06:55 बजे और महानायक उत्तम कुमार से दक्षिणेश्वर तक (कोई परिवर्तन नहीं) चलेगी। जबकि अंतिम सेवा 21:30 बजे कवि सुभाष से दक्षिणेश्वर तक (कोई परिवर्तन नहीं), 21:33 बजे दक्षिणेश्वर से कवि सुभाष तक (21:28 बजे के बजाय) 21:40 बजे और कवि सुभाष से दमदम तक (कोई परिवर्तन नहीं) तक चलेगी। ब्लू लाइन पर विशेष रात्रि मेट्रो सेवाएं कवि सुभाष और दमदम स्टेशनों से हमेशा की तरह रात 10.40 बजे उपलब्ध होंगी। सोमवार से शुक्रवार तक उपलब्ध होगी। रविवार से ब्लू लाइन पर, जो सेवाएं अब कवि सुभाष के लिए दम दम से समाप्त/शुरू हो रही हैं, वे परीक्षण के आधार पर कवि सुभाष के लिए दक्षिणेश्वर से समाप्त/शुरू होंगी। हालांकि, कवि सुभाष केडी 113 (20:05 बजे), केडी-123 (21:01 बजे), केडी-129 (21:40 बजे) से निकलने वाली निम्नलिखित ट्रेनें दम दम स्टेशन पर समाप्त होंगी। प्रथम सेवा प्रातः 09:00 बजे नोआपाड़ा से कवि सुभाष तक (नई सेवा), नोआपाड़ा से दक्षिणेश्वर तक (नई सेवा), कवि सुभाष से दक्षिणेश्वर तक (कोई परिवर्तन नहीं) और दक्षिणेश्वर से कवि सुभाष तक (कोई परिवर्तन नहीं) चलेंगीं। वहीं, अंतिम सेवा 21:27 बजे कवि सुभाष से दक्षिणेश्वर तक (कोई परिवर्तन नहीं), 21:33 बजे दक्षिणेश्वर से कवि सुभाष तक (21:28 बजे के बजाय) और 21:40 बजे कवि सुभाष से दमदम तक (कोई परिवर्तन नहीं) चलेगी।

# सनातन धर्म के आधार हैं भगवान राम : स्वामी गिरिशानंद सरस्वती

**कोलकाता, समाज्ञा :** जीवन में जो काम मिले उसे शतप्रतिशत भाव से पूरा करो। रूकावट आएं तो भगवान को स्मरण करो, काम पूरा हो जाएगा। भगवान राम की प्रत्येक लीला अनुकरणीय है, जबकि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं आनंददायक। घरेलू संबंधों यहां तक कि शत्रु से कैसा व्यवहार करना चाहिए? हमें भगवान राम से सीखना चाहिए। रावण जैसे शत्रु का भी कल्याण चाहते हैं भगवान। प्रभु श्रीराम सनातन धर्म के आधार हैं। सनातन धर्म का संदेश है, सभी सुखी,निरोगी होवें और आनंद में रहे। नि:स्वार्थ भाव से किसी की सेवा करो, कोई न कोई मिल जाएगा जो भगवान से आपको मिला देगा, जैसे एक प्रेत ने गोस्वामी तुलसीदास को हनुमान जी से मिलाया और हनुमान जी ने उन्हें रामजी से मिलाया।



भगवान शंकर के आदेश से गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना की। स्वामी करपात्रीजी महाराज कहते थे कि कोई भी कथावाचक या विद्वान की बात तब तक अधूरी रहती है जब तक वह रामचरितमानस की चौपाइयों से उसकी पुष्टि नहीं करता। रामचरितमानस एक सरोवर है।प्रत्येक कथा का उद्देश्य अमरता को प्राप्त करना होता है। ये बातें महाराजा अग्रसेन धाम के तत्वावधान में आयोजित श्रीराम कथा के प्रथम दिवस प्रवचन करते हुए स्वामी गिरिशानंद सरस्वती महाराज ने डिविनिटी पवेलियन सभागार में कही।

प्रारम्भ में आचार्य श्रीकांत शर्मा' बालव्यास ' ने कहा कि कोलकाता की पवित्र धरा-धाम पर हमेशा सत्संग होता रहा है। हमारा सौभाग्य है कि इस कड़ी में स्वामी अखंडानंद सरस्वती महाराज के कृपापात्र व परम शिष्य स्वामी गिरिशानंद सरस्वतीजी का श्रीराम कथा पर सत्संग सुनने का अवसर मिल रहा है। संस्था के संस्थापक पुष्कर लाल केडिया कहते थे , व्यक्ति के दो आंख के बाद एक तीसरी आंख ज्ञान की होती है। यह तीसरी आंख (ज्ञान) बनी रहे, इसलिए सत्संग करते रहना चाहिए।

संस्था के सचिव निर्मल सराफ ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि नर सेवा ही नारायण की सेवा है। इस मंत्र को लेकर संस्था सेवा पथ पर आगे बढ़ रही है। कथा के मुख्य यजमान ओम-सुमन जालान व दैनिक यजमान विरम प्रकाश-नीलू सुल्तानिया ने व्यासपीठ का पूजन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष ओम जालान, उपाध्यक्ष दिनेश अडुकिया, मंत्री निर्मल सराफ, संयुक्त मंत्री अशोक चूड़ीवाला, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष अनिल केडिया, ट्रस्ट बोर्ड के मुरारीलाल दीवान भगवान दास अग्रवाल, दीपक अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोग सक्रिय हैं। इस अवसर पर सत्यनारायण देवरालिया, निरंजन कुमार अग्रवाल, गोपाल नरेड़ी, पवन माधोगढिया, दिनेश गोयल, महावीर सांवरिया, अशोक अग्रवाल (35 एमएम), गिरधारीलाल गोयनका, मनमोहन केडिया, नंद किशोर अग्रवाल, विक्की सिकरिया, रवि खेतान सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।प्रवचन के पूर्व भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार प्रकाश चंडालिया ने किया।

# संयुक्त मंच को मिली नवान्न के पास धरना देने की अनुमति

## हाईकोर्ट ने एकल पीठ का आदेश किया रद्द

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस तीर्थंकर घोष ने गुरुवार को स्पष्ट आदेश दिया कि आने वाले दिनों में नवान्न के सामने कोई धरना नहीं दिया जा सकेगा लेकिन शुक्रवार को शुक्रवार को अपना आदेश वापस ले लिया। कोर्ट ने कहा कि डीए आंदोलनकारी 22 दिसंबर दोपहर 3 बजे से 24 दिसंबर दोपहर 12 बजे तक नवान्न के पास मंदिरतला बस स्टैंड पर धरने पर बैठ सकते हैं। हालांकि रात में महिलाओं को धरना मंच पर नहीं रखा जा सकता। रैली में अधिकतम 450 लोग शामिल हो सकते हैं और कार्यक्रम के अंत में 10 लोगों तक का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्य सचिव



या किसी अन्य अधिकारी को अपना प्रतिनिधिमंडल सौंप सकता है। सरकारी कर्मचारियों के संगठन संघर्ष समिता मंच ने डीए की वसूली सहित विभिन्न मांगों को लेकर 22 दिसंबर से 24 दिसंबर तक नवान्न बस स्टैंड पर धरना कार्यक्रम आयोजित करने के लिए पुलिस से संपर्क किया। पुलिस द्वारा अनुमति न लेने पर संयुक्त मंच के नेतृत्व ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। उस मामले में कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि नवान्न बस स्टैंड से सटे इलाके में किसी धरना या धरना कार्यक्रम की इजाजत नहीं दी जा सकती। क्योंकि यह इलाका 'स्पर्शी' है। एकल पीठ के आदेश को चुनौती देते हुए सरकारी कर्मचारियों का संगठन संघरामी कोमिता मंच शुक्रवार को मुख्य न्यायाधीश की पीठ के समक्ष उप-स्थित हुआ। हालांकि, मामला स्वीकार कर लिया गया, लेकिन मुख्य न्यायाधीश ने इस आवेदन पर कोई ध्यान नहीं दिया। कोर्ट सूत्रों के मुताबिक, चीफ जस्टिस ने याचिकाकर्ताओं को बताया कि सोमवार से पहले इस मामले की सुनवाई करना उनके लिए संभव नहीं है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि यदि आवश्यक हो, तो वह एकल पीठ के पास जा सकते हैं और उस फैसले की समीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद आंदोलनकारियों ने जस्टिस घोष की पीठ में फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया। इसके बाद, जज ने अपना पिछला फैसला रद्द कर दिया और शर्तों के अधीन धरने की इजाजत दे दी।

### हाईकोर्ट ने बांग्ला भाषा अनिवार्य करने की मांग पर प्रदर्शन की दी अनुमति

पश्चिम बंगाल लिंग्विस्टिक माइनॉरिटी एसोसिएशन राज्य के हर स्कूल में बांग्ला भाषा को अनिवार्य बनाने की मांग को लेकर रानी रासमणि एवेन्यू में धरना देना चाहता है। पुलिस ने अनुमति नहीं दी तो संबंधित एसोसिएशन ने इस मांग को लेकर शुक्रवार को अदालत का दरवाजा खटखटाया। इस संबंध में, हाईकोर्ट के जस्टिस तीर्थंकर घोष ने पुलिस को धरने पर बैठने की इजाजत देने को कहा है। यातायात सेवाएं सामान्य रहनी चाहिए। कानून व्यवस्था कायम रहनी चाहिए।

# कोलकाता एसटीएफ ने दो बिहार निवासी समेत तीन हथियार तस्करों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने एक अंतराज्यीय हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए महानगर के एक गेस्ट हाउस से बिहार के दो कथित हथियार डीलर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से नौ एमएम की दो स्वचालित पिस्तौल और बड़ी



संख्या में गोला-बारूद जब्त किया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि एक खुफिया सूचना के आधार पर एसटीएफ टीम ने शहर के दक्षिणी हिस्से बेनियापुकुर इलाके में एजेसी बोस रोड स्थित एक गेस्ट हाउस से दोनों हथियार डीलर को गुरुवार को पकड़ा। बाद में एक और तस्कर को पकड़ा गया। गिरफ्तार किए गए आरोपितों में से दो रहीश कुमार और मीराज मलिक बिहार के गया जिले का रहने वाला है और मुंगेर से उनके मजबूत संबंध बताए जा रहे हैं। वहीं, तीसरा आरोपित मोहम्मद इलियास बेनियापुकुर इलाके का ही रहने वाला है, जहां हाल में एनआईए ने भी छापेमारी की थी। एसटीएफ के डीसी अमित कुमार शा ने बताया कि बेनियापुकुर पुलिस की मदद से एसटीएफ ने एजेसी बोस रोड स्थित वैशाली गेस्ट हाउस में छापेमारी की, जिसमें दो को पकड़ा गया। अधिकारी ने बताया कि गेस्ट हाउस के कमरे में उनके सामान से नौ एमएम की दो स्वचालित पिस्तौल और 18 गोलियां बरामद की गईं। तीसरा आरोपित मोहम्मद इलियास जो कोलकाता का रहने वाला है, शुरू में मौके से भागने में सफल रहा। हालांकि, पुलिस ने उसे ट्रक कर बेकबागान रोड से गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है। हथियार तस्करी के इस गिरोह में और कौन-कौन लोग शामिल है, कहां-कहां और किसको हथियारों की सप्लाई की जाती थी, इन तमाम चीजों के बारे में तीनों से पूछताछ की जा रही है।

### नदिया में छापेमारी के दौरान मोबाइल चोर गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया में छापेमारी के दौरान एक मोबाइल चोर को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी का नाम बिरंगिया महतो (40) है। वह बाबूपुर गांव, थाना तिनपहाड़, जिला साहेबगंज, झारखंड का निवासी है। आरोपी की गिरफ्तारी 14 नवंबर को बड़ाबाजार थाना में दर्ज की गई शिकायत के आधार पर की गई है। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के पास से आठ एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इन मोबाइल फोन के मालिकों का पता लगाने के लिए उनकी सत्यापन प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया। इस मामले की जांच जारी है।

### बाघ के हमले में नौवीं का छात्र घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के सुंदरवन के मोइपीठ भुवनेश्वरी पंचायत क्षेत्र के देवीपुर नकुल मोड़ इलाके में गुरुवार की रात बाघ के हमले में नौवीं कक्षा का एक छात्र घायल हो गया। रॉयल बंगाल टाइगर के इस हमले से इलाके में दहशत है। बताया गया है कि रात करीब 9 बजे राहुल हलदर नाम का नौवीं कक्षा का छात्र जंगल के पास सड़क पर खड़ा होकर मोबाइल फोन पर बात कर रहा था। तभी, जंगल से अचानक एक बाघ ने राहुल के पीठ पर झपट्टा मारा। राहुल चीखते हुए सड़क पर गिर गया। ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर सड़क पर इकट्ठा हुए। स्थानीय निवासियों की चीख-पुकार से बाघ अपने शिकार राहुल को छोड़कर जंगल में चला गया। इसके बाद, तुरंत वन विभाग को मामले सूचना दी गई। सूचना पाकर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस बीच, घायल छात्र को क्षेत्रीय प्राथमिक चिकित्सा केंद्र ले जाया गया। घटना से ग्रामीणों में बाघ का भय व्याप्त है।

### बालुरघाट में घर में मिला कॉलेज छात्रा का शव

**दक्षिण दिनाजपुर :** जिले के बालुरघाट के चकभृगु के चामटा इलाके में गुरुवार की दोपहर एक कॉलेज छात्रा का शव उसके घर में बरामद हुआ। घटना के बाद छात्रा के परिजनों ने उसके ब्वॉयफ्रेंड के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दर्ज करवाई। आरोप है कि घटना के कुछ देर पहले युवती का प्रेमी उसके घर आया था। उसके घर से निकलने के थोड़ी ही देर बाद युवती शव उसके घर में मिला। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृत युवती की पहचान मौसमी महंत के रूप में हुई है। परिजनों की शिकायत के अनुसार, इस दिन, दोपहर में जब युवती अपने 10 वर्षीय भाई के साथ अपने घर पर थी तभी चकभृगु इलाके का निवासी विद्युत मोहंत बाइक लेकर उनके घर आया।

## नवान्न ने धान की खरीद और बिक्री में पारदर्शिता लाने के लिए त्रिस्तरीय समिति के गठन का दिया आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने धान खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और किसानों को उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। नवान्न के निर्देश पर जिले से लेकर प्रखंड स्तर तक अलग-अलग निगरानी समिति बनाने का निर्णय लिया गया है। इन समितियों के माध्यम से धान खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनैतिक गतिविधियों को रोका जा सकेगा। नबन्ना सूत्रों के अनुसार, जिला स्तरीय समिति की अध्यक्षता जिला मजिस्ट्रेट करेंगे, उप-विभागीय समिति की अध्यक्षता उप-विभागीय मजिस्ट्रेट करेंगे और ब्लॉक स्तरीय समिति का प्रबंधन बीडीओ द्वारा किया जाएगा। निगरानी समिति तय करेगी कि मोबाइल धान क्रय केंद्र किस प्रखंड के सुदूरवर्ती इलाके में जाएगा। बीडीओ को निर्देश दिया गया है कि वे प्रत्येक सरकारी धान क्रय केंद्र का क्षेत्रीय भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें कि उसका संचालन नियमानुसार हो रहा है। साथ ही शिविर खुलने से पहले संबंधित क्षेत्रों में किसानों के बीच समुचित प्रचार-प्रसार की व्यवस्था करने को कहा गया है। उन्हें यह जानकारी दी जाएगी कि उन्हें किस केंद्र पर कब और कितने बजे धान बेचने के लिए उपस्थित होना है। धान खरीदी केन्द्रों में किसी भी तरह की अनैतिक गतिविधियों का प्रमाण पाए जाने पर अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। स्थायी एवं सचल क्रय केन्द्र स्थापित करने का निर्णय भी जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली निगरानी समिति द्वारा लिया जाएगा।

### चुंचुड़ा में युवक का रक्तरंजित शव बरामद, पत्नी पर हत्या की साजिश का आरोप

**हुगली, समाज्ञा :** जिले में चुंचुड़ा थानांतर्गत देवानंदपुर के दक्षिण नालडांगा सृजन पल्ली इलाके में शुक्रवार सुबह एक युवक का रक्तरंजित शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। प्रातः भ्रमणकारियों ने सबसे पहले युवक के शव को देखा और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृत युवक की पहचान रमेश मदुलिया(38) के तौर पर हुई है। वह स्थानीय निवासी था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शख्स को चाकू मारा गया था और उसका सिर भी कुचल दिया गया था। स्थानीय लोगों ने रमेश की पत्नी पर साजिश कर रमेश की हत्या करने का आरोप लगाया। स्थानीय लोगों का दावा है कि अवैध संबंधों के कारण रमेश की पत्नी ने उसकी हत्या करवा दी।

## संदेशखाली में तृणमूल बनाम तृणमूल, प्रताड़ना के खिलाफ खटखटाया अदालत का दरवाज़ा

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक और तृणमूल नेता ने उच्च न्यायालय में तृणमूल नेता पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। घटना की शुरुआत उत्तर 24 परगना के संदेशखाली इलाके से हुई। संदेशखाली के तृणमूल युवा नेता मोइनुद्दीन मोल्ला ने शुक्रवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। मैनुद्दीन मोल्ला की शिकायत उस इलाके के तृणमूल नेता दिलीप मल्लिक के खिलाफ है। संदेश-खाली ब्लॉक 2 के युवा नेता मोइनुद्दीन मोल्ला ने दावा किया कि दिलीप मल्लिक ने क्षेत्र में कई अवैध गतिविधियां कीं। मोइनुद्दीन ने उस गैरकानूनी कृत्य का विरोध किया। इसके बाद से ही उन पर दबाव बन रहा है। मोइनुद्दीन मोल्ला को समय-समय पर धमकी दी जा रही है। इस बार उन्होंने किसी मजबूरी के तहत अदालत का दरवाजा खटखटाया है। इसी दिन जस्टिस तीर्थंकर घोष की अदालत में यह केस दायर करने की अर्जी दाखिल की गई। जस्टिस तीर्थंकर घोष की टिप्पणी की कि अदालत में आने की क्या जरूरत है। उसके पास बाउंसर है। न्यायाधीश ने विचारोत्तेजक टिप्पणियों के बाद मामले की अनुमति दे दी। तृणमूल नेता मोइनुद्दीन मोल्ला ने अदालत से दिलीप मल्लिक की जांच करने का अनुरोध किया। जांच के लिए एक सीट का गठन किया जाना चाहिए। इस मामले में न्यायाधीश ने जो आदेश दिया वह प्रथा है। पिछले लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर 24 परगना का संदेशखाली इलाका सुर्खियों में आया था। तृणमूल नेता शेख शाहजहां पर कई आरोप थे। उसने इलाके के कई लोगों की जमीन पर कब्जा कर लिया। केंद्रीय खुफिया एजेंसी सीबीआई और ईडी अब उसकी जांच कर रही है।

## छेड़छाड़ मामले में तन्मय भट्टाचार्य छह महीने के लिए सस्पेंड

**कोलकाता, समाज्ञा :** महिला पत्रकार से छेड़छाड़ की जांच पूरी होने के बाद हुआ। रिपोर्ट के आधार पर पार्टी माकपा नेता तन्मय भट्टाचार्य को छह महीने के लिए निलंबित करने की तैयारी में है। यह फैसला 30 और 31 दिसंबर को पार्टी की राज्य कमेटी की बैठक में पेश किया जाएगा। फिर खबर को मंजूरी के लिए केंद्रीय समिति के पास भेजा जाएगा। तन्मय को भविष्य में चेतावनी दी जाएगी या नहीं, यह की राज्य समिति पर निर्भर करता है। घटना की शुरुआत 27 अक्टूबर को हुई। उस दिन एक महिला पत्रकार ने फेसबुक पोस्ट में तन्मय पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। साथ ही, पीड़िता ने बारानगर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। मामला भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 482 (2) के तहत दर्ज किया गया था। शिकायत सामने आते ही सीपीएम ने तन्मय को सस्पेंड कर दिया। कुछ दिन पहले टीम ने उनका निलंबन रद्द कर दिया था। बाद में पिछले रविवार को माकपा के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने कहा कि तन्मय भट्टाचार्य को जांच की अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया था। जांच समिति द्वारा अपना काम पूरा करने के बाद निलंबन हटा लिया गया। हालांकि, उन्होंने रिपोर्ट के बारे में अपना मुंह नहीं खोला। मालूम हो कि रिपोर्ट के आधार पर इस दिग्गज वामपंथी नेता पर गाज गिरने वाली है। सूत्रों के मुताबिक महिला पत्रकार की शिकायत का उस लिहाज से कोई सबूत नहीं मिला। हालांकि तन्मय भट्टाचार्य पर पहले भी ऐसे आरोप लग चुके हैं।

## हावड़ा पुलिस ने लैपटॉप चोरी करने आए आरोपी को किया गिरफ्तार, चोरी के सामान बरामद

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा मैदान के विभिन्न दुकानों से लैपटॉप चुराने के इरादे से



घूम रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम मोहम्मद इस्लाम (37) है। शुक्रवार को हावड़ा थाना के एंटी-क्राइम अधिकारी सब-इंस्पेक्टर सुवमय समंता को सूचना मिली कि एक व्यक्ति हावड़ा मैदान के पास संदिग्ध तरीके से घूम रहा है और अपराध करने की योजना बना रहा है। इस पर, एसआई सुवमय समंता और उनकी टीम घटनास्थल पर पहुंचे और उस व्यक्ति को पकड़कर थाने ले आए। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह हावड़ा मैदान के विभिन्न दुकानों से लैपटॉप चुराने के इरादे से वहां घूम रहा था। आगे की पूछताछ में पता चला कि पिछले 6 महीने में उसने हावड़ा और जगाच्छा इलाके से कई लैपटॉप चुराए थे और उन्हें बांकरा में रहने वाले एक व्यक्ति मोहम्मद चंद को बेच दिया था। इसके बाद पुलिस ने मोहम्मद चंद को गिरफ्तार किया। चंद के दुकान से अलग-अलग कंपनियों के लैपटॉप बरामद किए गए हैं। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनके खिलाफ स्व-प्रेरित मामला दर्ज किया गया है। शुक्रवार को दोनों को सात दिन की पुलिस रिमांड के लिए अदालत में पेश किया गया।

## मानव जीवन परिवर्तनशील है, इसलिए हमेशा तैयार रहना चाहिए : सुधांशु महाराज

**कोलकाता, समाज्ञा :** मानव जीवन में सबकुछ परिवर्तनशील है, इसलिए हमें जीवन में परिवर्तन के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। यह परिवर्तन चाहे आध्यात्मिक हो, सामाजिक हो, या वैचारिक हो, जो हमें नई और शुभ दिशा की ओर ले जाए, उसके लिए हमें हमेशा




प्रस्तुत रहना चाहिए। उक्त विचार सुधांशु महाराज ने शुक्रवार को विश्व जागृति मिशन ट्रस्ट (कोलकाता) द्वारा साइंस सिटी ऑडिटोरियम में आयोजित तीन दिवसीय प्रवचन सत्र के पहले दिन व्यक्त किए। इस दिन, सुधांशु महाराज ने उपस्थित भक्तों को 'परिवर्तन के लिए सत्संग' विषय पर प्रवचन दिया। उन्होंने मानव जीवन को सफल और सुखमय बनाने का संदेश दिया। महाराज ने बताया कि परिवर्तन ऐसा होना चाहिए जो व्यक्ति को नई दिशा दे और सफलता की ओर ले जाए। उन्होंने युवा पीढ़ी को संदेश दिया कि वे संस्कारों से जुड़े रहें, क्योंकि जितना अधिक हम संस्कारों से जुड़ेंगे, हमारा जीवन और आचार-व्यवहार उतना ही उत्तम रहेगा। श्री महाराज ने युवा पीढ़ी को धर्म से जुड़ने, सचेत रहने और धर्म के प्रति मददगार बनने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की शुरुआत विश्व जागृति मिशन ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं द्वारा सुधांशु महाराज के स्वागत भजन से की गयी। इसके बाद, ट्रस्ट के अध्यक्ष राधेश्याम गोयनका, विश्वनाथ चौधरी, आर. के. अग्रवाल, गोपाल भालोटिया और अन्य कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया। आज 10 बजे 'दान' और 11.30 बजे से 'गुरु दीक्षा' समारोह आयोजित होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वनाथ चौधरी, सुनील अग्रवाल, आलोक बेनीरामका, देवकीनंदन गुप्ता, मनीष बजाज और ट्रस्ट के अन्य कार्यकर्ताओं का सक्रिय योगदान रहा।

### बेलेघाटा आईडी अस्पताल परिसर से बरामद हुआ नर-कंकाल, जांच शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** बेलेघाटा आईडी अस्पताल के अंदर मानव खोपड़ी और हड्डियां मिलीं। अस्पताल परिसर में परित्यक्त मुर्दाघर के बाहर खोपड़ियां और हड्डियां देखी गई । खोपड़ी या हड्डियां मिलने के बारे में अस्पताल निदेशक को कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि खोपड़ी और हड्डियां कैसे आईं इसकी जांच की जाएगी। बेलेघाटा आईडी अस्पताल का शवगृह लंबे समय से वीरान पड़ा हुआ है। हाल ही में वहां झाड़ियां साफ की गईं। सफाई के बाद, कंकाल परित्यक्त मुर्दाघर के बगल में पड़े हुए पाए गए। स्वाभाविक है कि इसे लेकर खूब हंगामा हो रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जांचकर्ताओं ने कहा कि अस्पताल परिसर से एक खोपड़ी बरामद की गई है। जोड़, पसलियां समेत कुल 13 हड्डियां बरामद की गईं। प्राचार्य नवनीता भट्टाचार्य को सूचना दी गई। घटना की जांच शुरू कर दी गई है। अस्पताल परिसर में कंकाल कैसे पहुंचा, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने कहा कि किसी की हत्या कर शव को लावारिस जगह पर छोड़ दिया गया है या कुछ और, इसके पीछे क्या रहस्य है, यह जांच का विषय है।

### मेस में जादवपुर के छात्र की रहस्यमयी मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर यूनिवर्सिटी के तीसरे वर्ष के छात्र की रहस्यमय मौत हो गई। घटना के बाद से यूनिवर्सिटी में हड़कंप मच गई। संतोषपुर इलाके के मेस में अचानक एक छात्र की तबीयत खराब हो गई और उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृत छात्र के एक रिश्तेदार ने बताया कि छात्र की बीमारी के बारे में सुनकर वे लोग कोलकाता आए थे लेकिन पहुंचने से पहले ही सब कुछ ख़त्म हो चुका था। सभी को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। मालूम हो कि छात्र का नाम प्रतीप कुमार मन्ना है। वह पूर्व मेदिनीपुर के तमलुक का रहने वाला है। वह जादवपुर विश्वविद्यालय में खाद्य प्रौद्योगिकी और बायोकेमिकल इंजीनियरिंग के तीसरे वर्ष का छात्र था। संतोषपुर इलाके में मेस में रहता था। सूत्रों के मुताबिक गुरुवार रात प्रतीप की अचानक तबीयत खराब हो गई। उसके घर तुरंत सूचना दी गई। इस बीच छात्र को अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही युवक की मौत हो गई। छात्र की बीमारी की खबर पाकर यूनिवर्सिटी के अधिकारी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि हमने सुना है कि छात्र को सांस लेने में दिक्कत थी। यूनिवर्सिटी के अधिकारियों का अनुमान है कि ये मौत इसी का नतीजा हो सकती है।

### नरेंद्रपुर में तृणमूल पार्षद दादागिरी, डेढ़ लाख की लूट व नाबालिग कि पिटाई का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** फिर पार्षद की दादागिरी का मामला सामने आया। बागुईआटी के बाद यह नरेंद्रपुर में घटना घटी है। तृणमूल पार्षद दुकान में घुस गया और पिता को न पाकर उसके नाबालिग बेटे की पिटाई कर दी। दुकान में डेढ़ लाख रुपए की लूट का आरोप है। पार्षद पर जबरन दुकान में ताला लगाने का भी आरोप लगाया गया है। नरेंद्रपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। राजपुर सोनारपुर नगर पालिका के वार्ड नंबर 7 के पार्षद रंजीत मंडल पर नरेंद्रपुर स्टेशन रोड स्थित एक दुकान पर हमला करने का आरोप लगा है। आरोप है कि इस संपत्ति पर जबरन कब्जा करने के लिए यह हमला किया गया। इससे पहले भी सुब्रत सरकार नाम के कारोबारी पर हमला हुआ था। गुरुवार को उनकी दुकान पर दोबारा हमला हुआ। आरोप है कि पार्षद ने ही हमला कराया। घटना के वक्त सुब्रत सरकार के बेटे तन्मय सरकार दुकान में थे। उसे पीटा गया। सूचना पाकर नरेंद्रपुर थाने की पुलिस मौके पर आ गई। मेयर और नगर परिषद सदस्य रंजीत मंडल ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया है। इस घटना के बाद से पूरा परिवार डर के मारे बेघर हो गया है।

### गिरफ्तारी के 24 घंटे के भीतर बिधाननगर थाना लॉकअप में कैदी की रहस्यमयी मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** बिधाननगर पूर्व थाने के लॉकअप में एक आरोपित की गिरफ्तारी के 24 घंटे के भीतर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान रथीश देबनाथ (55) के रूप में हुई है, जिन्हें बुधवार को फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाने के आरोप में रानाघाट से गिरफ्तार किया गया था। इस घटना के बाद पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। परिजनों ने शुक्रवार को आरोप लगाया है कि रथीश देबनाथ को थाने में शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया और उन्हें उनकी नियमित दवाइयां नहीं दी गईं, जिसके कारण उनकी मृत्यु हुई। मृतक के शरीर पर कई चोटों के निशान पाए गए हैं। परिवार ने सवाल उठाया है कि यदि मौत का कारण केवल बीमारी थी, तो उनके शरीर पर चोटों के निशान कैसे आए? गुरुवार की शाम पुलिस ने मृतक के परिवार को सूचना दी कि वह लॉकअप में बीमार पड़ गए थे और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लेकिन, देर रात उनकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि उनकी मौत बीमारी के कारण हुई है, लेकिन परिवार इन दावों को खारिज करते हुए पुलिस पर अत्याचार और लापरवाही का आरोप लगा रहा है। इस मामले को लेकर बिधाननगर पुलिस आयुक्तालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। हालांकि, बिधाननगर पूर्व थाने के अधिकारियों ने अब तक इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है।

## व्यापार एक्सपो 2024 का शुभारंभ, पहले दिन ही भारी संख्या में व्यापारी हुए शामिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** व्यापार जोन के व्यापर एक्सपो 2024 का शुक्रवार को भव्य रूप से उद्घाटन हुआ। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम 20 दिसंबर से 22 दिसंबर तक चलेगा। इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित हस्तियों ने हिस्सा लिया।जिनमें मैथन अलॉयज लिमिटेड के अध्यक्ष और कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) के उपाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, डकबैक के अध्यक्ष ओम प्रकाश सक्सेना, सौरी प्लाईवुड के प्रबंध निदेशक अंकित मूनका, और सन्मार्ग के विवेक गुप्ता और विधान सभा के सदस्य, व्यापार क्षेत्र के सह-संस्थापक, नितिन अग्रवाल और मन मोहन बागरी के साथ भव्य कार्यक्रम की आधिकारिक शुरुआत को चिह्नित करते हुए, औपचारिक दीप




जलाकर उद्घाटन समारोह का नेतृत्व किया। पहले दिन का मुख्य आकर्षण एक विचारोत्तेजक पैनल चर्चा रही, जिसमें अश्नीर ग्रोवर शामिल हुए। उन्होंने व्यवसाय विकास और ब्रांड निर्माण पर अपनी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की। सत्र का संचालन भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के अध्यक्ष मोहित साव ने किया। एक्सपो में 30 हजार से अधिक सदस्यों की उपस्थिति में कई नवीन उत्पादों का लॉन्च भी हुआ, जो व्यापारिक समुदाय में उद्यमिता और नवाचार की बढ़ती भावना को प्रदर्शित करता है।

### एमबीए का सपना रह गया अधूरा

## इंटरव्यू देने जाते सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, पिता की हालत गंभीर

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा में एक दुखद सड़क दुर्घटना में एमबीए प्रवेश परीक्षा के इंटरव्यू के लिए बाइक से जा रहे एक युवक की मौत हो गई। मृत युवक का नाम सुश्मित कुंडू (23) है। जबकि, उनके पिता सुब्रत कुंडू (53) गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दोनों हावड़ा के दक्षिण बाकसारा पोलेन पाड़ा के निवासी हैं। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार की दोपहर को एमबीए प्रवेश परीक्षा के इंटरव्यू के लिए सुश्मित और उनके पिता बाइक से कोना एक्सप्रेसवे के जरिए हावड़ा से कोलकाता की तरफ जा रहे थे। इस दौरान, द्वितीय हुगली पुल पार करते समय एक तेज रफ्तार लॉरी ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। इससे बाइक




अनियंत्रित हो गई और वे सड़क किनारे डिवाइडर से जा टकरायी। दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें आनन-फानन में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार को सुश्मित की हार्ट अटैक के कारण मौत हो गई। वहीं, पिता सुब्रत कुंडू अभी भी अस्पताल के आईसीयू में इलाजरत हैं। चटर्जीहाट थाना की पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक लॉरी और उसके चालक को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है।

## डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर लोगों से हो रही है ठगी, पुलिस ने किया सर्तक

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा सिटी पुलिस की साइबर क्राइम थाना द्वारा डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर लोगों से ठगी करने वाले अपराध के बारे में लोगों को




जागरूक किया गया। साइबर क्राइम थाना के ओसी प्रसंजीत कापड़ी और साइबर क्राइम थाना के अधिकारी एलआईसी पल्लवी बिश्वास ने यह जरूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले कई दिनों से डिजिटल अरेस्ट के कई शिकायते सामने आयी है। अपराधी लोगों को वीडियो कॉल करते हैं और खुद को पुलिस अधिकारी बताते हैं। वीडियो कॉल में अपराधी पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों को यह कहकर डराते है कि उन लोगों के नाम से एक पार्सल मिला है, जिसमें अवैध नशीली पदार्थ बरामद किए गए हैं। इसके अलावा, अपराधी पुलिस अधिकारी, सीबीआई, नारकोटिक्स विभाग, प्रवर्तन निदेशालट और अन्य एजेंसियों के नाम पर ब्लैकमेल और डिजिटल गिरफ्तारी की धमकी देकर लोगों से वसूली करते हैं। हावड़ा पुलिस द्वारा लोगों से अपील किया गया है कि इस तरह की घटना होने पर तुरंत पुलिस के साथ संपर्क करे।

## हावड़ा के श्री जैन विद्यालय में संपन्न हुई क्रिकेट प्रतियोगिता

**हावड़ा, समाज्ञा :** खिलाड़ियों एवं खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए हावड़ा के श्री जैन विद्यालय में अंतर-वर्गीय एस जे वी किंग्स लीग चैंपियन 2024-अंडर 17 एवं 19 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 7 दिनों तक चले इस क्रिकेट टूर्नामेंट में नववी-दसवीं तथा ग्यारहवीं एवं बारहवीं कक्षा के सभी वर्गों के छात्रों के बीच कई मैच खेले गए। शुक्रवार के श्री जैन विद्यालय के क्रिकेट ग्राउंड पर फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक एवं पूर्व सचिव सरदारमल कंकरिया तथा विद्यालय के सचिव ललित कांकरिया ने किया। श्री कांकरिया ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें खेल भावना के साथ खेलने की शपथ ग्रहण करायी। मैच में टॉस जीत कर अंडर 17 में दसवीं कक्षा छात्रों जीत




हासिल की। दूसरी तरफ अंडर 19 में टॉस जीत कर ग्यारहवीं के छात्रों ने बैटिंग के साथ शुरू हुआ जिसमें 53 रन का लक्ष्य बारहवीं कक्षा के टीम को मिला ,12वीं के छात्रों ने मात्र एक विकेट देकर लक्ष्य को हासिल किया और इस प्रतियोगिता में विजयी घोषित हुए। विद्यालय का छात्र अंशुल तिवारी मैंन ऑफ द मैच घोषित हुआ। विजयी टीम को कप एवं शील्ड देकर मुख्य अतिथि सरदारमल कांकरिया, सचिव ललित कांकरिया, प्रिन्सिपल इंदू जोसेफ चौधरी ने उनका उत्साहवर्धन किया।इस विशेष अवसर पर उप-स्थित रहीं समाज सेविका शशि कांकरिया,बालिका विभाग की प्रिन्सिपल मौसमी घोषाल,विद्यालय के शिक्षक प्रतिनिधि संतोष कुमार तिवारी, संजय सिंह, सतीश सिंह, इंद्राणी गांगुली, अनामिका तिवारी सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के स्पोर्ट्स शिक्षक बिनोद सिंह, अनिल तिवारी एवं सोमेन चक्रवर्ती की भूमिका अहम रहीं। मैच की कमेंट्री विद्यालय के वरिष्ठ छात्र अभिषेक सिंह एवं 12वी के छात्र पीयूष साव ने किया। विद्यालय की प्रिंसिपल इंदु जोसेफ चौधरी ने जीवन में खेल और खेलों की उपयोगिता के महत्व पर प्रकाश डाला एवं सभी टीम के छात्रों का मनोबल बढ़ाने का काम किया। अंत में विद्यालय के सचिव ललित कांकरिया ने क्रिकेट प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु सभी विद्यार्थियों सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### झारखंड : कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या के मामले में पांच गिरफ्तार

**जमशेदपुर :** झारखंड पुलिस ने शुक्रवार को जमशेदपुर में मुख्य आरोपी समेत पांच लोगों की गिरफ्तारी के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या के मामले का 48 घंटे के भीतर खुलासा करने का दावा किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) किशोर कौशल ने बताया कि मृतक आलोक कुमार भगत उर्फ मुन्ना के भाई मनोज कुमार भगत द्वारा कदमा थाने में इस संबंध में मामला दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस उपाधीक्षक निरंजन कुमार तिवारी के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया था। एसएसपी ने कहा कि जांच के दौरान एसआईटी की ओर से जुटाए गए वैज्ञानिक और तकनीकी सबूतों के आधार पर मुख्य आरोपी आकाश सिंह उर्फ छोटू बच्चा (23) सहित पांच लोगों को शुक्रवार को हथियार और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया गया।

### बिहार के मुजफ्फरपुर में 134 पुलिसकर्मियों पर मामला दर्ज

**मुजफ्फरपुर (बिहार) :** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में 100 से अधिक पुलिसकर्मियों पर दस्तावेज अपने नए पोस्टिंग स्थानों पर ले जाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। इन दस्तावेजों को दूसरी जगह ले जाने से 900 से अधिक मामलों की जांच में बाधा उत्पन्न हुई है। मुजफ्फरपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश कुमार के अनुसार, जिले के आठ थानों में ऐसे 134 पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। एसएसपी ने फोन पर 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''हमने इन पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। जिला पुलिस के सूत्रों ने बताया कि कुल 943 मामलों में जांच अधर में लटकी हुई है, क्योंकि तत्कालीन जांच अधिकारियों का तबादला हो गया और उन्होंने फाइल जिम्मेदारी संभालने वाले कर्मियों को नहीं सौंपी।

# भाजपा की सरकार अमीरों की, गरीबों और किसानों का सिर्फ अपमान ही अपमान : अखिलेश

**अमेठी :** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि 'भाजपा की सरकार अमीरों की सरकार है' और इसके शासन में गरीबों, किसानों और मजबूरों का सिर्फ और सिर्फ अपमान हुआ है। सपा प्रमुख की यह टिप्पणी सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद आई है। वीडियो में एक राजस्व अधिकारी अमेठी में एक किसान पर कथित रूप से हमला करते हुए दिखाई दे रहा है। यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में वीडियो साझा करते हुए कहा, ये है भाजपा सरकार के असली 'किसान सम्मान' का वीडियो। उन्होंने कहा कि भाजपा किसान विरोधी थी, है और हमेशा रहेगी। अखिलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार अमीरों की सरकार है और इसके शासन में गरीबों, किसानों और मजबूरों का सिर्फ और सिर्फ अपमान ही हुआ है। वायरल वीडियो में खाकी वर्दी पहने



एक व्यक्ति को कथित तौर पर डंडे से पीटते हुए देखा जा सकता है। अमेठी के परगना इन्हौना तहसील तिलोई के ओतिया गांव में रहने वाले किसान रिजवान के यहां 36 लाख रुपये और उसके ब्याज के बकाये की वसूली के लिए राजस्व विभाग की एक टीम पहुंची थी। घर पर रिजवान के पिता रेहान से पुलिस द्वारा कथित मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हो गया। तिलोई के तह-सीलदार अभिषेक यादव ने बताया कि राजस्व टीम नौ दिसंबर को रिजवान से बकाया वसूलने गई थी। यादव ने बताया कि मौके पर रिजवान के पिता रेहान ने राजस्व टीम के साथ धक्का मुक्की की और साथ में मौजूद होमगार्ड ने बचाव में कुछ कार्रवाई जरूर की, जिसके बाद रिजवान को तहसील लाया गया था, जहां उन्होंने 10,000 रूपये जमा किये और उसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया। तहसीलदार ने बताया कि बाद वह दो बार पुनः तहसील आए और उन्होंने एक माह में संपूर्ण धनराशि जमा करने का वादा किया है। हालांकि, पीड़ित रेहान ने संवाददात-ाओं को बताया कि ऋण से संबंधित मामला अभी भी अदालत में लंबित है।

### बिहार में 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव का नेतृत्व करेंगे नीतीश: राजग

**पटना :** बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने शुक्रवार को उन अटकलों को खारिज कर दिया, जिसमें अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को गठबंधन के नेता के रूप में पेश करने पर पुनर्विचार करने की बात सामने आ रही थी। राजग के घटक दलों, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के बीच जमीनी स्तर पर बेहतर समन्वय के लिए पटना में आयोजित एक बैठक के बाद इन अटकलों पर विराम लग गया। अमित शाह ने हाल ही में एक समाचार चैनल को दिए गए साक्षात्कार में एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की थी। शाह से पूछा गया था कि क्या राजग बिहार में मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किए बिना चुनाव लड़ सकता है जैसा कि उसने हाल ही में महाराष्ट्र में किया था।

## उत्तर प्रदेश: राहुल ने प्रभात पांडे के पिता से कहा, 'हम सब हैं आपके लिए आप घबराइए मत'

**लखनऊ :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के लखनऊ में विरोध प्रदर्शन के दौरान जान गंवाने वाले कांग्रेस के एक कार्यकर्ता प्रभात पांडे के पिता से शुक्रवार को फोन पर बात कर सांत्वना दी और भरोसा जताया कि पार्टी उनके साथ है तथा उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है। कांग्रेस ने बुधवार को विधानसभा के मौजूदा शीतकालीन सत्र के दौरान राज्य विधानसभा का घेराव करने की योजना बनाई थी लेकिन पुलिस ने कार्यकर्ताओं को रोक दिया, जिसके बाद हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता प्रभात पांडे (28) की मौत हो गई थी। राहुल ने शुक्रवार को प्रभात पांडे के गोरखपुर स्थित आवास पर उनके पिता दीपक पांडे से फोन पर बात की। करीब साढ़े तीन मिनट की इस बातचीत में प्रभात के पिता भावुक हो गये। राहुल ने प्रभात के पिता से कहा, दीपक जी आपको किसी चीज की जरूरत हो तो हमें बता देना। उन्होंने दीपक को भरोसा देते हुए कहा, हम सब आपके साथ हैं, आप घबराइए मत, हम सब हैं। इस बीच दीपक ने राहुल से कहा, हमारा तो घर का चिराग ही खत्म हो गया। उन्होंने कहा, हमारी कमाई का साधन, बुढ़ापे का सहारा सब खत्म हो गया। क्या बचा है मेरे पास? राहुल ने प्रभात के पिता से घटना की जानकारी ली। इस बीच कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि राहुल गांधी पीड़ित परिवार से मिलने गोरखपुर जाएंगे।

### योगी ने मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया

**अयोध्या :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर आगामी उपचुनाव के लिए शुक्रवार को यहां पार्टी कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए कहा कि जब कुंदरकी और कटेहरी सीट जीती जा सकती है तो किसी भी सीट पर चुनाव जीता जा सकता है। वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में मिल्कीपुर निर्वाचन क्षेत्र से समाजवादी पार्टी (सपा) के अवधेश प्रसाद ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार गोरखनाथ को पराजित किया था। अवधेश प्रसाद ने इस वर्ष हुए लोकसभा चुनाव में फैजाबाद (अयोध्या) संसदीय सीट पर भाजपा के दिग्गज नेता लल्लू सिंह को पराजित किया और सुर्खियां बटोरी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, योगी ने शुक्रवार को यहां मंत्रियों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के साथ मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर आगामी उपचुनाव के लिए अब तक की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से चुनाव को लेकर सवाल भी पूछे। आदित्यनाथ ने पार्टी पदाधिकारियों को जीत का मंत्र देते हुए कहा, जब कुंदरकी और कटेहरी सीट पर उपचुनाव जीता जा सकता है, तो कोई भी चुनाव जीता जा सकता है। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान बूथ प्रबंधन और पार्टी पदाधिकारियों को सक्रिय करने पर जोर दिया।

## संभल से सपा सांसद के खिलाफ बिजली चोरी का आरोप, 1.91 करोड़ रुपये का जुर्माना





**संभल (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के दीपा सराय मोहल्ले में संभल से लोकसभा सांसद जिया उर रहमान बर्क के आवास के बाहर बनी सीढ़ियों को शुक्रवार को बुलडोजर से गिरा दिया गया। पिछले 15 दिनों से संभल के अलग-अलग इलाकों में नालों से अतिक्रमण हटाने का अभियान चल रहा है। शुक्रवार को भी भारी पुलिस बल की मदद से सांसद के आवास की सीढ़ियां गिरा दी गईं। एक अधिकारी ने बताया कि इससे पहले बिजली विभाग ने संभल से लोकसभा सदस्य जिया उर रहमान बर्क पर बिजली चोरी के आरोप में 1.91 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है और बिजली चोरी के आरोप में उनके आवास की बिजली भी काट दी है। उन्होंने बताया कि सांसद के खिलाफ बृहस्पतिवार को विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 135 के तहत बिजली चोरी के आरोप में पुलिस द्वारा मामला दर्ज किये जाने के बाद यह घटनाक्रम सामने आया है। उन्होंने बताया कि उनके पिता ममलूकुर रहमान बर्क पर भी दीपा सराय इलाके में उनके घर पर निरीक्षण के दौरान सरकारी अधिकारियों को कथित तौर पर धमकाने का मामला दर्ज किया गया है।

## न्यूज अपडेट

### होटल की तीसरी मंजिल से गिरकर युवती घायल

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में 22 वर्षीय युवती एक होटल की तीसरी मंजिल से कथित तौर पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि युवती धनबाद की रहने वाली है। पुलिस के अनुसार, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) से संबद्ध एक कॉलेज की छात्रा दीक्षांत समारोह में भाग लेने के लिए शहर आई थी। पुलिस ने बताया कि घटना बुधवार को चेतगंज के राम कटोरा इलाके में स्थित एक होटल में हुई। पुलिस के अनुसार, युवती 13 दिसंबर से धनबाद के ही रहने वाले 23 वर्षीय फुरकान के साथ होटल में रह रही थी। पुलिस ने बताया कि फुरकान को फिलहाल घटना के संबंध में पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। चेतगंज के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) गौरव कुमार ने बताया कि महिला फुरकान के साथ 13 दिसंबर से होटल में ठहरी हुई थी। उन्होंने बताया, घटना के दिन युवती फुरकान के साथ होटल के एक कमरे में थी और वह अचानक तीसरी मंजिल से कथित तौर पर गिर गई। पुलिस ने बताया कि युवती का इलाज फिलहाल बीएचयू के ट्रॉमा सेंटर में किया जा रहा है। कुमार ने बताया कि युवती के गिरने का कारण अब तक पता नहीं चल पाया है और उसे गंभीर चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कांग्रेस कार्यकर्ता की मौत के मामले में पुलिस ने अजय राय को नोटिस जारी किया

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पुलिस ने कांग्रेस के एक कार्यकर्ता की मौत के संबंध में पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय को नोटिस जारी किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। लखनऊ में दो दिन पहले कांग्रेस द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान एक कार्यकर्ता की मौत हो गयी थी, जिसके संबंध में पुलिस ने यह नोटिस जारी किया। राय ने शुक्रवार शाम को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उन्हें नोटिस मिल गया है और वे जांचकर्ताओं के साथ पूरा सहयोग करेंगे। उन्होंने हालांकि सबूतों से छेड़छाड़ के आरोपों से इनकार किया और पुलिस से आग्रह किया कि वे सरकार के दबाव में काम न करें। राय ने कहा कि घटना को ऐसी कहानी न दी जाए जिससे 1शहीद' कांग्रेस कार्यकर्ता को न्याय न मिल सके। पुलिस उपायुक्त (मध्य लखनऊ) रवीना त्यागी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, उन्हें (अजय राय) भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के प्रावधानों के तहत जल्द से जल्द जांच में शामिल होने के लिए नोटिस जारी किया गया है। कांग्रेस ने बुधवार को विधानसभा के मौजूदा शीतकालीन सत्र के दौरान राज्य विधानसभा का घेराव करने की योजना बनाई थी लेकिन पुलिस ने कार्यकर्ताओं को रोक दिया, जिसके बाद हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता प्रभात पांडे (28) की मौत हो गई थी।

### उत्तर प्रदेश: पति समेत 10 लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**भदोही :** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में 45 वर्षीय एक महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित करने के आरोप में पति समेत ससुराल पक्ष के 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक मीनाक्षी कात्यायन ने बताया कि घटना 13 दिसंबर की है और इस मामले में पीड़िता रीतम गौतम की तहरीर पर उसके पति अरविंद गौतम समेत 10 लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। कात्यायन ने बताया कि रीतम गौतम की शादी 21 वर्ष पहले अरविंद गौतम से हुई थी और दोनों के तीन बच्चे हैं। उन्होंने बताया कि शादी के बाद दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना के साथ ही अरविंद पर एक दूसरी महिला से शादी करने का भी आरोप है। शिकायत के मुताबिक, पीड़िता अपनी मां की तबियत खराब होने पर 28 नवंबर को अपनी एक बेटी और दो बेटों के साथ मायके आई थी और जब वह 13 दिसंबर को मिर्जापुर वापस अपने ससुराल लौटी तो पति सहित अन्य परिजनों ने उसे आने से रोका, उसके साथ कथित रूप से मारपीट की और निर्वस्त्र कर दिया।

# समाज्ञा स्पोर्ट्स

## मैं एमसीजी में आपके साथ रहूंगा, अश्विन ने कोहली को जवाब दिया



**चेन्नई :** रविचंद्रन अश्विन अपने अंतरराष्ट्रीय संन्यास की घोषणा के बमुश्किल 48 घंटे बाद ही एमसीजी में विराट कोहली के साथ खेलने का वादा कर रहे हैं। अजीब लग रहा है, लेकिन अश्विन ने अपने 14 साल के साथी को धन्यवाद देने का यही तरीका चुना। बुधवार को गाबा में ड्रॉ हुए तीसरे टेस्ट के बाद अश्विन के अंतरराष्ट्रीय संन्यास की घोषणा करने के कुछ घंटों बाद कोहली ने लिखा, ''मैं आपके साथ 14 साल तक खेला हूं और जब आपने आज मुझे बताया कि आप संन्यास ले रहे हैं तो मैं थोड़ा भावुक हो गया और उन सभी सालों की यादें मेरे सामने आ गईं जब हम साथ खेले थे। मैंने आपके साथ इस यात्रा का हर पल का आनंद लिया है।' कोहली को जवाब देते हुए अश्विन ने कहा, ''धन्यवाद दोस्त। जैसा कि मैंने आपको बताया मैं एमसीजी में आपके साथ बल्लेबाजी करने के लिए चलूंगा।' हालांकि यह स्पष्ट नहीं था कि अश्विन का मतलब क्या था। कुछ नेटिजन्स का मानना है कि यह महान ऑफ स्पिनर 2022 टी20 विश्व कप में खचाखच भरे मेलबर्न क्रिकेट मैदान में पाकिस्तान पर जीत में उनकी संक्षिप्त लेकिन अहम सा-झेदारी का जिक्र कर रहे थे। अश्विन पाकिस्तान के खिलाफ भारत के 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम दो गेंदों पर क्रीज पर कोहली के साथ शामिल हुए थे। भारत को मैच के आखिरी तीन ओवरों में 48 रन बनाने थे जिसमें कोहली ने दमदार प्रदर्शन किया। खेल के अंत में दोनों खिलाड़ी नाबाद थे। कोहली ने 82 रन और अश्विन एक रन बनाकर नाबाद रहे। तीसरे टेस्ट के अंत में अपने संन्यास की घोषणा करने के लिए कप्तान रोहित शर्मा के साथ मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में जाने से कुछ समय पहले अश्विन को कोहली के साथ एक भावनात्मक बातचीत में व्यस्त देखा गया। इस दौरान कोहली ने हैरानी व्यक्त की जबकि शीर्ष स्पिनर अश्विन अपनी आंखें पोंछ रहे थे। भारतीय ड्रेसिंग रूम के अंदर हुई बातचीत के अंत में दोनों एक-दूसरे को गले लगाते हुए देखे गए। अश्विन बृहस्पतिवार को चेन्नई पहुंचे और उनके परिवार और दोस्तों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। अपने शानदार करियर के दौरान अश्विन ने 106 टेस्ट मैचों में 37 बार पांच विकेट लेने के साथ कुल 537 विकेट चटकाए और 3,503 रन बनाए।

## आयुषी के चार विकेट, भारत अंडर 19 महिला टी20 एशिया कप फाइनल में



सिंगापुर : भारत ने अंडर 19 महिला टी20 एशिया कप में अपना अपराजेय अभियान जारी रखते हुए श्रीलंका को चार विकेट से हराकर शुक्रवार को फाइनल में प्रवेश कर लिया। आयुषी शुक्ला ने भारत के लिये चार ओवर में दस रन देकर चार विकेट लिये। भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करते हुए श्रीलंकाई टीम को नौ विकेट पर 98 रन पर रोक दिया। पारूणिका सिसोदिया ने दो विकेट लिये। श्रीलंका के लिये सिर्फ सुमुदु निसांसाला (21) और कप्तान मानुदी एन (33) ही दोहरे अंक तक पहुंच सकी। भारत की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज ईश्वरी असवारे तीसरी ही गेंद पर आउट हो गई। लेकिन जी कमलिनी (28) और जी त्रिशा (32) ने टीम को जीत तक पहुंचाया। भारत ने पहले मैच में पाकिस्तान को नौ विकेट से हराया था। इसके बाद बांग्लादेश और श्रीलंका को मात दी जबकि नेपाल के खिलाफ मैच बेनतीजा रहा।

### चैंम्पियंस ट्रॉफी को लेकर गतिरोध खत्म होने से खुश पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर

**कराची :** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों ने राहत जताई है कि आखिरकार चैम्पियंस ट्रॉफी को लेकर भारत के साथ गतिरोध खत्म करने में आईसीसी कामयाब रहा है जिसके तहत भारतीय टीम अपने सारे मैच तटस्थ स्थान पर खेलेगी। बदले में पाकिस्तानी टीम भी 2027 के मौजूदा चक्र में भारत में होने वाले आईसीसी टूर्नामेंटों के अपने सारे मैच तटस्थ स्थान पर खेलेगी। महान बल्लेबाज जावेद मियांदाद ने कहा, 'मुझे लगता है कि पीसीबी ने समझदारी दिखाई है और अलग थलग पड़ने की बजाय समाधान को चुना। इसमें पीसीबी को बीसीसीआई से ज्यादा फायदा हुआ है।' उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान लंबे समय बाद बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। हमने साफ संदेश दे दिया है कि अगर आप हमारे देश में खेलने नहीं आते तो हम भी भारत में खेलने नहीं जायेंगे।' यह व्यवस्था चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 (पाकिस्तान), अगले साल भारत में होने वाले महिला क्रिकेट विश्व कप और भारत और श्रीलंका में 2026 में होने वाले टी20 विश्व कप में लागू रहेगी। भारत ने सुरक्षा कारणों से फरवरी मार्च में पाकिस्तान में होने वाले टूर्नामेंट के लिये जाने से इनकार कर दिया था। भारत ने 2008 में मुंबई आतंकी हमलों के बाद से पाकिस्तान में नहीं खेला है। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम बारी ने कहा, 'मैं तो इतना ही कह सकता हूं कि उनके खिलाड़ियों और प्रशंसकों का यहां आने पर जबर्दस्त इस्तकबाल होता।' पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोईन खान ने कहा, 'पीसीबी को एक और आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी मिलना पाकिस्तान क्रिकेट के लिये अच्छा संकेत है।'

### उत्कृष्टता की ललक अश्विन को खास बनाती है : शास्त्री

मेलबर्न : भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा कि लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन और विरोधी की चिंता किये बिना अपने कौशल में निखार की रविचंद्रन अश्विन की ललक ने उन्हें खास बनाया है। 38 वर्ष के अश्विन ने आस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला के बीच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा लेकर सभी को हैरान कर दिया। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में कहा, 'मुझे जो बात प्रभावित करती है, वह लगातार खुद को निखारने की उसकी ललक। वह यथास्थिति से कभी संतुष्ट नहीं होता।' उन्होंने कहा, 'पिछले दो तीन साल में जिस तरह से उसने गेंदबाजी की है और अपने कौशल को निखारा है , वह अलग नजर आया है।' अपने खेल के विकास की प्रक्रिया में अश्विन ने नयी गेंदों और अपने एक्शन पर लगातार काम किया। शास्त्री ने कहा, 'वह नयी चीजें सीखना चाहता था और उसने इस पर काफी मेहनत की। उसने हमेशा खुद को समय के साथ अपडेट रखा। वह मैच विनर रहा है और 537 टेस्ट विकेट इसके गवाह है। टेस्ट क्रिकेट में 500 से अधिक विकेट लेना खास है।' वेस्टइंडीज के खिलाफ 2011 में पदार्पण करने वाले अश्विन ने कुल 765 विकेट लिये जिनमें 537 टेस्ट विकेट थे। शास्त्री ने कहा, 'पिछले चार पांच साल में अश्विन और रविंद्र जडेजा ने मिलकर बेहतरीन स्पिन जोड़ी बनाई। दोनों एक दूसरे के पूरक रहे। मैं यह कहूंगा कि पिछले पांच छह साल में जडेजा के विकेटों में अश्विन का और अश्विन के विकेटों में जडेजा का बड़ा योगदान रहा।'

### मालदीव के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलेगी भारतीय महिला फुटबॉल टीम

**नयी दिल्ली :** भारतीय महिला फुटबॉल टीम 30 दिसंबर और दो जनवरी को मालदीव के खिलाफ बेंगलुरु में दो फीफा अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह दोनों मैच बेंगलुरु के पादुकोण द्रविड़ खेल उत्कृष्टता केंद्र में खेले जाएंगे। विश्व की सर्वोच्च फुटबॉल संस्था फीफा की 13 दिसंबर को जारी विश्व रैंकिंग में भारतीय टीम 69वें जबकि मालदीव की टीम 163वें स्थान पर है। भारतीय टीम ने अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच अक्टूबर में सैफ महिला चैंपियनशिप में खेला था जिसमें उसे सेमीफाइनल में नेपाल से हार का सामना करना पड़ा था।

### ब्राइसन के दो गोल, एफसी गोवा ने मोहन बागान को 2-1 से हराया



**मडगांव :** एफसी गोवा ने शुक्रवार को यहां इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के मैच में मोहन बागान पर 2-1 की जीत से सात मैच की अजेय लय जारी रखी। गोवा की टीम के लिए ब्राइसन डेयूबेन फर्नांडिज ने दोनों हाफ में 12वें और 68वें मिनट में दो गोल दागे। वहीं लीग में शीर्ष पर चल रही मोहन बागान की टीम के लिए दिमित्रि पेत्रातोस ने 55वें मिनट में पेनल्टी से गोल किया।

### विजय हजारे ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश के कप्तान होंगे रिंकू सिंह

**नयी दिल्ली :** भारत के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह को आगामी विजय हजारे एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। वह पहली बार किसी राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में कप्तानी करेंगे।वह भुवनेश्वर कुमार की जगह लेंगे जिन्होंने हाल में समाप्त हुई सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश की कप्तानी की थी। मेरठ मेवरिक्स ने इस साल के शुरू में रिंकू की कप्तानी में यूपीटी20 लीग का खिताब जीता था। वह अपनी नई भूमिका को लेकर काफी उत्साहित हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार रिंकू ने कहा, '' यूपीटी20 लीग में मेरठ मेवरिक्स की अगुवाई करना मेरे लिए बहुत बड़ा मौका था और मुझे खुशी है कि मैं अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाने में सफल रहा।''

## न्यूज अपडेट

### ज्योशना सबर ने एशियाई रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता

**दोहा :** भारत की ज्योशना सबर ने शुक्रवार को यहां एशियाई युवा भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 40 किग्रा भार वर्ग में कुल वजन वर्ग में नए युवा एशियाई रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। ज्योशना ने लड़कियों के 40 किग्रा वर्ग में 135 किग्रा (60 किग्रा स्नैच + 75 किग्रा क्लीन एवं जर्क) वजन उठाकर पहला स्थान हासिल किया। पायल ने लड़कियों के 45 किग्रा वर्ग में कुल 155 किग्रा (70 स्नैच + 85 क्लीन एवं जर्क) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। पायल नाम की एक भारतीय खिलाड़ी ने लड़कियों के 45 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने कुल 155 (70 स्नैच + 85 क्लीन एवं जर्क) वजन उठाया। लड़कों के 49 किग्रा वजन वर्ग में बाबूलाल हेम्ब्रोम ने कुल 197 (88 स्नैच + 109 क्लीन एवं जर्क) वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। शुक्रवार को चैंपियनशिप का पहला दिन था।

### धीरज और दीपिका बने राष्ट्रीय चैम्पियन

**जमशेदपुर :** धीरज बोम्मादेवरा और दीपिका कुमारी की ओलंपियन जोड़ी ने शुक्रवार को यहां अपने प्रतिद्वंद्वियों की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए तीरंदाजी सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में क्रमश: पुरुष और महिला रिकर्व खिताब हासिल किया। पैट्रोलियन खेल संवर्धन बोर्ड (पीएसपीबी) का प्रतिनिधित्व कर रही दीपिका ने पेरिस ओलंपिक की अपनी साथी अंकिता भकत को महिलाओं के फाइनल में 6-2 से शिकस्त दी। हरियाणा के उभरते हुए तीरंदाज दिव्यांश चौधरी ने भी भारत के अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज धीरज के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन सेना के तीरंदाज ने 6-2 से पुरुष खिताब अपनी झोली में डाला। टीम स्पर्धा में सेना को उलटफेर का सामना करना पड़ा जिसमें दूसरी वरीयता प्राप्त टीम को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। सेना ने राजस्थान को 5-4 (29-28) के अंतर से मात दी। रेलवे ने हरियाणा को 6-2 से हराकर पुरुष टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दीपिका ने पीएसपीबी के लिए दो स्वर्ण पदक जीते। उन्होंने मिश्रित टीम स्पर्धा में अतनु दास के साथ मिलकर पंजाब को 6-2 से हराकर दूसरा स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

### जयपुर पिंक पैंथर्स ने बंगाल वारियर्स को हराकर प्लेऑफ स्थान हासिल किया

**पुणे :** जयपुर पिंक पैंथर्स ने शुक्रवार को यहां बंगाल वारियर्स पर 31-28 की जीत से प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 11वें सत्र के प्लेऑफ में स्थान सुनिश्चित किया। इस जीत से जयपुर क्वालीफाई करने वाली पांचवीं टीम बनी जिससे पुणेरी पल्टन की प्लेऑफ की उम्मीद भी खत्म हो गई। बंगाल वारियर्स ने हाफ टाइम पर 19-9 से बढ़त बनाई हुई थी लेकिन जयपुर की टीम ने दूसरे हाफ में वापसी करते हुए जीत दर्ज की।

### अजीतेश संधू संयुक्त नौवें स्थान पर, एशियाई टूर कार्ड की दौड़ में अकेले भारतीय

**हुआ हिन (थाईलैंड) :** भारतीय गोल्फर अजीतेश संधू की एशियाई टूर कार्ड हासिल करने की मुहिम जारी है, जिन्होंने शुक्रवार को यहां इवन पार 71 का कार्ड खेला जिससे वह चौथे दौर के कट को पार करने वाले एकमात्र भारतीय रहे।एशियाई टूर क्वालीफाइंग स्कूल के अंतिम चरण के पांचवें और अंतिम दौर से शीर्ष 35 और संयुक्त 35 स्थान पर रहने वाले गोल्फर तय होंगे जिन्हें 2025 के लिए टूर कार्ड मिलेगा। संधू ने पिछले सप्ताह भारत में अपने घरेलू टूर में जीत हासिल की थी। उन्होंने 63, 70, 68, 71 के कार्ड खेले हैं जिससे वह 12-अंडर से संयुक्त नौवें स्थान पर हैं। वह पहले दिन संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे।चार दिन के गोल्फ के बाद 73 खिलाड़ियों ने एशियाई टूर क्वालीफाइंग स्कूल के अंतिम दौर के लिए क्वालीफाई किया है। करणदीप कोचर (67-73-69-72) और अर्जुन शर्मा (73-70-70-68) संयुक्त 74वें स्थान से क्वालीफाई करने से चूक गये।

## न्यूज इन ब्रीफ

### यूनेस्को की विश्व धरोहर शिमला-कालका रेलवे लाइन पर विशेष ट्रेन शुरू

**शिमला :** उत्तर रेलवे ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की विश्व धरोहर 'शिमला-कालका नैरो गेज रेलवे लाइन' पर नववर्ष और शीतकालीन सत्र के लिए विशेष ट्रेन सेवा शुरू की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। शिमला रेलवे स्टेशन के स्टेशन अधीक्षक संजय घेरा ने बताया कि छुट्टियों के मौसम में शिमला आने वाले पर्यटकों के लिए ये ट्रेनें 28 फरवरी, 2025 तक चलेंगी। उन्होंने बताया कि पहले दिन 81 यात्री ट्रेन में सवार हुए। ट्रेन की समय सारणी के अनुसार, ट्रेन 52443 (केएलके-एसएमएल) सुबह 8:05 बजे कालका से रवाना होगी और दोपहर एक बजकर 35 मिनट पर शिमला पहुंचेगी। इसी तरह, दूसरी ट्रेन 52444 शिमला से शाम चार बजकर 50 मिनट पर रवाना होगी और रात पौने नौ बजे कालका पहुंचेगी। घेरा ने कहा कि ये विशेष ट्रेन न केवल पर्यटन को बढ़ावा देने में सहायक होंगी, बल्कि रेलवे के लिए राजस्व भी उत्पन्न करेंगी। उन्होंने कहा कि ट्रेन में लगभग 156 यात्री बैठ सकते हैं।

### पिछले दशक में विदेशियों ने कम से कम 5,000 भारतीय बच्चों को गोद लिया: सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने लोकसभा को अवगत कराया है कि पिछले 10 वर्षों में विदेशियों ने कम से कम 5,000 भारतीय बच्चों को गोद लिया है। महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने एक लिखित प्रश्न के उत्तर में कहा कि सरकार को विदेशियों द्वारा गोद लिये गए बच्चों के अनुचित पालन-पोषण और शोषण की कोई शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने आंकड़ों के हवाले से कहा कि पिछले 10 वर्षों में विदेशियों ने 4,963 भारतीय बच्चों को गोद लिये हैं। सबसे अधिक 2,031 भारतीय बच्चे अमेरिका में गोद लिये गए हैं, जबकि 1,029 बच्चों के साथ इटली दूसरे नंबर पर है। स्पेन में 517, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में 252 और माल्टा में 215 भारतीय बच्चे गोद लिये गए हैं।

### सूरत में 8.57 करोड़ रुपये का सोना जब्त, दो लोग हिरासत में

**सूरत :** गुजरात के सूरत में पुलिस ने दो व्यक्तियों से कथित तौर पर 8.57 करोड़ रुपये मूल्य का 14.7 किलोग्राम सोना जब्त किया है और दोनों को जांच के सिलसिले में हिरासत में ले लिया है। 'बी' डिवीजन के सहायक पुलिस आयुक्त पीके पटेल ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर बृहस्पतिवार रात को सिमादा नाका जंक्शन पर हिरेन भट्टी और मंजी धमेलिया से यह बरामदगी की गई। पटेल ने कहा, ''हिरासत में लिए गए लोगों ने अपनी कमीज के अंदर 14.7 किलोग्राम वजन के आठ सोने के टुकड़े छिपा रखे थे। वे सोने से संबंधित दस्तावेज पेश करने में विफल रहे। दोनों को हिरासत में रखा गया है और सोने के स्रोत का पता लगाने के लिए जांच चल रही है।''

### बांग्लादेश में इस साल हिंदुओं, अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के 2,200 मामले सामने आए: सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने शुक्रवार को कहा कि बांग्लादेश में इस साल आठ दिसंबर तक हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के कुल 2,200 मामले सामने आए हैं और भारत को उम्मीद है कि ढाका उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने अल्पसंख्यक और मानवाधिकार संगठनों के आंकड़ों का हवाला देते हुए लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। सिंह ने बताया कि पाकिस्तान में इस साल अक्टूबर तक हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के मामलों की संख्या 112 थी। मंत्री ने कहा कि भारत सरकार ने पाकिस्तान से धार्मिक असहिष्णुता, सांप्रदायिक हिंसा, प्रणालीगत उत्पीड़न और अल्पसंख्यक समुदायों पर हमलों को रोकने के लिए कदम उठाने और उनकी सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा, ''भारत उचित अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की दुर्दशा को उजागर करता रहता है।''

# 'एक देश-एक चुनाव' संबंधी विधेयक संसद की संयुक्त समिति के विचार के लिए भेजे गए



**नयी दिल्ली :** लोकसभा ने देश में संसदीय और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले विधेयक तथा उससे संबंधित एक अन्य विधेयक को शुक्रवार को संसद की संयुक्त समिति के विचार के लिए भेजने की मंजूरी दे दी। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे आरंभ होने के बाद कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले 'संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024' और उससे जुड़े 'संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2024' को संसद की संयुक्त समिति के विचार के लिए भेजे जाने का प्रस्ताव रखा। सदन ने ध्वनिमत से इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इन विधेयकों पर विचार के लिए बनी संयुक्त समिति में लोकसभा से 27 सदस्यों को नामित किया गया है। राज्यसभा के 12 सदस्य भी इस समिति में शामिल होंगे। समिति को आगामी बजट सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा गया है। इस समिति में लोकसभा से जिन 27 सदस्यों को शामिल किया गया उनमें भारतीय जनता पार्टी से पीपी चौधरी, सीएम रमेश, बांसुरी स्वराज, पुरुषोत्तम रुपाला, अनुराग ठाकुर, विष्णु दयाल शर्मा, भर्तृहरि महताब, संबित पात्रा, अनिल बलूनी, विष्णु दत्त शर्मा, बैयजंत पांडा और संजय जायसवाल शामिल हैं। कांग्रेस से प्रियंका गांधी वाद्रा, मनीष तिवारी और सुखदेव भगत को इस समिति का हिस्सा बनाया गया है। समाजवादी पार्टी से धर्मेंद्र यादव और छोटेलाल, तृणमूल कांग्रेस से कल्याण बनर्जी, द्रमुक से टी एम सेल्वागणपति, तेलुगु देसम पार्टी से हरीश बालयोगी, शिवसेना (उबाठा) से अनिल देसाई, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) से सुप्रिया सुले, शिवसेना से श्रीकांत शिंदे, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) से शांभवी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के के. राधाकृष्णन, राष्ट्रीय लोक दल के चंदन चौहान और जन सेना पार्टी के बालाशौरी वल्लभनेनी को इस समिति में शामिल किया गया है। इन विधेयकों को गत 17 दिसंबर को लोकसभा में पेश किया गया था। सदन में मत विभाजन के बाद 'संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024' को पुर:स्थापित किया गया।

### नौसेना के जहाज के चालक के नियंत्रण खोने से नौका हादसा हुआ : पुलिस

**मुंबई :** नौसेना के एक घायल कर्मचारी ने पुलिस को बताया कि मुंबई तट के पास एक नौका से टकराने वाले नौसेना के जहाज के चालक ने इंजन परीक्षण के दौरान जहाज पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण बीच समुद्र में यह घातक दुर्घटना हुई। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दुर्घटना की जांच कर रही पुलिस ने घायल नौसेना कर्मचारी का बयान दर्ज किया। वह तेज गति से आ रही जहाज पर सवार था जो बुधवार दोपहर गेटवे ऑफ इंडिया से लोकप्रिय पर्यटन स्थल एलीफेंटा द्वीप जाते समय 'नीलकमल' नौका से टकरा गई थी। इस टक्कर में नौसेना की स्पीडबोट पर सवार चार लोगों सहित 14 लोगों की मौत हो गयी। नौका 100 से अधिक यात्रियों को ले कर जा रही थी और यह अरब सागर में डूब गई।

## रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता के नए चरण की शुरूआत करने का यह सही समय: राष्ट्रपति मुर्मू



**हैदराबाद :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि अब समय आ गया है कि देश में ही तकनीकी रूप से उन्नत उपकरणों का निर्माण करके रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता का एक नया दौर शुरू किया जाए। उन्होंने यहां रक्षा प्रबंधन महाविद्यालय (सीडीएम) को 'प्रेसिडेंट्स कलर' प्रदान करने के बाद कहा कि केंद्र सरकार ने रक्षा उद्योग की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया, व्यापार में सुगमता और रक्षा औद्योगिक गलियारों के विकास जैसी पहलों के माध्यम से सरकार भारतीय व विदेशी निवेशकों को रक्षा क्षेत्र में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने स्वदेशीकरण पर जोर देते हुए कहा कि घरेलू विनिर्माण के लिए कई रक्षा उत्पादों की पहचान की गई है और उनका आयात नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, अब समय आ गया है कि भारत में ही तकनीकी रूप से उन्नत उपकरणों का निर्माण करके आत्मनिर्भरता का एक नया चरण शुरू किया जाए।

## जगन्नाथ मंदिर में दर्शन के लिए की जाएगी बेहतर व्यवस्था

**भुवनेश्वर :** पुरी के जगन्नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं को देवताओं के दर्शन की बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए व्यवस्था की जा रही है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी ने कहा कि यह निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि श्रद्धालुओं को अक्सर भीड़भाड़ के कारण गर्भगृह में देवताओं के दर्शन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पाधी ने कहा, इस कदम के तहत 'नटमंडप' (नृत्य हॉल) में अलग से अवरोधक लगाए जाएंगे, साथ ही दिव्यांग व्यक्तियों के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि 'नटमंडप' में छह पंक्तियों में लकड़ी के अवरोधक लगाने की योजना बनाई जा रही है। पाधी ने कहा कि इस कार्य के लिए 'ओडिशा ब्रिज एंड कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड' को नियुक्त किया गया है और उसने वर्ष के अंत तक इस कार्य को पूरा करने का आश्वासन दिया है। नई व्यवस्था संभवतः एक जनवरी 2025 से लागू होगी। उन्होंने कहा कि इस कार्य से मंदिर में दैनिक अनुष्ठान और 'रत्न भंडार' (कोष कक्ष) के मरम्मत कार्य पर कोई असर नहीं पड़ेगा। पाधी ने यह भी कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने रत्न भंडार का जीर्णोद्धार कार्य तीन महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

## गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराने के लिए देश में 14,000 से अधिक पीएमबीजेके केंद्र : नड्डा



**नयी दिल्ली :** सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा को बताया कि किफायती दामों पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराने के लिए 21 अक्टूबर तक देश में 14 हजार से अधिक प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र (पीएमबीजेके) खोले जा चुके हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के तहत 2,047 प्रकार की दवाइयां और 300 सर्जिकल उपकरण इसके दायरे में लाये गए हैं, जिनमें हृदय संबंधी, कैंसर रोधी, मधुमेह रोधी दवाएं शामिल हैं। सरकार ने किफायती दामों पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए पीएमबीजेके के नाम से समर्पित आउटलेट स्थापित करने के लिए पीएमबीजेपी योजना शुरू की थी। नड्डा ने देश में कैंसर, मधुमेह, दिल संबंधी बीमारियों और हृदयाघात की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत की गई प्रगति पर कहा कि स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में विभिन्न स्तरों पर गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) का निदान और उपचार किया जाता है। सरकारी अस्पतालों में गरीबों और जरूरतमंदों के लिए उपचार या तो मुफ्त है या अत्यधिक सब्सिडी वाला है। प्रमुख गैर-संचारी रोगों का उपचार आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत भी उपलब्ध है। यह योजना 12.37 करोड़ परिवारों के लगभग 55 करोड़ लाभार्थियों को माध्यमिक और तृतीयक देखभाल अस्पताल में भर्ती होने के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर प्रदान करती है।

## न्यूज अपडेट

### गुजरात 'पोंजी' घोटाला: मुख्य आरोपी ने निवेशकों से 360 करोड़ रुपये लिए

**अहमदाबाद :** गुजरात पुलिस की 'पोंजी' घोटाले की जांच में खुलासा हुआ है कि लोगों ने फरार मुख्य आरोपी भूपेंद्र सिंह जाला के चार बैंक खातों में चार साल में 360 करोड़ रुपये निवेश किए थे, जिनमें से उसने 100 करोड़ रुपये का इस्तेमाल 17 संपत्तियां खरीदीं। सीआईडी अपराध के पुलिस अधीक्षक हिमांशु वर्मा ने शुक्रवार को बताया कि फरार चल रहे जाला के खिलाफ जांच के तहत 100 करोड़ रुपये की संपत्ति, एक पोर्श सहित नौ करोड़ रुपये मूल्य की पांच कारें जब्त की गई हैं। वर्मा ने कहा, बीजेड फाइनेंशियल सर्विस सहित जाला की चार संस्थाओं से जुड़े चार बैंक खातों में 2020 और 2024 के बीच 360.72 करोड़ रुपये आए। उसने 17 संपत्तियां खरीदने के लिए 100 करोड़ रुपये खर्च किए। बीजेड फाइनेंशियल सर्विसेज की एक शाखा में निवेशकों ने लगभग 52 करोड़ रुपये नकद भुगतान किया था, जिसे बाद में जाला ने हवाला माध्यमों का उपयोग करके कहीं और भेज दिया। उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि जाला के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है। उसके और उसके सहयोगियों के खिलाफ तीन मामले दर्ज किए गए हैं।

### असम पुलिस ने दो बांग्लादेशी घुसपैठियों को वापस खदेड़ा: मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी :** असम पुलिस ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे दो बांग्लादेशियों को वापस खदेड़ दिया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह जानकारी दी। हालांकि, शर्मा ने यह नहीं बताया कि दोनों बांग्लादेशियों ने भारत में प्रवेश करने का प्रयास किस जिले से किया था। शर्मा ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास एक सराहनीय अभियान में असम पुलिस ने अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के रूप में पहचाने गए दो व्यक्तियों को सफलतापूर्वक पकड़ लिया। दोनों घुसपैठियों की पहचान ब्यूटी बेगम और जैस्मीन खातून के रूप में हुई है।

### नौका दुर्घटना के बाद लापता हुए सात साल के लड़के की तलाश जारी

**मुंबई :** मुंबई के तट पर नौसैनिक पोत द्वारा पर्यटक नौका को टक्कर मारने के बाद लापता हुए सात साल के लड़के की तलाश के लिए अभियान शुक्रवार को भी जारी है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मंगलवार शाम 43 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने के बाद, 18 दिसंबर को हुई इस घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई। नौसेना ने हार्बर इलाके में हुई घटना की जांच शुरू कर दी है। अधिकारी ने कहा कि खोज और बचाव अभियान के तहत लापता यात्रियों की तलाश के लिए नौसेना के एक हेलीकॉप्टर व नौकाओं के अलावा तटरक्षकों को भी तैनात किया गया है।

### फर्जी आयुष्मान भारत कार्ड मामले में ईडी ने अगस्त में अस्पतालों में तलाशी ली, 88 लाख रुपये जब्त

**नयी दिल्ली :** फर्जी आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) कार्ड बनाने के आरोप में अगस्त में कुछ अस्पतालों में की गई तलाशी में करीब 88 लाख रुपये नकद और कई आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण जब्त किए गए। शुक्रवार को लोकसभा को यह जानकारी दी गई। स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने एक सवाल के लिखित जवाब में कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अगस्त में फर्जी आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) कार्ड बनाने के आरोप से संबंधित एक मामले में 20 स्थानों पर तलाशी ली। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर तलाशी ली गई, उनमें सात अस्पताल और उनके प्रबंधन से जुड़े प्रमुख व्यक्ति शामिल थे। जाधव ने कहा, ''तलाशी अभियान में करीब 88 लाख रुपये नकद और कई आपत्तिजनक दस्तावेज तथा डिजिटल उपकरण जब्त किए गए।'' धन शोधन के अपराध के साक्ष्य एकत्र करने के लिए दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब और हिमाचल प्रदेश में श्री बांके बिहारी अस्पताल, फोर्टिस अस्पताल हिमाचल हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड, सिटी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, श्री बालाजी अस्पताल, श्री हरिहर अस्पताल, सूद नर्सिंग होम, नीलकंठ अस्पताल में तलाशी ली गई।

## डल्लेवाल से बातचीत करे सरकार, किसानों की मांगें पूरी करे: राहुल



**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत को लेकर चिंता जताते हुए शुक्रवार को कहा कि सरकार को बातचीत करके उनका अनशन खत्म कराना चाहिए तथा किसानों की मांग मान लेनी चाहिए। केंद्र पर फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित आंदोलनकारी किसानों की मांगों को स्वीकार करने का दबाव बनाने के उद्देश्य से डल्लेवाल 26 नवंबर से खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन पर हैं। उच्चतम न्यायालय ने डल्लेवाल के अस्पताल में भर्ती होने का फैसला शुक्रवार को पंजाब सरकार के अधिकारियों और चिकित्सकों पर छोड़ दिया। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''एमएसपी की गारंटी और कर्ज़ माफ़ी समेत अन्य मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल जी की तबीयत बिगड़ना चिंताजनक है। सरकार को बातचीत करके अनशन ख़त्म करवाना चाहिए।'' उनका कहना है, ''जायज मांगों के लिए किसानों को बार-बार अनशन और प्रदर्शन के लिए मजबूर करना दुर्भाग्यपूर्ण है। 700 से ज़्यादा किसानों की शहादत के बाद भी सरकार निर्दयी बनी हुई है। एमएसपी सहित अधिकांश मांगों को तो अब कृषि संबंधी संसद की स्थायी समिति ने भी स्वीकारा है, जिसमें सभी दलों के नेता हैं।'' राहुल गांधी ने कहा, ''मैंने पहले भी कहा है और फिर दोहरा रहा हूं कि जैसे मोदी सरकार कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए मजबूर हुई, वैसे ही उसे इन मांगों को मानने के लिए मजबूर किया जाएगा।''

## आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोप साबित करना आवश्यक: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में यह साबित किया जाना आवश्यक है कि आरोपी ने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी को ऐसा करने के लिए उकसाया था। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि आत्महत्या के लिए उकसाने से संबंधित भारतीय दंड संहिता की धारा 306 को किसी मामले में कायम रखने के लिए यह साबित होना आवश्यक है कि आरोपी के उकसाने की वजह से किसी ने आत्महत्या की। अदालत ने 25 वर्षीय महिला को आत्महत्या के लिए कथित तौर पर उकसाने के मामले में उसके पति और ससुराल के सदस्यों को बरी करते हुए यह टिप्पणी की। न्यायालय ने कहा कि उकसावे और आत्महत्या के बीच काफी निकट संबंध होना चाहिए। न्यायालय ने कहा, अभियुक्त की मंशा साबित किए बिना उक्त धारा के तहत आरोप कायम नहीं रखा जा सकता। शीर्ष अदालत ने महिला के पति, ससुर और देवर द्वारा दायर एक अपील पर अपना फैसला सुनाया, जिसमें बंबई उच्च न्यायालय के अक्टूबर 2022 के फैसले को चुनौती दी गई थी। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड सहिंता (आईपीसी) की धारा 306 और धारा 34 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

## संसद परिसर में 'धक्का-मुक्की' के आरोप में राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज मामला अपराध शाखा को सौंपा गया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने संसद परिसर में 'धक्का-मुक्की' के आरोप में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज मामले को शुक्रवार को अपराध शाखा को सौंप दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा, ''अब इस मामले की जांच अपराध शाखा करेगी।'' बृहस्पतिवार को दिल्ली पुलिस ने संसद परिसर में हुई ''धक्का-मुक्की'' के सिलसिले में राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। संविधान निर्माता बी आर आंबेडकर के कथित अपमान को लेकर बृहस्पतिवार को संसद भवन के 'मकर द्वार' के निकट सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्य एक दूसरे के सामने आ गए और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान विपक्ष और राजग सांसदों के बीच हुई धक्का-मुक्की में सांसद प्रतापचंद्र सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हो गए। भाजपा ने राहुल गांधी के खिलाफ पुलिस को एक शिकायत देकर उन पर संसद परिसर में ''धक्का-मुक्की'' के दौरान ''शारीरिक हमला और उकसावे'' में शामिल होने का आरोप लगाया है। राहुल गांधी के खिलाफ संसद मार्ग थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 117 (स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाना), 115 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 125 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने का कार्य), 131 (आपराधिक बल प्रयोग), 351 (आपराधिक धमकी) और 3(5) (सामान्य इरादा) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## नौका पर सवार माता-पिता अपने बच्चों को समुद्र में फेंकने की योजना बना रहे थे : सीआईएसएफ जवान

**नयी दिल्ली :** मुंबई के तट पर एक पर्यटक नौका के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के बाद उसमें सवार घबराए माता-पिता अपने बच्चों को समुद्र में फेंकने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के समुद्री कमांडो की एक टीम ने उन्हें यह आश्वासन देकर रोक लिया कि सभी को बचा लिया जाएगा। सीआईएसएफ कांस्टेबल अमोल सावंत (36) और उनके दो सहकर्मी 18 दिसंबर की दुर्घटना के बाद सबसे पहले वहां पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। बुधवार की दोपहर मुंबई में 'गेटवे ऑफ इंडिया' से एलीफेंटा द्वीप की ओर जा रही एक नौसेना की नौका के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 14 लोगों की मौत हो गई। सावंत ने यहां 'पीटीआई-भाषा' को बताया, हम तट से कुछ दूरी पर नियमित गश्त पर थे, तभी हमारे 'वॉकी-टॉकी' पर यह सूचना आई कि एक यात्री नौका डूब रही है। मैंने नौका चालक से तेजी से नौका चलाने को कहा और हम कुछ ही समय में 3-4 किलोमीटर दूर घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने कहा कि वह दुर्घटना स्थल को देखकर आश्चर्यचकित थे, लेकिन एक प्रशिक्षित सैनिक होने के नाते, मैं समझ गया था कि क्या करना है और कैसे करना है। नवी मुंबई स्थित 'जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (जेएनपीटी)' की सुरक्षा करने वाली सीआईएसएफ इकाई में तैनात जवान ने कहा, हमने देखा कि लोग अपने बच्चों को समुद्र के पानी में फेंकने के लिए तैयार थे, यह सोचकर कि वे डूबते जहाज से बच जाएंगे। मैंने उनसे कहा कि वे घबराएं नहीं और ऐसा प्रयास न करें। हमने जल्द ही स्थिति को संभाल लिया। सावंत ने कहा कि शुरू में जब वे घटनास्थल पर पहुंचे तो वे भी आश्चर्यचकित हो गए थे, लेकिन जब मैंने देखा कि बच्चे डूबती हुई नौका के अवशेषों से खतरनाक तरीके से लटके हुए हैं और उनके असहाय माता-पिता भी, तो मैंने और मेरे साथियों ने बच्चों को पकड़ लिया और उन्हें अपनी नाव में ले आए। जवान ने बताया कि उन्होंने पहले प्रयास में 6-7 बच्चों को बचाया, उसके बाद महिलाओं और पुरुषों को भी बचाया। सावंत ने बताया, हमारी ओर कई हाथ उठे, कुछ चिल्ला रहे थे, कुछ बस उन्हें बचाने की गुहार लगा रहे थे।

## ईवीएम सत्यापन के अनुरोध वाली याचिका पर न्यायालय की दूसरी पीठ सुनवाई करेगी : प्रधान न्यायाधीश

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के सत्यापन के लिए नीति बनाने के अनुरोध वाली याचिका पर अब न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की अध्यक्षता वाली पीठ अगले साल जनवरी में सुनवाई करेगी। भारत के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं पांच बार के विधायक करण सिंह दलाल और लखन कुमार सिंगला की ताजा याचिका पर न्यायमूर्ति दत्ता की अध्यक्षता वाली पीठ 20 जनवरी 2025 से शुरू होने वाले सप्ताह में सुनवाई करेगी। अप्रैल की शुरुआत में न्यायमूर्ति खन्ना और न्यायमूर्ति दत्ता की पीठ ने मतपत्रों का इस्तेमाल फिर से शुरू करने का अनुरोध खारिज कर दिया था। शुक्रवार को सुनवाई शुरू होने पर निर्वाचन आयोग की से पेश वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह ने याचिका को खारिज करने का अनुरोध करते हुए कहा कि समान राहत के आग्रह वाली इसी तरह की याचिकाएं पहले ठुकरा दी गई थीं। इस प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अब न्यायमूर्ति दत्ता की अध्यक्षता वाली पीठ मामले पर सुनवाई करेगी। इससे पहले, 13 दिसंबर को न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने यह कहते हुए याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया था कि इस पर उस पीठ को विचार करना चाहिए, जिसने इसी तरह की पिछली अर्जियों पर सुनवाई की थी। इसके बाद याचिका को प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया गया था। शीर्ष अदालत ने 26 अप्रैल के अपने फैसले में ईवीएम के साथ छेड़छाड़ के संदेह को ''बेबुनियाद'' करार दिया था। उसने कहा था कि मतदान उपकरण ''सुरक्षित'' हैं और इन्होंने ''बूथ कैप्चरिंग'' व फर्जी मतदान की आशंका समाप्त कर दी है।

## चीन के साथ एसआर वार्ता में बनी सहमति को आगे बढ़ाने की दिशा में काम करेंगे: भारत



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल की चीन के विदेश मंत्री वांग यी से बातचीत के कुछ दिन बाद भारत ने शुक्रवार को कहा कि वह दोनों पक्षों के बीच बनी सहमति को आगे बढ़ाने के लिए चीन के साथ काम करेगा। भारत और चीन के बीच सीमा के मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधि (एसआर) डोभाल और वांग ने पांच साल के अंतराल के बाद एसआर संवाद तंत्र के तहत बुधवार को बीजिंग में व्यापक वार्ता की थी। यह वार्ता भारत और चीन द्वारा पूर्वी लद्दाख में टकराव के दो अंतिम बिंदुओं डेमचोक और देपसांग में सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के कुछ सप्ताह बाद हुई है। इस वापसी से क्षेत्र में चार साल से अधिक समय से चल रहा सीमा गतिरोध प्रभावी रूप से समाप्त हो गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ''दोनों पक्षों ने 2005 में हुई सहमति के तहत राजनीतिक मापदंडों और मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार सीमा के प्रश्न के समाधान के लिए एक निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य रूपरेखा का पता लगाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है।'' वह अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में एसआर वार्ता के प्रश्न पर जवाब दे रहे थे। जायसवाल ने कहा, ''सीमा के प्रश्न के समाधान की रूपरेखा पर चर्चा के अलावा, विशेष प्रतिनिधियों ने इस दौर की बैठक में शांतिपूर्ण सीमा प्रबंधन के मुद्दों की व्यापक समीक्षा की।'' एक भारतीय बयान में कहा गया है कि वार्ता में डोभाल और वांग ने कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने, सीमा पार की नदियों और सीमा व्यापार पर डेटा साझा करने सहित सीमा पार सहयोग और आदान-प्रदान के लिए सकारात्मक दिशा-निर्देश दिए। जायसवाल ने कहा, ''इसका अर्थ यह है कि चर्चा सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ी है और इसके बाद सीमा पार आदान-प्रदान को आगे बढ़ाने के लिए जो भी आवश्यक होगा, वह किया जाएगा।'' दोनों पक्षों के बीच पूर्ण व्यापार संबंधों की बहाली की संभावना पर जायसवाल ने कहा कि अक्टूबर से दोनों पक्षों के बीच कई बैठकें हुई हैं, जिनमें उच्चतम स्तर पर हुई बैठकें भी शामिल हैं, 'जहां इस बात पर सहमति बनी है कि हम बारी-बारी से कार्रवाई करेंगे।'

### भारत ने बांग्लादेश सरकार के सलाहकार की टिप्पणियों को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया

**नयी दिल्ली :** भारत ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के एक सलाहकार द्वारा की गई उस सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर ढाका के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है, जिसमें दावा किया गया था कि भारतीय क्षेत्र के कुछ इलाकों को उनके देश (बांग्लादेश) का हिस्सा होना चाहिए। भड़काऊ टिप्पणियां करने के लिए चर्चित महफूज आलम ने चार दिन पहले फेसबुक पर एक नक्शा भी पोस्ट किया था, जिसमें पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और असम के कुछ क्षेत्रों को बांग्लादेश के हिस्से के रूप में दिखाया गया था। जब इस पोस्ट पर तीखी प्रतिक्रिया हुई, तो उन्होंने इसे हटा दिया था। आलम बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार में मंत्री हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### सोना 170 रुपये टूटा, चांदी 1,850 रुपये लुढ़की

**नयी दिल्ली :** आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की बिकवाली के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और यह 170 रुपये गिरकर 78,130 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार को 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही थी। औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं की कमजोर उठान के कारण चांदी की कीमत 1,850 रुपये लुढ़ककर 88,150 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले सत्र में चांदी 90,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 170 रुपये गिरकर 77,730 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई, जबकि पिछला बंद भाव 77,900 रुपये प्रति 10 ग्राम था।

### रुपया निचले स्तर से उबरा, नौ पैसे चढ़कर 85.04 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई :** अमेरिकी डॉलर सूचकांक में नरमी और भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप के कारण शुक्रवार को रुपया अपने सर्वकालिक निम्नतम स्तर से उबरकर नौ पैसे की मजबूती के साथ 85.04 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि डॉलर की पर्याप्त मांग के कारण रुपया कमज़ोर रहने की संभावना है। अगले साल फेडरल रिजर्व की तरफ से ब्याज दरों में कटौती की संभावना कम होने के बीच डॉलर इंडेक्स के ऊंचे स्तर पर बने रहने की उम्मीद है। फेडरल रिजर्व ने बुधवार को ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की थी लेकिन वर्ष 2025 के लिए उसने ब्याज दर में चार की जगह दो कटौतियों के ही संकेत दिए।

### विदेशी मुद्रा भंडार 1.98 अरब डॉलर घटकर 652.86 अरब डॉलर पर आया

**मुंबई :** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 13 दिसंबर को समाप्त हुए सप्ताह में 1.98 अरब डॉलर घटकर 652.87 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.23 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 654.85 अरब डॉलर रहा था।

# बाजार में लगातार पांचवें दिन गिरावट, सेंसेक्स 1,176 अंक टूटा

**मुंबई :** वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला लगातार पांचवें दिन शुक्रवार को भी जारी रहा और भारी बिकवाली के असर में दोनों मानक सूचकांक करीब 1.5 प्रतिशत तक टूट गए। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख के बाद वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की चाह के चलते कारोबारी धारणा कमजोर बनी हुई है। चौतरफा बिकवाली के बीच बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 1,176.46 अंक यानी 1.49 प्रतिशत गिरकर 78,041.59 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,343.46 अंक फिसलकर 77,874.59 पर आ गया था। इसी तरह एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी 364.20 अंक यानी 1.52 प्रतिशत गिरकर 23,587.50 पर बंद हुआ। बीएसई पर सूचीबद्ध 2,950 शेयरों में गिरावट आई जबकि 1,045 शेयर तेजी के साथ बंद हुए और 90 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। बाजार में गिरावट के इन पांच दिनों में



निवेशकों को 18.43 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। इस दौरान बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 18,43,121.27 करोड़ रुपये घटकर 4,40,99,217.32 करोड़ रुपये रह गया। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के उम्मीद से कम दर कटौती ने वैश्विक बाजार की धारणा को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया है। इसके चलते घरेलू बाजार खासतौर से प्रभावित हो रहे हैं, जो पहले ही उच्च मूल्यांकन और कम आय वृद्धि से जूझ रहे थे। पिछले पांच दिनों में बीएसई सेंसेक्स 4,091.53 अंक यानी 4.98 प्रतिशत और निफ्टी 1,180.8 अंक या 4.76 प्रतिशत टूट गया है। सेंसेक्स की प्रमुख कंपनियों में से टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टुब्रो, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अल्ट्राटेक सीमेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। दूसरी तरफ, जेएसडब्ल्यू स्टील, नेस्ले और टाइटन के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हेंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, 'कारोबार में अस्थिर शुरुआत के बाद निफ्टी पूरे दिन लगातार कमजोर होता गया।' व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक में 2.43 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक में 2.11 प्रतिशत की गिरावट आई। क्षेत्रवार सूचकांकों में चौतरफा गिरावट रही। रियल्टी खंड में 4.07 प्रतिशत, बिजली में 3.55 प्रतिशत, पूंजीगत सामान में 3.02 प्रतिशत, औद्योगिक वस्तुओं में 2.67 प्रतिशत, बीएसई आईटी में 2.61 प्रतिशत, आईटी में 2.51 प्रतिशत, उपभोक्ता विवेकाधीन वस्तुओं में 2.32 प्रतिशत और सेवाओं में 2.29 प्रतिशत की गिरावट आई।

### भारत ने कुछ इस्पात फ्लैट उत्पादों के आयात में सुरक्षा जांच शुरू की

**नयी दिल्ली :** भारतीय इस्पात संघ की शिकायत के बाद भारत ने देश में कुछ इस्पात फ्लैट उत्पादों के आयात में कथित वृद्धि की जांच शुरू की है। एक सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है। वाणिज्य मंत्रालय के तहत व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने फैब्रिकेशन, पाइप बनाने, निर्माण, पूंजीगत सामान, ऑटो, ट्रैक्टर, साइकिल और इलेक्ट्रिकल पैनल सहित विभिन्न उद्योगों में उपयोग किए जाने वाले 'गैर-मिश्र धातु और मिश्र धातु इस्पात फ्लैट उत्पादों' के आयात की जांच शुरू की है। डीजीटीआर की अधिसूचना के अनुसार, भारतीय इस्पात संघ ने अपने सदस्यों - आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया, एएमएनएस खोपोली, जेएसडब्ल्यू स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील कोटेड प्रोडक्ट्स, भूषण पावर एंड स्टील, जिंदल स्टील एंड पावर, भारतीय इस्पात प्राधिकार - की ओर से सीमा शुल्क शुल्क अधिनियम, 1975 के तहत एक आवेदन दायर किया है। उन्होंने भारत में इन उत्पादों के आयात पर सुरक्षा शुल्क लगाने की मांग की है। आवेदक ने आरोप लगाया है कि आयात की मात्रा में 'हाल ही में, अचानक, तीव्र और महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है।'

# बिहार को लेकर निवेशकों ने जताया भरोसा, रिकॉर्ड 1.81 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले

## अदाणी समूह विभिन्न परियोजनाओं पर 28,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा

**पटना :** बिहार को लेकर बदलते नजरिये के बीच निवेशकों ने अपना पूरा भरोसा जताया है। अदाणी समूह, सन पेट्रोकेमिकल्स और कई अन्य कंपनियों ने शुक्रवार को बिहार में अक्षय ऊर्जा से लेकर सीमेंट, खाद्य प्रसंस्करण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में रिकॉर्ड 1.81 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई। राज्य ने अपने दूसरे निवेशक सम्मेलन 'बिहार बिजनेस कनेक्ट, 2024' में 423 कंपनियों के साथ निवेश प्रतिबद्धताओं पर हस्ताक्षर किए। बिहार के उद्योग और पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि 2023 में हुए पहले निवेशक सम्मेलन में 50,300 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले थे। मिश्रा ने कहा, "हमने आज 1.8 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से संबंधित समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस संख्या का मिलान किया जा रहा और यह आंकड़ा बढ़ सकता है।" इस सम्मेलन में निवेश का सबसे बड़ा ऐलान सन पेट्रोकेमिकल्स ने किया। कंपनी पंप हाइड्रो और सौर संयंत्र सहित नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में 36,700 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। राज्य में सबसे बड़े निजी निवेशक अदाणी समूह ने भी अत्याधुनिक बिजलीघर लगाने के साथ-साथ सीमेंट उत्पादन क्षमता, खाद्य प्रसंस्करण और लॉजिस्टिक कारोबार के विस्तार में लगभग 28,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता जतायी है। इसके



अलावा, सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी की नवीकरणीय ऊर्जा इकाई एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी ने स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं में 10,000 करोड़ रुपये का निवेश करने का प्रस्ताव दिया है। एसजेवीएन भी ने पंप स्टोरेज परियोजना के लिए इतनी ही राशि का निवेश करने की प्रतिबद्धता जतायी है। वहीं निर्माण और इंजीनियरिंग प्रमुख अशोका बिल्डकॉन ने राज्य में एक हरित हाइड्रोजन इकाई स्थापित करने में 9,000 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया है। देश की सबसे बड़ी जलविद्युत उत्पादक कंपनी एनएचपीसी ने 1,000 मेगावाट की सौर परियोजना स्थापित करने को लेकर 5,500 करोड़ रुपये का निवेश करने का प्रस्ताव किया है, जबकि एसएलएमजी बेवरेजेज (कोका-कोला के लिए बोतल बनाने वाली कंपनी) ने 3,000 करोड़ रुपये, श्री सीमेंट्स ने 800 करोड़ रुपये और हल्दीराम स्नैक्स प्राइवेट लि. ने 300 करोड़ रुपये निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। टाटा समूह ने हालांकि किसी निवेश प्रतिबद्धता पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, लेकिन उसने राज्य में कार्यबल को हुनरमंद बनाने की प्रतिबद्धता जतायी।

## न्यूज अपडेट

### एफएसआई शुल्क पर जीएसटी लगाने से मकान महंगे हो जाएंगे: क्रेडाई

**नयी दिल्ली :** रियल एस्टेट कंपनियों के शीर्ष संगठन क्रेडाई ने सरकार से आग्रह किया है कि वह अतिरिक्त एफएसआई हासिल करने के लिए विकास प्राधिकरणों को दिए जाने वाले शुल्क पर 18 प्रतिशत जीएसटी न लगाए क्योंकि इससे घरों की मांग प्रभावित होगी। एफएसआई किसी भूखंड पर स्वीकृत अधिकतम निर्माण क्षेत्र और भूखंड क्षेत्र का अनुपात होता है। किसी भी भूखंड पर मूल एफएसआई सीमा से अधिक भूमि खरीदने के लिए डेवलपर को स्थानीय नगर निगम या विकास प्राधिकरण को एफएसआई शुल्क का भुगतान करना होता है। संगठन का कहना है कि एफएसआई शुल्क पर जीएसटी लगाने की स्थिति में मकानों की कीमतें 10 प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं, जिससे घर खरीदने की योजना बना रहे लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा और मांग घटेगी। 'कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया' (क्रेडाई) ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लिखे एक पत्र में कहा है कि यह कदम मकान बनाने की लागत बढ़ा देगा जिससे सस्ते मकानों की परियोजनाएं भी महंगी हो जाएंगी। इसका असर मध्यमवर्गीय लोगों पर पड़ेगा, जिनके लिए घर खरीदना पहले से ही चुनौती है। क्रेडाई के मुताबिक, अगर सरकार पुरानी तारीख से यह नियम लागू करती है, तो डेवलपर्स पर भारी वित्तीय बोझ पड़ेगा। इससे कई परियोजनाएं बीच में ही रुक सकती हैं, और जो घर खरीदार पहले ही निवेश कर चुके हैं, उनकी बचत पर भी असर पड़ेगा। संगठन ने कहा, निर्माण की लागत पहले से ही कच्चे माल पर महंगाई से बढ़ रही है। अगर एफएसआई शुल्क पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाया गया, तो यह सस्ते मकानों की परियोजनाओं को और महंगा बना देगा।

### धारावी पुनर्विकास योजना:अदालत ने अदाणी समूह को निविदा दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका खारिज की

**मुंबई :** बंबई उच्च न्यायालय ने मुंबई में धारावी झुग्गी बस्ती पुनर्विकास परियोजना को अदाणी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को दिए जाने के फैसले के खिलाफ दायर याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डी. के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की खंडपीठ ने कहा कि राज्य सरकार के निविदा अदाणी समूह को देने का निर्णय मनमानी भरा नहीं है, इसमें कुछ भी अनुचित या विकृत नहीं है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) स्थित सेकलिंक टेक्नॉलॉजी कॉर्पोरेशन ने यह याचिका दायर की थी जिसमें अदाणी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को परियोजना देने के राज्य सरकार के फैसले को चुनौती दी गई थी।

### आरबीआई ने इंडसइंड बैंक पर 27.30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने जमाराशि पर ब्याज दर से संबंधित मानदंडों के कुछ प्रावधानों का पालन न करने पर इंडसइंड बैंक पर 27.30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आरबीआई ने 31 मार्च, 2023 तक बैंक की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में पर्यवेक्षी मूल्यांकन के लिए एक वैधानिक निरीक्षण के बाद बैंक को एक नोटिस जारी किया था। इंडसइंड बैंक के जवाब एवं अतिरिक्त प्रस्तुतियों पर गौर करने के बाद आरबीआई ने पाया कि अपात्र संस्थाओं के नाम पर कुछ बचत खाते खोलने से संबंधित आरोप सही साबित हुए हैं, जिसके लिए मौद्रिक जुर्माना लगाया जाना जरूरी है।

### राज्यों ने सीतारमण से 50 वर्षीय ब्याज-मुक्त ऋण योजना में अधिक राशि देने की मांग की

**जैसलमेर :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बजट-पूर्व बैठक में शुक्रवार को राज्यों के वित्त मंत्रियों ने 50 साल की ब्याज-मुक्त ऋण योजना के तहत अधिक राशि देने की मांग रखी। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि पंजाब और केरल जैसे वित्तीय रूप से तनावग्रस्त राज्यों ने विशेष पैकेज और उधारी में लचीलेपन की मांग भी की।




वर्ष 9, पूर्णांक 4095 अंक 245, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in